संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज    समूह संपादक : रवि भारद्वाज    ऊना, रविवार, 02 जून 2024 ₹ 2    www.actionindialive.com    facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

वर्षः 13 अंकः 151 पृष्ठः 12    RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com    हिमाचल संस्करण    दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



इंडी गठबंधन की बैठक के बाद राहुल गांधी, शरद पवार, सीताराम येचुरी विक्ट्री साईन दिखाते हुए।

# एग्जिट पोल: फिर बनेगी मोदी सरकार



● जनता ने ट्रैक रिकॉर्ड देखा है और वंचितों के जीवन में गुणात्मक बदलाव लाया

● एग्जिट पोल में एनडीए की लहर, इंडिया गठबंधन की हालत खराब, विपक्ष ने नकारा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: लोकसभा चुनाव 2024 के सातों** चरण की वोटिंग खत्म हो गई है। अब 4 जून को नतीजे आएंगे, लेकिन उससे पहले तमाम न्यूज चैनलों और एजेंसियों के एग्जिट पोल्स सामने हैं। एनडीटीवी न्यूज चैनल के एग्जिट पोल में कहा गया है कि शनिवार को संपन्न हुए आम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले गठबंधन को बहुमत मिलने का अनुमान है। जबकि दो एग्जिट पोल में अनुमान लगाया गया है कि सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) संसद के 543 सदस्यीय निचले सदन में 350 से अधिक सीटें जीत सकता है, जहां साधारण बहुमत के लिए 272 की आवश्यकता होती है। 2019 के चुनाव में एनडीए ने 353 सीटें जीती थीं। राहुल गांधी की कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व वाले विपक्षी 'इंडी' गठबंधन को 120 से अधिक सीटें जीतने का अनुमान लगाया गया है। वहीं, राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भारत में अब तक एग्जिट पोल का रिकॉर्ड खराब रहा है, क्योंकि वे अक्सर चुनाव के नतीजे गलत बताते हैं। विश्लेषकों का कहना है कि बड़े और विविधतापूर्ण देश में उन्हें सही बताना एक चुनौती है। हालांकि, विपक्ष ने एग्जिट पोल को खारिज कर दिया है और उसके जारी होने से पहले "पूर्वनिर्धारित" कहा था। 19 अप्रैल से शुरू हुए सात चरणों के चुनाव में लगभग एक अरब लोग मतदान करने के पात्र थे और कई हिस्सों में भीषण गर्मी में चुनाव हुए। चुनाव आयोग 4 जून को वोटों की गिनती करेगा और उसी दिन नतीजे आने की उम्मीद है। 73 वर्षीय मोदी की जीत उन्हें स्वतंत्रता नेता जवाहरलाल नेहरू के बाद लगातार तीन बार जीतने वाले दूसरे प्रधानमंत्री बना देगी। मोदी ने पिछले 10 वर्षों में अपनी उपलब्धियों पर ध्यान केंद्रित करके अपने फिर से चुनाव अभियान की शुरूआत की, लेकिन जल्द ही उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधना शुरू कर दिया।

## फिर बन रही एनडीए की सरकार: पीएम मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव के सातवे चरण की मतदान समाप्त हुआ। वहीं, विभिन्न एजेंसियां एग्जिट पोल के नतीजे सामने लेकर आईं। सभी एग्जिट पोल में एनडीए को पूर्ण बहुमत की सरकार बनती दिख रही है। एग्जिट पोल के नतीजें के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी प्रतिक्रिया साझा की है।

**फिर बन रही एनडीए की सरकार: पीएम मोदी**

पीएम मोदी ने कहा, मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि भारत के लोगों ने एनडीए सरकार को दोबारा चुनने के लिए रिकॉर्ड संख्या में मतदान किया है। उन्होंने हमारा ट्रैक रिकॉर्ड देखा है और जिस तरह से हमारे काम ने गरीबों, हाशिए पर मौजूद और वंचितों के जीवन में गुणात्मक बदलाव लाया है। साथ ही, उन्होंने देखा है कि कैसे भारत में सुधारों ने भारत को पांचवीं



सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनने के लिए प्रेरित किया है। हमारी हर योजना बिना किसी पूर्वाग्रह या लीक के इच्छित लाभार्थियों तक पहुंची है।

**विपक्ष मोदी को कोसती रही:** प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा,"अवसरवादी इंडिया गठबंधन मतदाताओं के साथ तालमेल बिठाने में विफल रहा। वे जातिवादी, सांप्रदायिक और भ्रष्ट हैं। यह गठबंधन, जिसका उद्देश्य मुट्ठी भर राजवंशों की रक्षा करना था, राष्ट्र के लिए भविष्य की दृष्टि प्रस्तुत करने में विफल रहा। अभियान के माध्यम से, उन्होंने केवल एक चीज में अपनी विशेषज्ञता बढ़ाई - मोदी को कोसना। ऐसी प्रतिगामी राजनीति को जनता ने नकार दिया है।"

**हमारे कार्यकर्ता हमारी सबसे बड़ी ताकत: पीएम मोदी:** पीएम मोदी ने आगे कहा,"मैं प्रत्येक एनडीए कार्यकर्ता की सराहना करना चाहूंगा। पूरे भारत में, अक्सर भीषण गर्मी का सामना करना पड़ता है। मैं लोगों को हमारे विकास एजेंडे को सावधानीपूर्वक समझाने और उन्हें बाहर आकर मतदान करने के लिए प्रेरित करने के लिए उनकी सराहना करता हूं। हमारे कार्यकर्ता हमारी सबसे बड़ी ताकत हैं।" प्रधानमंत्री ने आगे देश की जनता को धन्यवाद भी दिया। पीएम मोदी ने कहा,"अपने मताधिकार का प्रयोग करने वाले सभी लोगों को हार्दिक धन्यवाद।

## मोदी का सरकारी एग्जिट पोल झूठ है: कांग्रेस

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** एग्जिट पोल को लेकर कांग्रेस की पहली प्रतिक्रिया सामने आई है। कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने एग्जिट पोल पर टिप्पणी की है। बता दें कि लोकसभा चुनाव से नतीजों से पहले एग्जिट पोल के नतीजे आना शुरू हो गए हैं। कांग्रेस नेता सुप्रिया ने एक्स पर एक पोस्ट किया है। उन्होंने लिखा है कि जनता का एग्जिट पोल सच होगा। मोदी का सरकारी एग्जिट पोल झूठ है।



## यूपी में फिर दिख सकता है मोदी-योगी का जादू

उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण की 13 लोकसभा सीटों पर मतदान खत्म हो गया है। मतदान खत्म होने के साथ ही उत्तर प्रदेश समेत सभी राज्यों की सीटों के एग्जिट पोल्स सामने आने लगे हैं।

**न्यूज नेशन के एग्जिट पोल में एनडीए को 67 और इंडिया को 10 सीटें: न्यूज** नेशन के एग्जिट पोल के मुताबिक, एनडीए को यूपी की 80 सीटों में से 67 सीटें मिल सकती हैं। इंडिया गठबंधन को 10 सीटें और अन्य के खाते में तीन सीटें जा सकती हैं।

**जन की बात के एग्जिट पोल में भी एनडीए को बढ़त:** जन की बात के एग्जिट पोल के अनुसार, एनडीए 68 से 74 सीटों पर जीत हासिल कर सकती है, जबकि इंडिया गठबंधन 12 से 6 सीट अपने नाम कर सकता है। यहां भी बसपा के खाते में कोई भी सीट न जाने का दावा किया गया है।

**इंडिया न्यूज-डी डायनमिक्स एग्जिट पोल:** इंडिया न्यूज-डी डायनमिक्स के एग्जिट पोल के अनुसार, यूपी की 80 सीटों में से एनडीए को 69 सीटें और इंडिया गठबंधन को 11 सीटें मिलने का अनुमान जताया है। बीएसपी (बहुजन समाज पार्टी) को बड़ा झटका लग सकता है, क्योंकि उसके खाते में एक भी सीट न जाने का दावा किया है।

**रिपब्लिक-पीएमएआरक्यू के एग्जिट पोल में यूपी में एनडीए को 69 सीटें:** रिपब्लिक-पीएमएआरक्यू के अनुसार, उत्तर प्रदेश की 80 सीटों में से एनडीए 69 सीटें जीत सकता है। जबकि इंडिया गठबंधन 11 सीटें अपने नाम कर सकता है।

## कमर्शियल गैस सिलेंडर 72 रुपये हुआ सस्ता

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव के बीच जून के पहले दिन महंगाई के मोर्चे पर अच्छी खबर है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में 72 रुपये की कटौती की है। नई दरें आज (शनिवार) से लागू हो गई हैं। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत 69.50 रुपये घटकर 1676 रुपये हो गया है। कोलकाता में इसकी कीमत अब 72 रुपये घटकर 1787 रुपये प्रति सिलेंडर हो गया है। मुंबई में कमर्शियल गैस सिलेंडर 69.50 रुपये सस्ता होकर अब 1629 रुपये में मिलेगा।

## ...तो वोटों की गिनती में हो सकती है हेराफेरी: कपिल सिबल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कपिल सिब्बल ने पोस्टल बैलेट की गिनती को लेकर नियमों में किए गए बदलाव पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि इससे वोटों की गिनती में हेरफेर करना आसान हो जाएगा। कपिल सिब्बल ने कहा कि राजनीतिक दलों के एजेंट को मतगणना केंद्र पर फार्म फॉर्म 17सी को देखना चाहिए कि कितने वोट कास्ट हुए हैं। इसके अलावा, मतगणना से जुड़े फॉर्म पर हर चीज का ध्यान देना चाहिए। न्यूज एजेंसी एएनआई से बात करते हुए सिब्बल ने कहा, "लोकतंत्र में मतदान एक पवित्र अधिकार है। जिस पर चुनाव आयोग को ध्यान देना चाहिए और सरकार से कानून बनाने के लिए कहना चाहिए अगर कोई इसका उल्लंघन करता है, तो उसे दंडित किया जाना चाहिए..."।

**घेरा**

▶▶ राजनीतिक दलों के एजेंट को मतगणना केंद्र पर फार्म फॉर्म 17सी को देखना चाहिए

## 2024 में चुने जाने वाले सांसदों के लिए लोकसभा सचिवालय ने की खास व्यवस्था

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** लोकसभा सचिवालय 18वीं लोकसभा के नव-निर्वाचित सांसदों का स्वागत करने के लिए तैयार है। नए सदस्यों के निर्बाध पंजीकरण के लिए व्यापक व्यवस्था की गई है। लोकसभा के महासचिव ने इस संबंध में की जा रही तैयारियों का निरीक्षण किया। इस बार सदस्यों के लिए पंजीकरण प्रक्रिया पूरी तरह से पेपरलेस और तकनीक पर आधारित होगी।

**लोकसभा के महासचिव ने तैयारियों का किया निरीक्षण:** लोकसभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह ने इस संबंध में की गई तैयारियों का निरीक्षण किया। महासचिव हर दिन व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं। सांसदों के पंजीकरण के लिए डिजिटल पंजीकरण डेस्क उपलब्ध कराए गए हैं। दूसरे शहरों और क्षेत्रों से आ रहे सांसदों के लिए एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशनों पर गाइड पोस्ट स्थापित किए गए हैं।

**कंप्यूटरीकृत प्रणाली से आवंटित होगी अस्थायी आवास**

सदस्यों को वेस्टर्न कोर्ट एनेक्सी/हास्टल अथवा राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के भवनों/अतिथि गृहों में अस्थायी आवास सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। सदस्यों को अस्थायी आवास आवंटित करने के लिए सॉफ्टवेयर आधारित कंप्यूटरीकृत प्रणाली तैयार की गई है।

## केजरीवाल को आज करना होगा सरेंडर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को राउज एवेन्यू कोर्ट से राहत नहीं मिली। केजरीवाल की अंतरिम जमानत की मांग पर राउज एवेन्यू कोर्ट का आदेश पांच जून को आएगा। इसका मतलब ये कि केजरीवाल को आज सरेंडर करना होगा और वो एक बार फिर तिहाड़ जेल जाएंगे। बता दें कि केजरीवाल ने 27 मई को सुप्रीम कोर्ट में अपनी अंतरिम जमानत को सात दिन और बढ़ाने की मांग



की थी। केजरीवाल ने इसके पीछे अपने स्वास्थ्य कारणों का हवाला दिया था। उन्होंने कोर्ट को बताया कि उन्हें पीईटी और सीटी स्कैन के अलावा कुछ और परीक्षण कराने हैं। इन सभी जांचों के लिए उन्हें सात दिन का समय चाहिए। आम आदमी पार्टी ने बयान जारी करते हुए जानकारी भी दी थी कि गिरफ्तारी के बाद केजरीवाल का वजन सात किलो घट गया। उनका कीटोन लेवल बहुत ऊंचा है। ये किसी गंभीर बीमारी के लक्षण हो सकते हैं।

**राहत नहीं**

▶▶ केजरीवाल को कार्ट से तत्काल राहत नहीं, अंतरिम जमानत पर फैसला पांच जून को

**गर्मी से बेहाल**

सरकार का दावा-थर्मल पावर प्लांट में कोयले का स्टॉक पर्याप्त

## प्रचंड गर्मी और बिजली: उच्चतम स्तर पर डिमांड


**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** कोयला मंत्रालय ने थर्मल पावर प्लांट में कोयले के स्टॉक की पुष्टि करते हुए बताया कि पूरे देश में बिजली की निरंतर आपूर्ति हो सकती है क्योंकि इन प्लांटों में कोयला भंडारण 45 मिलियन टन से अधिक है। इस बार का कोयला भंडारण पिछले साल की तुलना में 30 प्रतिशत अधिक है। गर्मी के बढ़ते प्रकोप से इन दिनों बिजली की खपत लगातार बढ़ी हुई है। बिजली उत्पादन की बढ़ती मांग के चलते कोयल का संकट का डर बना हुआ था। इस बीच, कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने एक्सचेंज फाइलिंग में मई 2024 के लिए कुल कोयला



उत्पादन 64.4 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) होने की जानकारी दी। पिछले साल की तुलना में यह भंडारण 7.5 प्रतिशत की वृद्धि को दशार्ता है, जो 59.9 एमएमटी था। कहा गया है कि यह भंडारण अगले 19 दिनों के लिए बिजली क्षेत्र की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त हैं। वहीं इसकी सहायक कंपनी महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) ने सबसे अधिक 18.0 एमएमटी उत्पादन किया। यह उसकी 11.3 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। बता दें कि मई में उत्पादन में अप्रैल की तुलना में काफी कम है। मई 2024 के लिए सीआईएल का कुल कोयला उठाव 68.2 एमएमटी था।

यह पिछले वर्ष की इसी अवधि के 63.7 एमएमटी की तुलना में 7.2 प्रतिशत की वृद्धि दिखाता है। उत्पादन और उठाव दोनों में लगातार वृद्धि कोयला क्षेत्र के मजबूत प्रदर्शन को उजागर करती है। मई 2024 में थर्मल पावर प्लांट्स ने औसतन प्रतिदिन केवल 10,000 टन कोयले की कमी देखी गई।



MARUTI nandan printers

8 COLOUR WEB OFFSET MACHINE

Capacity : 36000 Copies per Hour
16 Broad Sheet Pages in One Go

THE PRINTING HUB
COMPLETE CTP UNIT
BASYS PRINT



Corporate Office : A-15, G. T. Karnal Road, Industrial Area, Delhi-110033
Phone : +91-9999889104, +91-9250706656, +91-11-47502546

# नड्डा, बिंदल जयराम कंगना ने किया मतदान

**मताधिकार**

**भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने विजयपुर बिलासपुर में परिवार के साथ मतदान किया**







**चमन शर्मा**

**शिमला:** भाजपा के तमाम दिग्गज नेताओं ने अपने अपने पुलिंग बूथ में मतदान किया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने विजयपुर बिलासपुर में परिवार के साथ मतदान किया। वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने परिवार के साथ नहान, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने बूथ संख्या 44 मुरगाह सिराज में मतदान किया।इसी प्रकार से केंद्र मंत्री अनुराग ठाकुर सांसद प्रत्याशी हमीरपुर ने बूथ संख्या 7 समीरपुर, मंडी से कंगना रनौत ने बूथ संख्या 78 भांबला, शिमला से सुरेश कश्यप ने गागल शिरको और कांगड़ा से डॉ राजीव भारद्वाज ने बूथ संख्या 82 जसूर में परिवार के साथ मतदान किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा की यह दिन प्रजातंत्र का उत्सव है। मुझे अपने बूथ पर सबसे प्रथम वोट डालने का सौभाग्य भी प्राप्त हुआ, इस अवसर पर गांववासीयों, दोस्तो से मुलाकात भी हुई। हम सभी को इस पर्व में भाग लेना है और प्रजातंत्र को मजबूत बनाना हैं। नड्डा से कहा की हमें यह मतदान सशक्त, समर्थ, कुशल, अतमनिर्भत भारत ने निर्माण के लिए है और देश को मजबूग बनाने का चुनाव है।

# टापू के बीच बसे सत कुठेड़ा में इसबार बार गाड़ी से पहुंची पोलिंग पार्टी



**विजय समयाल**

**कांगड़ा** :फतेहपुरण्विधानसभा क्षेत्र फतेहपुर के पौंग बांध जलाशय के टापू के बीच बसे सत कुठेड़ा गांव में वीरवार को छह सदस्यीय पोलिंग टीम शाम 5:40 बजे पर पहुंच गई। थी पोलिंग पार्टी गाड़ी के माध्यम से पोलिंग बूथ पर पहुंची। इससे पहले जब कभी भी मतदान हुआ पोलिंग टीम नाव के माध्यम से ही मतदान के लिए पहुंचती रही है। क्योंकि उक्त टापू अकसर पौंग बांध जलाशय के पानी से घिरा रहता है। इस बार जलस्तर कम होने के कारण कर्मचारी गाड़ी से पहुंचे हैं।

पौंग बांध के बीच में अनुमानित लगभग 80 से 90 हेक्टेयर मीटर क्षेत्र में बने टापू में सत कुठेड़ा के कुल 81 मतदाता इस बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। टापू में लगभग 20 परिवार रहते हैं। मौजूदा समय में कुल 81 पंजीकृत मतदाता हैं। इनमें महिला मतदाता 37 और 44 पुरुष मतदाता हैं। जबकि नवंबर 2022 विधानसभा चुनावों में 97 पंजीकृत मतदाता थे। ऐसे में 18 मतदाता कहीं अन्य जगह में बस गए हैं। विधानसभा का सत कुठेड़ा का पोलिंग बूथ 106 है। बीएलओ निर्मल सिंह ने बताया कि पोलिंग टीम पहली बार गाड़ी से उक्त बूथ पर पहुंची है।

# जिला सिरमौर में आग बरसाने लगे सूर्य देव

**भयंकर गर्मी**

**सिरमौर में पांवटा और कालाअंब सहित अन्य इलाकों में इंडस्ट्रियल एरिया होने के चलते भयंकर गर्मी पड़ रही है**



**एसपी जैरथ**

**नाहन** :जिला सिरमौर में इस बार रिकॉर्ड तोड़ गर्मी पड़ रही है जहां तापमान में एकाएक वृद्धि के बाद लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हुआ है तो वहीं भारी गर्मी का प्रकोप इस कदर है कि जिला प्रशासन ने स्कूलों में भी छुट्टियों का ऐलान किया है। जिला सिरमौर की ग्राम पंचायत बड़ाणा के गांव किलोड़ में एक हैरान कर देने वाली तस्वीर सामने आई है। जहां गर्मी से जमीन फटने लगी है। हिमाचल प्रदेश में सबसे अधिक गर्मी की बात की जाए तो पांवटा साहिब का क्षेत्र सबसे आगे रहता है। यह मामला भी पांवटा साहिब की एक ग्राम पंचायत भड़ाना के गांव की किलोड का है जहां भारी गर्मी से जमीन फट गई है। यहां पर गर्मी के चलते सीमेंट सडक का एक हिस्सा जमीन से ऊपर आ गया और इसे देखकर ऐसा लगा मानों धरती फट गई हो। जानकारी के अनुसार, सिरमौर जिले के पांवटा साहिब की यह घटना है। इसके वीडियो भी सामने आए हैं। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड की सीमा पर बसी पंचायत बड़ाणा के गांव किलोड़ में सडक फटने की यह हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। स्थानीय लोगों की माने तो माना जा रहा है कि गर्मी की वजह से जमीन फटी है। वह बताते हैं कि देश के दूसरे इलाकों में भी इस तरह के मामले सामने आए हैं। इसलिए जमीन फटने के पीछे आ तपकी वजह गर्मी को ही माना जा रहा है। उन्होंने बताया कि यहां पर भारी गर्मी पड़ रही है। सिरमौर में पांवटा और कालाअंब सहित अन्य इलाकों में इंडस्ट्रियल एरिया होने के चलते भयंकर गर्मी पड़ रही है और इन दोनों क्षेत्रों का तापमान 45 डिग्री तक पहुंच गया है। सिरमौर के

# उपायुक्त किन्नौर ने किया अपने मताधिकार का प्रयोग




**अनिल**

**किन्नौर** :जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त किन्नौर डॉ. अमित कुमार शर्मा ने लोकतंत्र के महापर्व पर आज जनजातीय जिला किन्नौर के ठाकुर सेन नेगी महाविद्यालय रिकांग पिओ में अपनी धर्मपत्नी शिवानी शर्मा सहित मताधिकार का प्रयोग कर मतदान किया।उन्होंने इस अवसर पर कहा कि मतदान का पर्व वह पर्व होता है जब हम अपने मताधिकार का प्रयोग कर एक सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में अपनी सहभागिता सुनिश्चत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी, विशेषकर युवाओं को समय-समय पर होने वाले लोक सभा, विधान सभा व पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव में मतदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह ऐसा अवसर होता है जब हम अपनी पंसद की सरकार को चुन सकते हैं।

# पीरन रोड़ पर सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत

## दो अन्य घायल हो गए है जिनका उपचार आईजीएमसी शिमला में चल रहा है

**हादसा**

**एक निजी आल्टो कार नंबर एचपी 52सी-1536 गाड़ी चायल की ओर से पीरन जा रही थी**

**चमन शर्मा**

**शिमला :जुन्गा-छलंडा-पीरन रोड़** पर बीती रात करीब साढ़े दस बजे एक सडक हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर मृत्यु हो गई। जबकि दो अन्य घायल हो गए है जिनका उपचार आईजीएमसी शिमला में चल रहा है। पुलिस चौकी जुन्गा के अनुसार एक निजी आल्टो कार नंबर एचपी 52सी-1536 गाड़ी चायल की ओर से पीरन जा रही थी । जिसमें तीन व्यक्ति जोगिन्द्र 44 और साहिल शर्मा 31 और नीता राम 30 सवार थे। तीनों पीरन गांव के रहने वाले है। रात्रि को करीब साढ़े दस बजे सेरगाता के समीप मोड़ पर गाड़ी अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। जिसमें जोगिन्द्र की मौके पर मृत्यु हो गई जबकि साहिल और नीता राम गाड़ी के पलटने के दौरान बाहर गिर गए थे जिससे वह घायल हो गए। गाड़ी गिरने के उपरांत नीता राम को जब होश आया तो वह खाई से बड़ी मुश्किल से बाहर आया और उसने साहिल के परिवार को फोन से सूचना दी। पुलिस चैकी जुन्गा के अनुसार उन्हें करीब दो बजे हादसे की सूचना मिली थी। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग एकत्रित हो गए जिन्होने बड़ी मुश्क्कत से जोगिन्द्र के शव को गहरी खाई से बाहर निकाला।गाड़ी को मालिक साहिल शर्मा स्वयं चला रहा था। इनके चाचा कमल शर्मा के अनुसार जोगिन्द्र और साहिल व नीता राम काफी दिनों से चायल के समीप डूमरी में एक होटल में बिजली फिटिंग का काम कर रहे थे। काम के उपरांत तीनों रात्रि को घर वापिस आ रहे थे। जोगिन्द्र के पीछे पत्नि और तीन बच्चे छोड़ गए है। करीब तीन माह पहले इनके भाई ने भी आत्महत्या कर ली थी। अब इस परिवार में दोनों भाईयों की पत्नियां और बच्चों पर दुःख का पहाड़ टूट गया है तथा परिवार में दो जून की रोटी कमाने वाला कोई नहीं रहा है। पुलिस के अनुसार जोगिन्द्र का आईजीएमसी में पोस्टमार्टम करवा दिया गया है और इनके शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। तहसीलदार जुन्गा नारायण सिंह परमार ने बताया कि मृतक के परिवार को फौरी राहत के रूप में बीस हजार और घायलों को दस-दस हजार की राशि प्रदान कर दी गई है। जोगिन्द्र की मौत से समूची पंचायत में शोक की लहर है।

# कर एवं आबकारी विभाग ने जंगलों में नष्ट की 26 लाख की लाहन

**एसपी जैरथ**

**नाहन** : जिला सिरमौर राज्य कर एवं आबकारी विभाग की टीम ने पांवटा साहिब के खारा के जंगलों में 26 लाख रुपए की लाहन नष्ट की है। राज्य कर एवं आबकारी विभाग के अधिकारियों को सूचना मिली थी कि पांवटा साहिब उपमंडल के तहत आने वाले खारा के जंगलों में अवैध शराब निकलने का काम चल रहा है। जिस पर विभाग की टीम ने जंगल में जाकर छापेमारी की तथा लाहन को नष्ट किया। घने वन क्षेत्र में 13 किलोमिटर की दूरी तय करने के बाद टीम ने कुल तीन अलग.अलग स्थानों पर 26,800 लीटर लाहन बरामद की। टीम ने मौके पर लाहन और भट्टियों को नष्ट कर दिया।

इस मामले में किसी को गिरफ्तार नहीं किया जा सकाए क्योंकि टीम के पहुंचने से पहले अपराधी मौके से भाग गए थे। नष्ट किए गए लाहन की अनुमानित कीमत 26 लाख अस्सी हजार रुपए है।सहायक आयुक्त अंकुर ठाकुर ने बताया कि विभाग ने लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान शराब के ऐसे किसी भी गैर कानूनी उत्पादनए कब्जे और परिवहन पर कड़ी निगरानी और नियंत्रण सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।खारा के जंगल में जाकर लाहन नष्ट करने वाला टीम में संदीप अत्री सहायक आयुक्त राज्य कर व आबकारी, मनोज कुमार सहायक आयुक्त राज्य कर व आबकारी, शशिकांत राज्य कर व आबकारी अधिकारी, प्रेम राज नेगी, सन्नी वर्मा, शुभंम भारद्वाज, कार्तिक ठाकुर सहायक राज्य कर व आबकारी अधिकारी, राम पाल, श्याम सिंह, ओम प्रकाश, राकेश व मनीष कुमार चालक शामिल थे।

# कांग्रेस ने खुद सेना की कभी परवाह नहीं की: बिंदल



**आरोप**

**यूपीए सरकार ने अंतिम क्षणों में 500 करोड़ रुपये का फंड बनाकर वन रैंक-वन पेंशन लागू करने का नाटक रचा था**

**एसपी जैरथ**

**नाहन :भाजपा** प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने नहान विधान सभा क्षेत्र में डोर टू डोर अभियान में भाग लिया। उन्होंने कहा की सर्जिकल स्ट्राइक के सबूत मांगने वाले कांग्रेस ने खुद सेना की कभी परवाह नहीं की। उसकी जरूरतों को भी अवैध कमाई का जरिया बनाया और सरकारी खजाने को खाली कर दिया। बिंदल ने कांग्रेस व इंडी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। कहा, कांग्रेस ने सेना को कमजोर करने का काम किया। तेजस लड़ाकू विमानों की खरीद को बरसों लटका, रखा। इन लोगों ने जनरल विपिन रावत को गली का गुंडा कहा था, जो कि देश के वीरों समेत पूरी सेना का अपमान था। ऐसी सरकार को देश कभी माफ नहीं कर सकता। सेना को युद्ध के लिए तैयार किया जाता है, न कि उसके नाम पर राजनीति की जाती है। देश सेना का अपमान बर्दाश्त नहीं कर सकता। बिंदल ने कहा, कांग्रेस व उसका इंडी गठबंधन घोर सांप्रदायिक है। ये लोग दलितों, पिछड़ों व आदिवासियों का आरक्षण छीनकर मुसलमानों को देना चाहते हैं लेकिन भाजपा किसी हाल में ऐसा नहीं होने देगा। बिंदल ने कहा, कांग्रेस ने सैनिकों को मूर्ख बनाने का प्रयास किया। यूपीए सरकार ने अंतिम क्षणों में 500 करोड़ रुपये का फंड बनाकर वन रैंक-वन पेंशन लागू करने का नाटक रचा था। वहीं जब भाजपा सरकार आई तो उसने इस योजना को लागू किया, जिस पर सवा लाख करोड़ रुपये खर्च आया।

# यमुना नदी में डूबने तीन पर्यटकों की मौत



**दुखद**

**शुक्रवार शाम के वक्त घूमने आए श्रद्धालुओं में से तीन श्रद्धालु यमुना में नहाने के लिए उतरे और उसमें समा गए**

**एसपी जैरथ**

**पांवटा साहिब** :पांवटा साहिब गुरुद्वारा घाट यमुना नदी में दिल दहला देने वाली खबर सामने आ रही है। जिसमें तीन लोगों के डूबने का समाचार हैं। बता दे कि दस साल में 56 से अधिक लोग यमुना में डूब कर अपनी जान गंवा चुके हैं। पांवटा साहिब में शुक्रवार शाम के वक्त घूमने आए श्रद्धालुओं में से तीन श्रद्धालु यमुना में नहाने के लिए उतरे और उसमें समा गए। फिलहाल तीनों शव बरामद कर लिए गए हैं। बताया जा रहा है धीरेंद्र सिंह और अजीत और अभिषेक ये तीनों डेरा बस्सी के रहने वाले हैं। बता दें कि पिछले 10 वर्षों में यमुना नदी में डूबने से 56 से अधिक लोग अपनी जान गंवा चुके हैं , जिनमें अधिकतर युवा और 18 वर्ष से कम के भी शामिल है। बेहद आश्चर्य की बात यह है कि अब तक 56 से अधिक लोग यमुना में डूब कर जान गंवा चुके हैं, लेकिन किसी भी जनता प्रतिनिधि द्वारा ना तो गंभीरता से इन दर्दनाक हादसों को रोकने की जिम्मेदारी उठाई और ना ही कभी सुरक्षा को लेकर धरातल पर कोई काम किया। जानकारी के लिए बता दें कि यमुना नदी पर लोगों की जान बचाने के लिए सुरक्षा के लिए जाली और चेन लगाने का प्रस्ताव रखा जा चुका है, लेकिन आज तक इस पर गंभीरता के साथ कभी काम शुरू नहीं हो पाया। यहां तक की लगभग 9 वर्ष पहले पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह द्वारा यहां पर घाट बनाने के लिए 10 लाख रुपए प्रस्तावित किए गए थे, लेकिन आज तक उन पैसों का क्या हुआ किसी के पास कोई जवाब नहीं है। वही इस पूरे मामले को लेकर एसडीएम गुंजित चीमा भी मौके पर पहुंचे हैं। उन्होंने स्थानीय गोताखोरों को शवों को ढूंढने का जिम्मा सौंपा था। गोताखोरों ने तीनो शवों को बरामद कर लिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर शवों को कब्जे में ले लिया है।

# जल्दी हल होगी कांडो के मालगी गांव की पेयजल समस्या : एसडीएम



**दिशा निर्देश**

**पीने का पानी दिया जाएगा ताकि सिंचाई और पीने दोनो के काम टैंक का पानी आ सके फिलहाल टैंक की मरम्मत की जाएगी**

**एसपी जैरथ**

**पांवटा साहिब** : कांडो गावं के लोग भारी गर्मी और लू के थपेड़ों के बीच पानी के लिए तरस रहे है, समस्या के समाधान के लिए आज पांवटा के एसडीएम गुंजीत चीमा व आईपीएच विभाग से मिलकर समाधान करने की मांग उठाई, जिसके लिए उन्हें आश्वासन दिया गया है। ग्रामीणों की मांग हे कि पानी के कनेक्शन को बोरवेल से उनके पुराने टेंक में कर दिया जाये ताकि उन्हें बिना बिजली के भी पानी मिल सके। इसके लिए आईपीएच विभाग द्वारा सौर ऊर्जा से सीधा कनेक्शन दे दिया जाएगा। कांडो के लोगों का कहना है की वह स्थाई निवासी है और पुश्त दर पुश्त यहाँ निवास कर रहे है उनका पारिवारिक जीवनयापन पूर्णतया खेतीबाड़ी पर निर्भर है। एसडीएम पांवटा जी.एस चीमा ने आईपीएस विभाग को ग्रामीणों की समस्या का समाधान करने के लिए निर्देश दिए और साथ ही कहा कि भीषण गर्मी में ग्रामीणों को पानी मिले और साथ ही साथ पुराने टेंक के साथ कनेक्शन को जोड़ दिया जाए।उधर आईपीएच एक्सिन जे.एस ठाकुर ने कहा कि उनके पास डेपुटेशन आई थी और ग्रामीणों की मांग के मुताबिक कनेक्शन पुराने टैंक में दे दिया जाएगा। क्योंकी लोगों को अस्थाई तौर पर बोरवेल से कनेक्शन दिया गया है लेकिन पुराने टैंक की मरम्मत कर उसमे फिल्टर लगाकर अनुसूचित जाति के लोगों को पीने का पानी दिया जाएगा ताकि सिंचाई और पीने दोनो के काम टैंक का पानी आ सके।

फिलहाल टैंक की मरम्मत की जाएगी और एक सोलर कनेक्शन दिया जायेगा।

# पीएम मोदी देश की आवश्यकता, मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है : बिंदल

**दावा**

**चार लोकसभा चुनाव है और छह उपचुनाव है, जो सारे के सारे चुनाव भारतीय जनता पार्टी जीतने वाली है**



**चमन शर्मा**

**शिमला:** प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने कहा कि पीएम मोदी देश की आवश्यकता है, मोदी के नेतृत्व में देश आगे बड़ रहा है। हिमाचल प्रदेश में चार लोकसभा चुनाव है और छे उपचुनाव है, जो सारे के सारे चुनाव भारतीय जनता पार्टी जीतने वाली है। लोकसभा में चौका और विधानसभा उपचुनाव में छक्का लगा निश्चित है। जनता का मूड मोदी के साथ है।

बिंदल ने कहा की वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में जीडीपी वृद्धि के आंकड़े हमारी अर्थव्यवस्था में मजबूत गति को दशार्ते हैं, जो आगे और भी तेज होने वाली है। देश के मेहनती लोगों के लिए धन्यवाद, जिनकी बदौलत 2023-24 में विकास दर 8.2 प्रतिशत रही है। यह वृद्धि इस बात का भी उदाहरण है कि भारत वैश्विक स्तर पर सबसे तेजी से बढ? वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ जैसा कि मैंने कहा, यह आने वाली चीजों का सिर्फ एक ट्रेलर है। सरकार की तरफ से शुक्रवार को जारी किए गए वित्त वर्ष 2023-24 और जनवरी-मार्च 2024 तिमाही के आर्थिक आंकड़े प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तरफ से अर्थव्यवस्था की नींव मजबूत होने के दावे की तस्दीक करते हैं। पिछले वित्त वर्ष में भारत की आर्थिक विकास दर 8.2 प्रतिशत रही, जो 2022-23 की सात प्रतिशत से ज्यादा है। जनवरी-मार्च, 2024 में विकास दर 7.8 प्रतिशत रही है जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही की 6.2 प्रतिशत से अधिक है। हालांकि, यह चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही अक्टूबर-दिसंबर 2023 की 8.6 प्रतिशत से कम है। आरबीआइ ने एक दिन पहले ही कहा था कि भारत की अर्थव्यवस्था एक दशक तक तेज विकास दर हासिल करने के लिए तैयार है। सांख्यिकीय व कार्यक्रम क्रिन्यावयन मंत्रालय की तरफ से जारी आंकड़े इसी तरफ इशारा करते हैं। विकास दर के सभी आंकड़े आइएमएफए विश्व बैंक सरीखी एजेंसियों के अनुमान से भी ज्यादा हैं। इन्हें फिर से भारतीय इकोनमी के लिए अपने अनुमानों में संशोधन करना होगा। ये आंकड़े बताते हैं कि वास्तविक सकल घरेलू उत्पादन रियल जीडीपी का आकार वर्ष 2023 24 में 173.82 लाख करोड़ रुपये रहा है, जबकि वर्ष 2022-23 में यह 160.71 लाख करोड़ रुपये था।

इस आधार पर 8.2 प्रतिशत की विकास दर हासिल होने की बात कही गई है। जबकि चालू मूल्य पर आधारित जीडीपी नामिनल का आकार 296.50 लाख करोड़ रुपये आंका गया है।

# आईपीएच विभाग से जेई प्रेम लाल भाटिया सेवानिवृत



**प्रतिनिधित्व**

**मजूदरों के हित में उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली मीटिंग में भारत देश का प्रतिनिधित्व किया**

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर :घुमारवीं से संबंध रखने वाले प्रेम** लाल भाटिया शुक्रवार को जल शक्ति विभाग हिमाचल प्रदेश से कनिष्ठ अभियंता पद से सेवानिवृत हो गए। हिमाचल प्रदेश जल शक्ति विभाग में करीब 39 साल सेवाएं देने वाले प्रेम लाल भाटिया की सेवानिवृति पर घुमारवीं के इंटक कार्यालय के साथ स्थित जगन पैलेस में उनकी विदाई के लिए भव्य समारोह का आयोजन किया गया।

प्रेम लाल भाटिया ने हिमाचल प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर अपनी सेवाएं प्रदान की। घुमारवीं के दकड़ी गांव से ताल्लुक रखने वाले प्रेम लाल भाटिया मजदूर हित को लेकर होने वाली लड़ाईयों में सदैव अग्रिम पंक्ति में रहे। वे इंटक के प्रदेश महासचिव भी रहे। मजूदरों के हित में उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली मीटिंग्य में भारत देश का प्रतिनिधित्व किया।

# चुनाव के बाद प्रदेश में बदलेंगे कई मंत्रियों के पोर्टफोलियो

**एसपी जैरथ**

**नाहन :** देश भर में पहले जून को लोकसभा चुनाव का अंतिम चरण समाप्त हो जाएगा। मतदान प्रक्रिया पूरी होने के उपरांत 4 जून को पूरे देश में एक साथ मतों की गिनती आरंभ हो जाएगी, लेकिन यह लोकसभा के चुनाव कई नेताओं का भविष्य तय करेंगे। खासकर यदि बात हिमाचल प्रदेश की करें तो हिमाचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव के बाद कई मंत्रियों के पोर्टफोलियो बदल सकते हैं। पार्टी सूत्रों का कहना है कि मुख्यमंत्री और पार्टी हाई कमान ने सभी मंत्रियों और विधायकों को दो टूक कह दिया है कि लोकसभा चुनाव में अपने निर्वाचन क्षेत्र में अपनी लोकप्रियता बरकरार रखें। सूत्रों की माने तो जिस विधानसभा क्षेत्र से संबंधित विधायक की परफॉर्मेंस बेहतर नहीं रहेगी उसे पार्टी हाशिए पर धकेल



सकती है। खासकर यदि मंत्रियों की बात करते हैं तो मंत्रियों के लिए यह लोकसभा का चुनाव अग्नि परीक्षा से काम नहीं है। पार्टी सूत्रों का कहना है की लोकसभा चुनाव में पार्टी है हाई कमान ने सभी मंत्रियों को दो टूक कह दिया है कि यदि अपने निर्वाचन क्षेत्र में संबंधित मंत्री लीड नहीं दिला पाया तो उसका पोर्टफोलियो बदलना तय है। यही नहीं सूत्रों का तो यह भी कहना है कि कई मंत्रियों से मंत्रालय भी छीने जा सकते हैं और बेहतर परफॉर्मेंस देने वाले विधायक को हरी झंडी मिल सकती है। साथ ही बताते हैं कि लोकसभा चुनाव के उपरांत सरकार द्वारा पिछले 16 महीनों से रिक्त पड़े निगम और बोर्डो के अध्यक्ष और उपाध्यक्षों के पदों पर भी तैनाती की जानी है। इन पदों पर

**तवज्जो**

**⏩ मतदान प्रक्रिया पूरी होने के उपरांत 4 जून को पूरे देश में एक साथ मतों की गिनती आरंभ हो जाएगी**

भी उन्हीं नेताओं को तवज्जो दी जाएगी, जिसकी अपने क्षेत्र में बेहतर परफॉर्मेंस रहेगी। भले ही वह विधानसभा का चुनाव हार चुका हो,

लेकिन यदि लोकसभा चुनाव में उसकी परफॉर्मेंस बेहतर रही तो उसे निगम और बोर्ड में कुर्सी मिल सकती है। अब देखना यह है की 4 जून को कौन मंत्री पार्टी की उम्मीद पर खरा उतरता है और किसकी परफॉर्मेंस बेहतर रहेगी। बताते है कि पार्टी हाई कमान ने सभी मंत्रियों को दो टूक कह दिया है कि यदि परफॉर्मेंस अच्छी नहीं रही तो उनके मंत्रालय के बारे में पार्टी हाई कमान और सरकार एक बार फिर से विचार कर सकती है।

अब देखना यह है कि 4 जून को ऊंट किस करवट बैठता है। भले ही पार्टी के कुछ लोग ही दबी जुबान में यह भी कहते हैं कि सरकार द्वारा जो विधानसभा चुनाव में जनता को गारंटरयां दी गई थी उनमें से अधिकतर गारंटी या अभी फाइलों में ही दम तोड़ रही है। बताते हैं कि सरकार ने अभी तक हिमाचल

प्रदेश में ओपीएस तो लागू कर दी है, लेकिन अभी तक ना तो प्रदेश की सभी महिलाओं को प्रति महीने 15 सो रुपए मिले हैं और ना ही विकास कार्य उस गति से हो रहे हैं जिसको लेकर जनता ने कांग्रेस पार्टी वोट दिया था।

# बिलासपुर में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने विजयपुर में किया मतदान

**मत का प्रयोग**

**⏩ विधायक त्रिलोक ने भी प्रदेश और देशवासियों को इस पर्व की बधाई दी तथा मतदान करने की अपील की**



**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः** बिलासपुर में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार को लोकतंत्र के महा पर्व पर अपनी भागीदारी निभाते हुए अपने गृह जिला बिलासपुर के विजयपुर में पोलिंग बूथ पर जाकर मतदान किया। इस अवसर उनके साथ उनका पूरा परिवार भी था। पूरे आठ बजे भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पहला वोट डालकर इसका शुभारंभ किया। इसके बाद उन्होंने मीडिया से रूबरू होते हुए लोकतंत्र में एक मत का महत्व बताया तथा सभी देशवासियों को इस पर्व की बधाई दी। उन्होंने कहा कि अपने मताधिकार का प्रयोग करे लोकसभा चुनाव में आपका मत राष्ट्र निर्माण के लिए महत्वपूर्ण है। सुबह से ही जगत प्रकाश नड्डा से मिलने के लिए उनके मित्र, समर्थक व रिश्तेदार आदि का तांता लगा रहा। उन्होंने सभी से मुलाकात की तथा कुशलक्षेम जाना। वहीं बिलासपुर सदर विधानसभा क्षेत्र से विधायक त्रिलोक जंवाल ने भी प्रदेश और देशवासियों को इस पर्व की बधाई दी तथा मतदान करने की अपील की।

## संक्षिप्त खबरें

### रिटर्निंग अधिकारी ने परिवार संग किया मत का प्रयोग



**चमन शर्मा**

**शिमलाः रिटर्निंग** अधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुपम कश्यप ने गत दिवस शिमला ग्रामीण विधानसभा के अंतर्गत मतदान केंद्र 131-राजकीय प्राथमिक पाठशाला आनंदपुर में पत्नी रीना कश्यप एवं पुत्री आयुषी कश्यप के साथ अपने मत का प्रयोग किया। इसके उपरांत, रिटर्निंग अधिकारी ने मतदान के दिन टुटू, बालूगंज एवं चौड़ा मैदान मतदान केंद्रों का निरक्षण किया तथा विभिन्न व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को मतदान के दिन मतदाताओं को मिलने वाली सुविधाओं को उपलब्ध करवाने के आवश्यक निर्देश दिए। इसके पश्चात जिला निर्वाचन अधिकारी ने शोघी बैरियर का भी निरीक्षण किया तथा बैरियर पर तैनात चुनाव से संबंधित टीमों को मुस्तैदी के साथ कार्य करने के आदेश दिए।

### डीसी बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने रघुनाथपुरा मतदान केंद्रों का दौरा कर लिया जायजा

**चमन शर्मा**

**शिमलाः रिटर्निंग** अधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुपम कश्यप ने गत दिवस शिमला ग्रामीण विधानसभा के अंतर्गत मतदान केंद्र 131-राजकीय प्राथमिक पाठशाला आनंदपुर में पत्नी रीना कश्यप एवं पुत्री आयुषी कश्यप के साथ अपने मत का प्रयोग किया। इसके उपरांत, रिटर्निंग अधिकारी ने मतदान के दिन टुटू, बालूगंज एवं चौड़ा मैदान मतदान केंद्रों का निरक्षण किया तथा विभिन्न व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को मतदान के दिन मतदाताओं को मिलने वाली सुविधाओं को उपलब्ध करवाने के आवश्यक निर्देश दिए। इसके पश्चात जिला निर्वाचन अधिकारी ने शोघी बैरियर का भी निरीक्षण किया तथा बैरियर पर तैनात चुनाव से संबंधित टीमों को मुस्तैदी के साथ कार्य करने के आदेश दिए।

### पर्यावरणीय समस्याओं को हल करने के लिए छात्रों ने सैमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो रोड शो में लिया हिस्सा

**शिमलाः** सैमसंग इंडिया ने मोहाली में चंडीगढ़ विश्वविद्यालय में एक रोड शो का आयोजन किया है। इसमें इंस्टिट्यूट के इनक्यूबेटर लैब के इंजीनियरिंग स्टूडेंट्स ने ज्वलंत वैश्विक समस्याओं का समाधान करने के लिए सॉल्व फॉर टुमॉरो में भाग लेने के अपने इरादे का प्रदर्शन किया। सैमसंग का सॉल्व फॉर टुमॉरो एक राष्ट्रीय शिक्षा एवं नवाचार प्रतियोगिता है जिसका लक्ष्य देश की अगली पीढ़ी के बीच अभिनव सोच और समस्या समाधान की संस्कृति को प्रोत्साहित करना है।कार्यक्रम में शामिल होने के लिए छात्र आगे आए और खराब वायु गुणवत्ता और स्वच्छ ऊर्जा ईंधन की कमी जैसी वास्तविक दुनिया की समस्याओं को हल करने की दिशा मेंअपनी प्रतिबद्धता को जाहिर किया।उन लोगों ने कहा कि उन्हें सैमसंग के सॉल्व फॉर टुमॉरो जैसे एक प्लैटफॉर्म की जरूरत है जो उन्हें अपने विचारों को कारवाई में बदलने और लोगों का जीवन बदलने में उन्हें मार्गदर्शन और सहायता प्रदान करे।सैमसंग ने हाल ही में सॉल्व फॉर टुमॉरो के तीसरे सत्र के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के स्टार्टअप हब और फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी ट्रांसफर आईआईटी दिल्ली और भारत में संयुक्त राष्ट्र के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की है।

# मतदान में महिलाओं ने लिया बढ़-चढ़ कर भाग



**चमन शर्मा**

**शिमला :** आम लोकसभा चुनाव के लिए शनिवार को हुए मतदान में कसुंपटी निर्वाचन क्षेत्र की महिलाओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। हालांकि कसुपंटी निर्वाचन में पुरुषों की तुलना में महिला मतदाताओं की संख्या कम है परंतु महिलाओं का मतदान के प्रति बहुत उत्साह देखा गया। तहसीलदार जुण्णा नारायण सिंह परमार के अनुसार कसुपंटी निर्वाचन में मतदाताओं की कुल संख्या 68503 हैं जिनमें 34776 पुरूष और 32718 महिला मतदाता और शेष सर्विस वोटर है।

# बिलासपुर में भीषण गर्मी के बावजूद कम नहीं हुआ मतदाताओं का हौंसला

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः** लोकतंत्र के महापर्व पर बिलासपुर में लोगों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। सुबह से ही पोलिंग बूथों पर रौनक लगी रही, जो शाम तक चली रही। बिलासपुर नगर के सभी वार्डों में पोलिंग बूथ के बाहर राजनीतिक पार्टियों के नुमाइंदो ने अपने निजी बूथ लगाए हुए थे, जिसमें वे लोगों को उनका पोलिंग नंबर देकर सहायता करते रहे। इस बार जिला प्रशासन द्वारा मतदाताओं के लिए बेहतरीन प्रबंध किए थे। वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग लोगों के लिए विशेष प्रबंध थे, तथा उनसे प्राथमिकता के तौर पर वोट



डलवाया गया। वहीं बच्चों के लिए क्रैच सुविधा का प्रबंध भी पोलिग बूथ पर था, जिसमें झूले और खिलौने तथा बच्चों के मनोरंजन का पूरा सामान रखा था, यहां पर बच्चों ने खूब मस्ती की। लोगों ने शांति से कतारों में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार किया और मतदान किया।

शहर में नेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों ने भी अपने-अपने मत का प्रयोग किया।

## कार की टक्कर से महिला जख्मी

**राजन पुरी**

**ऊनाः उपमंडल** हरोली के गांव भदसाली में कार की टक्कर से महिला जख्मी हुई है। घायल महिला का नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में उपचार करवाया गया। पुलिस ने घायल महिला के पति की शिकायत पर कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार देर शाम को संतोष देवी निवासी भदसाली अपने पति की गांव में स्थित दुकान के समीप खड़ी हुई थी। इसी दौरान होशियापुर की ओर से आ रही एक कार ने संतोष देवी को टक्कर मार दी। सडक हादसे में घायल महिला को पति द्वारा नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया।

# डीसी सादिक ने रघुनाथपुरा मतदान केंद्रों का दौरा कर लिया जायजा

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः जिला** निर्वाचन अधिकारी बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने गत दिवस बिलासपुर सदर निर्वाचन क्षेत्र के रघुनाथपुरा 1 और 2 मतदान केदो का दौरा कर मतदान प्रक्रिया का जायजा दिया तथा सुरक्षा प्रबंध और व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली। उन्होंने मतदान केदो पर दिव्यांग मतदाताओं से भी बातचीत की तथा सुविधाओं के बारे में उनकी प्रतिक्रिया जानी। उन्होंने बताया कि आदर्श एवं महिला व्यवस्थित इन मतदान केदो में सुरक्षा व्यवस्था के तहत ड्रोन से निगरानी की जा रही है। उन्होंने



बताया कि मतदान केंद्र में मतदाताओं के लिए पानी, पंखे और शामियाने की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर तथा महिलाओ को बच्चे छोड? के लिए क्रेच की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि जिला में प्रत्येक मतदान केदो पर इन व्यवस्थाओं को भी सुनिश्चित किया गया है ताकि गर्मी में मतदाताओं को किसी प्रकार की सुविधा न हो अधिक गर्मी के चलते ओआरएस घोल की व्यवस्था केवल जिला बिलासपुर में मतदाताओं के लिए की गई है ताकि मतदाता डिहाइड्रेशन से बच सके।

## अस्वस्थ होने के बावजूद चुवाड़ी मतदान विमला शर्मा ने किया मतदान



**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः हिमाचल** प्रदेश के हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत जिला बिलासपुर के घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र के चुवाड़ी मतदान केंद्र में अस्वस्थ होने के बाद भी विमला शर्मा ने ऑक्सीजन सिलेंडर के साथ मतदान केंद्र आकर मतदान किया।

# बलवीर सिंह ने जीता गोल्ड मैडल



**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः** पुणे के श्री शिव छत्रपति खेल परिसर महालुंगे बालेवाड़ी में आयोजित हुई 45वीं भारतीय विद्युत नियंत्रण बोर्ड कुश्ती प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश विद्युत नियंत्रण बोर्ड के कार्यरत बलवीर सिंह ने 92 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल कर विद्युत बोर्ड के साथ हिमाचल प्रदेश का नाम भी रोशन किया है। यह प्रतियोगिता 28 मई से 31 मई तक चली। पहलवान बलवीर सिंह ने इस खिताब को हासिल करने के लिए हरियाणा, महाराष्ट्र तथा पंजाब राज्य के पहलवानों को धूल चटाई और फाइनल में प्रवेश पाया। फाइनल में बलवीर सिंह का मुकाबला मध्य प्रदेश के पहलवान से हराकर स्वर्ण पदक जीता। उल्लेखनीय है कि बलवीर सिंह स्पोटर्स कोटा के तहत बिजली बोर्ड में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मैडल पर कब्जा कर बोर्ड का मान बढ़ाया है। पहलवान बलवीर सिंह लखनपुर में हनुमान अखाड़ा का संचालन भी करते हैं। युवाओं को पहलवानी के गुर सिखा रहे बलवीर सिंह के शिष्य जिला, राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन कर रहे हैं।

**परचम लहराया**

**⏩ हिमाचल प्रदेश विद्युत नियंत्रण बोर्ड के कार्यरत बलवीर सिंह ने 92 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया**

## डंगोह खास में महिला ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**राजन पुरी**

**ऊनाः** पुलिस चौकी दौलतपुर के तहत डंगोह खास में 35 वर्षीय महिला ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक महिला की पहचान मधु पत्नी गुरदेव सिंह निवासी डंगोह खास के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार रात्रि को मधु निवासी डंगोह खास अपने घर पर मौजूद थी। देर रात्रि को महिला ने अपने कमरे में फंदा लगा लिया। परिजनों ने मधु को फंदे पर झूलता पाया, तो तुरंत ही नीचे उतारकर क्षेत्रीय अस्पताल ऊना लेकर पहुंचे, जहां पर डॉक्टरों ने मधु को मृत घोषित कर दिया।

# अस्वस्थ होने के बावजूद चुवाड़ी मतदान विमला शर्मा ने किया मतदान

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः घुमारवीं** में केबीनेट मंत्री राजेश धमार्णी ने भी अपने परिवार सहित अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जब राजेश धमार्णी अपने बूथ पर पहुंचे तो वहां पहले से लाईन लगी हुई थी। मंत्री राजेश धमार्णी ने करीब 45 मिनट अपनी बारी का कतार में खड़े होकर इंतजार किया। फिर बारी आने पर ही उन्होंने अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के पर्व में अपने अधिकार का प्रयोग किया।



# स्थानीय उत्पादों, फूलों व संस्कृति से सजा 79 देवीदढ़ ग्रीन पोलिंग बूथ

**सुभाग सचदेवा**

**गोहर :भारतीय** निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश पर हर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में एक ग्रीन बूथ स्थापित करने के निर्देश और निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त मंडी के निर्देश पर जिला मंडी की हर विधानसभा क्षेत्र में ग्रीन पोलिंग बूथ स्थापित किया गया। इसी आधार पर नाचन निर्वाचन क्षेत्र के देवीदहढ़ में 79- देवीदहढ़ बूथ को ग्रीन पोलिंग बूथ में स्थापित किया गया। सहायक निर्वाचन अधिकारी एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट द्वारा स्वयं ग्रीन पोलिंग का दौरा किया गया व वहां के मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया तथा ग्रीन

**ग्रीन बूथ**

**⏩ इसी आधार पर नाचन निर्वाचन क्षेत्र के देवीदहढ़ में 79- देवीदहढ़ बूथ को ग्रीन पोलिंग बूथ में स्थापित किया गया**

पोलिंग बूथ स्थापित करने पर एसडीएम गोहर द्वारा मतदाताओं को मतदान के साथ.साथ पर्यावरण सुरक्षा के लिए भी उत्साहित किया। उन्होंने देवदार के पौधे का पौधारोपण किया गया और उन्होंने स्थानीय मतदाताओं व लोगों से कहा कि आप भी पेड़ लगाएं और




इस इलाके की प्राकृतिक खूबसूरती और बढ़ाएं। इसी प्राकृतिक सौंदर्य और मनमोहक नजारे, ठंडा मौसम, अनुकूल वातावरण बाहर के प्रयटकों को यहां के प्राकृतिक सौंदर्य के प्रति आकर्षित करते हैं। इससे आपके स्वरोजगार को भी बल मिलेगा।

एसडीएम गोहर द्वारा वहां के मतदाताओं को कान्शी राम, जय सिंह, मधु कुमारी को देवदार के पौधे भेंट कर पर्यावरण के प्रति हमारी जिम्मेदारी से भी अवगत करवाया ताकि प्रकृति को संजोए रखने और इसे और बेहतर बनाकर हम आने वाली अगली पीढि?ों को सौंप सकें। ग्रीन बूथ पर जानकारी देते हुए एसडीएम गोहर ने कहा ग्रीन बूथ बनाने का उद्देश्य मतदान के साथ-साथ पर्यावरण को सुरक्षित करने के संदेश और ग्रीन पोलिंग बूथ श्वन हैं तो हम हैं और मतदाता लोकतंत्र के श्प्राण वायु थीम पर स्थापित किए गए हैं। ग्रीन बूथ को स्थापित करने में किसी भी प्रकार के प्लास्टिक का प्रयोग नहीं किया गया इस ग्रीन बूथ को स्थापित करने में सभी प्राकृतिक वस्तुएं, फूल व यहां की संस्कृति को दशार्ते हुए इस पोलिंग बूथ को स्थापित और सजाया गया है ग्रीन पोलिंग बूथ में स्थानीय फसलें धान, गेहूं, बाजरा, कांगणी, मक्की, आलू एमटर, बाली, लहसुन, गुच्छी को भी पोलिंग बूथ में स्थापित किया गया तथा पोलिंग बूथ पर मतदाताओं की पानी पीने की सुविधा के लिए मिट्टी के घड़े तथा मिट्टी के कुल्हड़ की व्यवस्था की गई है ताकि यहां की संस्कृति रीति रिवाज को मतदान के माध्यम से देश दुनिया तक पहुंचा जा सके।ग्रीन पोलिंग बूथ में मतदाताओं का स्वागत ढोल नगाड़ों से किया गयाऔर मतदाताओं में भी मतदान के प्रति काफी उत्साह देखा गया तथा स्थानीय महिलाओं ने



# 105 वर्ष के बुजुर्ग खुद चलकर मतदान करने पहुंचे

## कई स्थानों पर मतदान का लोगों ने किया बहिष्कार, शाम 3 बजे तक जिला मे 57 प्रतिशत मतदान







**हामिद**

**चंबा:मतदान के** सातवें चरण में चंबा जिला के मतदाताओं में मतदान करने हेतु खासा जोश देखा गया मगर जिला के दो मतदान केदो में लोगों ने दोपहर तक मतदान ही नहीं किया। जिला में कुल 40 9 227 मतदाता है जिन में 206967 पुरुष मतदाता तथा202258 महिला मतदाता है। जिला के लोगों ने राजनेताओं के भविष्य को अपनी पसंद के मुताबिक ईवीएम मशीन में कैद किया है जिसका परिणाम 4 जून को सामने आएगा। हालांकि सुबह से मतदान की रफ्तार कुछ धीमी रही मगर दोपहर होते-होते मतदाताओं की कतार मतदान केदो पर देखी गई। शहर के हटनाला वार्ड के 105 वर्षीय मतदाता प्यार सिंह ने स्वयं मतदान केंद्र में आकर अपना मत डाला। उपयुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने अपनी धर्मपत्नी सहित भूरी सिंह संग्रहालय मतदान केंद्र में अपना मत डाला। जहां चंबा में मतदान का उत्साह देखा गया वहीं जिला के दो स्थान पर मतदान के प्रति लोगों ने खास रुझान नहीं दिखाई। चुराह निर्वाचन क्षेत्र के ग्राम पंचायत सनवाल के मक्खन चाचून वार्ड नंबर 25 के लोगों ने दोपहर बाद तक भी मतदान में भाग नहीं लिया वह इस बात पर कड़े रहे की उनके इलाके की सडक निर्माण न होने के चलते उन्होंने वोट न देने का फैसला किया है लोग हाथों में तख्तियां लिए अड़े रहे जब तक कोई प्रशासनिक अधिकारी उन्हें आश्वासन नहीं देगा तब तक वह मतदान में भाग नहीं लेंगे इसी बीच क्षेत्र के तहसीलदार मौके पर पहुंचे तथा ग्रामीणों को मनाने में लगे रहेए फिलहाल तो वहां मतदान शुरू नहीं हो पाया है। वहीं दूसरी ओर डलहौजी विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत भजोतरा के संगोटी मतदान केंद्र पर भी लोगों ने मतदान का बहिष्कार किया तथा 3 बजे तक मतदान शुरू नहीं हो पाया था इस मतदान केंद्र में कुल 403 मतदाता है जो गरझिंडू से संगोटी तक सडक निर्माण की मांग कर रहे थे। अगर कुल मतदान प्रतिशत की बात की जाए तो शाम 3 बजे तक जिला चंबा में कल 57.80 प्रतिशत मतदान होने का समाचार है इसमें चुराह निर्वाचन क्षेत्र से 60 .32 प्रतिशत भरमौर से 55.99 प्रतिशत चंबा से 59.30 प्रतिशत डलहौजी से 57.007 प्रतिशत तथा भतियात से 56 24 प्रतिशत मतदान होने का समाचार प्राप्त हुआ है।

# नरम खिलौने बनाना व बेचने का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**प्रशिक्षण**

**▶▶33 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण में हिस्सा लिया तथा सभी प्रतिभागी सफलतापूर्वक परीक्षा में उत्तीर्ण हुए**



**राजन पुरी**

**ऊना:** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान ऊना के सौजन्य से चलाई जा रहे नरम खिलौने बनाना व बेचने के प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए तथा उन्हें बैंक ऋण योजनाओं के बारे में भी जागरूक किया गया। पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के कार्यक्रम संचालक एवं सदस्य आकाश भारद्वाज ने बताया कि 33 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण में हिस्सा लिया तथा सभी प्रतिभागी सफलतापूर्वक परीक्षा में उत्तीर्ण हुए। समापन समारोह में प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रशिक्षण की लिखित एवं मौखिक परीक्षा हरमेश राजपूत तथा गुरमीत कौर द्वारा दी गई। इस अवसर पर ग्राम संगठन जंबाल की प्रधान ज्योति वाला तथा सचिव जीवन, कोषाध्यक्ष अंजू देवी सहित मास्टर ट्रेनर ममता रानी उपस्थित रहे।

## मतदान के लिए दिखा लोगों में अभूतपूर्व उत्साह : भावना ठाकुर

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:पूर्व** विधायक बंबर ठाकुर की पत्नी व प्रदेश नर्सिंग एसोसिएशन की अध्यक्ष भावना ठाकुर ने भी पोलिंग बूथ रौड़ा सैक्टर में मतदान किया। उन्होंने कहा कि इस बार लोकतंत्र के इस महापर्व पर वोटरों में गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। युवा और बुजुर्ग इस गर्मी में भी मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मतों का प्रयोग किया। लोकसभा चुनाव के तहत मतदान करने के लिए जिले के नागरिकों में अभूतपूर्व उत्साह दिखाई दिया। मतदान केन्द्रों में युवाओं व आम लोगों की काफी लम्बी कतार लगी। वहीं बुजुर्गए महिलाएं एवं दिव्यांग मतदाता मतदान करने में पीछे नहीं रहे।

# पुलिस चौकी जोल के समीप जंगल में लगी भयंकर आग

**बैठक**

**▶▶सूचना मिलते ही दमकल विभाग बंगाणा की टीम ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया**



**राजन पुरी**

**ऊना: पुलिस** चौकी जोल के समीप जंगल में अचानक आग लग गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग बंगाणा की टीम ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। यह आग पुलिस चौकी परिसर से सटे जंगल में लगी थी और लपटे फैलती हुई यहां तक पहुंच गई। जब तक आग पर काबू पाया गया, तब तक काफी क्षति हो चुकी थी। जानकारी के अनुसार पुलिस चौकी जोल परिसर के समीप भयंकर आग लगते ही यहां अफरा तफरी मच गई। आनन-फानन में दमकल विभाग बंगाणा के लीडिंग फायरमैन मनजीत सिंह, फायरमैन प्रदीप सिंह, पुलिस कांस्टेबल सन्नी ठाकुर एवं पुलिस स्टाफ के सहयोग से इस आग पर काबू पाया गया। बताया गया कि अगर फायर ब्रिगेड की गाड़ी यहां पहुंचने में कुछ देरी करती, तो थाना परिसर के साथ लगते रेस्ट हाउस व लोक निर्माण विभाग कार्यालय में भी अनहोनी की घटना घट सकती थी। इस घटनाक्रम के दौरान पुलिस चौकी में आग की ऊंची-ऊंची लपटों को देखकर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई।

पुलिस चौकी जोल के प्रभारी रूप सिंह का कहना है कि थाना परिसर के साथ लगते जंगल से आग थाना परिसर तक पहुंच गई। आग इतनी भीषण थी कि थाना परिसर में खड़े वाहन जलने से भी बच गए।

## संक्षिप्त खबरें

### भारी गर्मी में भी बम्पर वोटिंग, युवाओं और महिलाओं में दिखा उत्साह तो अपनी बारी का इंतजार करते बुजुर्ग

**एसपी जैरथ**

**नाहन** : लोकतंत्र के महापर्व में पावंटा विधानसभा क्षेत्र में सुबह साढ़े 6बजे से ही मतदान केंद्रों में लम्बी कतारे लगनी शुरू हो गयी थी जहाँ दोपहर तक 31.56प्रतिशत तक लोगों ने अपने मत का प्रयोग किया। सहायक निर्वाचन अधिकारी व एसडीएम गुंजीत सिंह चीमा व एसपी सिरमौर, पावंटा डीएसपी अदिति सिंह ने अपनी टीम के साथ जहाँ अति संवेदनशील केंद्रों का दौरा किया। गुंजीत चीमा ने बताया की सभी बूथों का निरिक्षण किया गया। अभी तक शांतिपूर्ण तरीके से मतदान हो रहे है 80 से 85 वर्षीय बुजुर्गों ने भी अलग अलग मतदान केंद्रों पर अपना वोट डाला और सभी से वोट डालने की भी अपील की देखने कों मिला की स्मार्ट बूथ हिरपुर में भी युवा और महिलाएं नजर आई तो बुजुर्ग भी लाइन में अपने मत डालने के इंतजार में खडे नजर आये।दिलचस्प बात यह है की मौसम ने भी आज पूरा साथ दिया। हिमाचल प्रदेश की सभी चार लोकसभा सीटों और छह विधानसभा सीटों पर हो रहे उपचुनाव के लिए आज सुबह से ही मतदान हो रहे हैंण्मैदानी जिलों के मतदान केंद्रों में सुबह 6:30 बजे ही मतदाताओं की कतारें लग गई।हालांकि दोपहर बाद कई मतदान केंद्रों पर वोटिंग की प्रकिया धीमी नजर आई लेकिन अंदेशा है की शाम सात बजे तक वोटिंग हो सकता है।

### सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने अपने पत्नी व बेटे के साथ किया मतदान

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर** : सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक छात्र पाठशाला बिलासपुर में बनाए गए मतदान केंद्र में अपने परिवार के साथ मतदान करके लोकतंत्र के महापर्व में शिरकत की। इससे पहले विधायक त्रिलोक जम्वाल सुबह 7 बजे भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा अपने गृह विजयपुर स्थित पोलिंग बूथ पर पहला वोट डालकर लोकतंत्र के महापर्व का शुभारंभ करने के दौरान उनके साथ उपस्थित रहे। इसके उपरांत विधायक त्रिलोक जम्वाल ने अपने पोलिंग बूथ पर वोट डालने के उपरांत सभी मतदातायों से अपने मताधिकार का प्रयोग करके देश के प्रति अपना दायित्व अवश्य निभाएं जाने की अपील की। सवा दो महीने के लंबे इंतजार के बाद आज हिमाचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव के लिए मतदान हो रहा है। आज लोकतंत्र के गौरव का दिन है। हर जगह मतदान को लेकर युवाओं, महिलाओं से लेकर बुजुर्गों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। उन्होंने कहा लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है और इससे लगता है कि यह सब मोदी सरकार के लिए शुभ संकेत है।

### कांगड़ा संसदीय सीट के नौ बजे तक 14.73 प्रतिशत मतदान

**धर्मशाला**

**प्रदेश** में चार लोकसभा सीटों सहित छह उपचुनाव को लेकर मतदान चल रहा है। इसी कड़ी में कांगड़ा संसदीय सीट के लिए भी लोकतंत्र का महापर्व शुरू हो चुका है। लोगों में मतदान के लिए उत्साह देखा जा रहा है। शनिवार सुबह 7:00 बजे मतदान शुरू हुआ जो कि 9:00 बजे तक मिली सूचना के मुताबिक संसदीय सीट के लिए 14.73 प्रतिशत मतदान हो चुका है। कांगड़ा संसदीय सीट के लिए 17 विधानसभा क्षेत्रों में बनाए गए 1643 मतदान केंद्रों में मतदान चल रहा है। जिनमे कांगड़ा की 13 जबकि चंबा जिला के चार विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। उधर आम लोगों के साथ साथ चुनावी मैदान में उतरे प्रत्याशियों ने भी सुबह सुबह परिजनों सहित मतदान किया है। मतदान के दौरान भाजपा के उम्मीदवार डॉ राजीव भारद्वाज ने अपने परिजनों सहित मतदान किया। वहीं जिला मुख्यालय धर्मशाला में उपचुनाव के लिए चल रहे मतदान के दौरान भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा और कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र जग्गी ने भी परिवार सहित मतदान किया है और लोगों से भी मतदान की अपील की है।

### 3 बजे तक मंडी संसदीय क्षेत्र में हुआ 62.27 फीसदी मतदान

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी:** मंडी संसदीय क्षेत्र में3 बजे तक 62.27 फीसदी मतदान हुआ। बंपर वोटिंग होने से जिला निर्वाचन आयोग ने जो मुहिम शत प्रसाद मतदान की प्रक्रिया चला रखी थी उसको बल मिला है। संसदीय क्षेत्र के मतदाता सुबह से ही पोलिंग बूथ पर पहुंचना शुरू हो गए और अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सबसे ज्याद उत्साह युवा मतदाताओं में देखा गया। इस बार मतदान केंद्र पर बुजुर्गों की लाइन नहीं दिखाई दी क्योंकि अधिकतर बुजुर्ग मतदाताओं के द्वारा घर में ही मतदान कर लिया गया है। जिला निर्वाचन अपूर्व देवगन ने बताया कि मंडी संसदीय क्षेत्र में बंपर बोटिंग चल रही है।

# कांग्रेस व भाजपा के राजनीतिज्ञों ने डाले वोट

## उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बेटी संग किया मतदान, लाइनों में लग वोटरों संग किया मतदान

**मताधिकार**

**▶▶मतदान करने के बाद मुकेश अग्रिहोत्री ने विस क्षेत्र के अन्य पोलिंग बूथों का जायजा लेने निकल गए**

**राजन पुरी**

**ऊना: प्रदेश** में शनिवार को संपन्न हुए लोकसभा चुनावों में जिला के राजनीतिज्ञों ने मतदान किया और इसके बाद पोलिंग बूथों का जायजा भी लिया। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्रिहोत्री ने अपनी बेटी आस्था अग्रिहोत्री के साथ अपने गृहगांव के पोलिंग बूथ गोंदपुर जयचंद पहुंचे। जहां मतदान करने के बाद मुकेश अग्रिहोत्री ने विस क्षेत्र के अन्य पोलिंग बूथों का जायजा लेने निकल गए। उन्होंने हरोली के एक दर्जन पोलिंग बूथों पर तैनात बूथ एजेंटों से भी मुलाकात की।

अग्रिहोत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की सरकार को जिस तरह तोड? का प्रयास किया गया। इसे राजनीति को दूषित करना कहते हैं और हिमाचल प्रदेश की जनता में भारतीय जनता पार्टी के ऐसे षड्यंत्र के प्रति बेहद गुस्सा है। उन्होंने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव के साथ हो रहे विधानसभा उपचुनाव का असर भी देश की सरकार के गठन पर पड़ेगा। मुकेश अग्निहोत्री कहा कि उपचुनाव चुनाव में जहां हिमाचल प्रदेश की सरकार और मजबूत होकर सामने आएगी वहीं केंद्र में भी कांग्रेस बंपर जीत के साथ केंद्र की सत्ता पर काबिज होने वाली है। वहीं हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल रायजादा ने भी अपनी धर्मपत्नी और दोनों बेटों के साथ सबसे पहले घर से निकलकर मंदिर पहुंचे और मंदिर में शीश निभाने के बाद सीधे लालसिंगी स्थित मतदान केंद्र नंबर 1 पर जाकर अपना वोट पोल किया। कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल रायजादा का कहना है कि इस लोकसभा चुनाव में देशभर की जनता भारतीय जनता पार्टी के 10 साल के जुमले और झूठे वादों का हिसाब चुकता करने के लिए पूरी तरह से तैयार बैठी है। उन्होंने अनुराग ठाकुर पर हमला करते हुए कहा कि उन्होंने चार बार सांसद रहने के बावजूद एक बार भी हिमाचल प्रदेश के हितों की रक्षा नहीं की है। वहीं भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष व ऊना सदर के विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने अपने गृह गांव जलग्रां में मतदान किया। इसके उपरांत ऊना सदर के विभिन्न पोलिंग बूथों के अलावा अन्य बूथों पर भी गए और वोटिंग प्रकिया की जानकारी ली। इस दौरान सत्ती ने भी भाजपा कार्यकताओं का हौंसला बढना। उन्होंने दावा किया कि हिमाचल की चारों सीट पर भाजपा परचम फहराएगी। उन्होंने कहा भाजपा देश में विकास को लेकर चुनाव लड़ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पांच साल ईमानदार सरकार रही। वहीं प्रदेश के पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने क्यारियां में अपनी पत्नी मीना कंवर, बेटे दीपांकर कंवर व बेटी के साथ जाकर वोट डाली।

इसके बाद कंवर ने क्षेत्र के कई बूथों पर जाकर जायजा लिया।

## 90 वर्षीय रुप सिंह गुलेरिया ने किया मतदान



**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी:मंडी** सदर विधानसभा क्षेत्र में मतदान केंद्र भरौण दुदर में 90 वर्षीय रुप सिंह गुलेरिया मतदान करने के बाद। इन्होंने घर पर ही मतदान सुविधा को मना कर दिया था क्योंकि वे मतदान केंद्र की दूरी से ज्यादा हर रोज सैर करते हैं।

# जिला निर्वाचन अधिकारी जतिन लाल ने परिवार सहित किया मतदान




**राजन पुरी**

**ऊना:चुनाव** के महापर्व में अपने लोकतांत्रिक दायित्व का निर्वहन करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने आज ऊना में अपने परिवार के साथ मतदान किया। उन्होंने डीसी कॉलोनी में राजकीय प्राथमिक स्कूल में स्थित मतदान केंद्र में अपनी माता कमलेश लाल और धर्मपत्नी रेणु के साथ मतदान किया। उपायुक्त ने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारू और सुरक्षित बनाने के लिए प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए हैं। सभी मतदान केंद्रों पर आवश्यक सुविधाओं का ध्यान रखा गया है, ताकि मतदाता बिना किसी कठिनाई के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। उन्होंने कहा कि जिले में मतदान प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है।

# मतदान को लेकर महिलाओं से लेकर बुजुर्गों में काफी उत्साह





**खेमचंद शास्त्री**

**मण्डी:** सवा दो महीने के लंबे इंतजार के बाद आज हिमाचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव के लिए मतदान हो रहा है। आज लोकतंत्र के गौरव का दिन है। मतदान को लेकर युवाओं, महिलाओं से लेकर बुजुर्गों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। मंडी जिला की।बात करें तो लोग मतदान के लिए सुबह 7 से पहले ही लाइनों में लग गए थे। प्रदेश में 57 लाख मतदाता आज 2024 के इस दंगल में अपने सभी चार लोकसभा सीटों पर चुनाव और 6 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए अपने वोट की ताकत दिखाएंगे। मतदान को लेकर युवाओं में काफी उत्साह देखा गया। पहली बार मतदान करने वाले युवाओं की माने तो वह आज खुशी महसूस कर रहे हैं कि लोकतंत्र के इस महापर्व में हिस्सा ले रहे हैं । मंडी लोकसभा चुनाव में देशभर में चर्चित मंडी सीट के चुनावी रण में उतरे 10 प्रत्याशियों के सियासी भाग्य का फैसला संसदीय क्षेत्र के 13,77,173 मतदाता करेंगे। छह जिलों में फैले मंडी संसदीय क्षेत्र में 6,85,832 पुरुष मतदाता हैं, जबकि महिला वोटरों की संख्या 6,78,225 है। यानी संसदीय क्षेत्र में महिलाओं के मुकाबले 7607 पुरुष मतदाता ज्यादा है। पूरे संसदीय क्षेत्र में तीन थर्ड जेंडर मतदाता भी हैं। दिव्यांग, बुजुर्ग और जरूरी सेवाओं में लगे 11,135 मतदाताओं ने मत पत्र से मतदान कर दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर सिराज विधान सभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुरगाह स्थित औहन में बूथ नंबर 44 पर सपरिवार सहित मतदान किया। मंडी लोकसभा सीट से भाजपा की उम्मीदवार कंगना रनौत ने सरकाघाट के बूथ 78 भांबला में मताधिकार का प्रयोग किया। कंगना ने लोगों से लोकतंत्र के त्योहार में भाग लेने और अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील भी की अपने मताधिकार का प्रयोग करने के बाद भाजपा उम्मीदवार कंगना रनौत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी मंडी संसदीय सीट को बड़े मार्जिन से जीतेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पूरे देश में लहर चल रही है तथा अब जो योग साधना में बैठे हैं और उन पर जो इंडी गठबंधन के लोग अभद्र टिप्पणियां कर रहे हैं इसका खामियाजा उन्हें भूगतना पड़ेगा।

नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री की शपथ लेंगे और भाजपा का नारा जो 400 पार था वह पूरा होगा।

# कुनेरन के अनुभव परमार बले एयरफोर्स में फ्लाइंग अफसर



**गर्व का पल**

**▶▶पासिंग आउट परेड के उपरांत अनुभव परमार विधिवत रूप से भारतीय वायुसेना का हिस्सा बने**

**राजन पुरी**

**ऊना: गगरेट** उपमंडल के कुनेरन गांव के अनुभव परमार एयरफोर्स में फ्लाइंग अफसर बने है। बेंगलुरु में शनिवार को आयोजित पासिंग आउट परेड के उपरांत अनुभव परमार विधिवत रूप से भारतीय वायुसेना का हिस्सा बने। इस पासिंग आउट परेड के गवाह अनुभव परमार के पिता विनोद परमार, माता सुनीता परमार व बहन साक्षी परमार भी बने और उन्होंने फ्लाइंग अफसर अनुभव परमार के कंधों पर स्टार लगाए। अनुभव के पिता विनोद परमार सेना की सिग्नल कोर से सेवानिवृत होने के उपरांत अब राजस्व विभाग में सेवारत है, जबकि माता सुनीता गृहिणी है।

अनुभव परमार के परिवार की तीसरी पीढ़ी सेना में सेवाएं देने जा रही है। अनुभव परमार ने 10वीं की शिक्षा वर्ष 2015 में शांति इंटरनेशनल स्कूल कैलाशनगर नकड़ोह, जमा दो की शिक्षा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घनारी से मार्च 2017 में पास की है। इसके उपरांत हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय प्रोद्योगिकी संस्थान शिमला से सूचना प्रोद्योगिकी में बीटेक की 7 वर्ष 2022 में अनुभव परमार एयरफोर्स कामन एडमिशन टेस्ट में देश भर में मेरिट में दुसरा स्थान हासिल करके इंडियन एयरफोर्स में शामिल हुए। इस चयन के उपरांत 6 माह का प्रशिक्षण भारतीय वायुसेना एकादमी डुंडीगल हैदराबाद व एक वर्ष का तकनीकी प्रशिक्षण वायुसेना तकनीकी कालेज बेंगलुरु से हासिल किया। भारतीय वायुसेना से पास आउट हुए अनुभव परमार क्षेत्र से पहले वायु सेना के अफसर बने है। अनुभव ने कड़ी मेहनत से अपने बचपन का सपना पूरा कर अपने दादा स्व. कैप्टन मेहर सिंह परमार, दादी सुमित्रां देवी, नाना स्व. संसार चंद जरियाल, नानी कमला देवी व अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है।

# सदर के पूर्व विधायक बंबर ठाकुर ने बार्ड नंबर तीन रौड़ा सेक्टर में किया मतदान

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर** : सदर के पूर्व विधायक बंबर ठाकुर ने बार्ड नंबर तीन रौड़ा सेक्टर में बनाए गए मतदान केंद्र में मतदान करके लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। उन्होंने सभी प्रबुद्ध मतदाता से उम्मीद जताई कि अपने मताधिकार का प्रयोग करके देश के प्रति अपना दायित्व अवश्य निभाएंगे।बताते चले सवा दो महीने के लंबे इंतजार के बाद आज हिमाचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव के लिए मतदान हो रहा है। आज लोकतंत्र के गौरव का दिन है। मतदान को लेकर युवाओंए महिलाओं से लेकर बुजुर्गों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। लोग मतदान के लिए सुबह 7 से पहले ही लाइनों में लग गए थे। प्रदेश में 57 लाख मतदाता आज 2024 के इस दंगल में अपने सभी चार लोकसभा सीटों पर चुनाव और 6 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए अपने वोट की ताकत दिखाएंगे। हिमाचल की लोकसभा की सभी चार सीटों मंडी, कांगड़ा-चंबा, शिमला और हमीरपुर में चुनाव व विधानसभा की धर्मशाला, लाहौल-स्पीति, कुटलैहड़, गगरेट, बड़सर और सुजानपुर सीट पर उपचुनाव हो रहा है। 2019 के चुनाव में रिकॉर्ड 72.42प्रतिशत मतदान हुआ था। 2022 के विधानसभा चुनाव में हिमाचल में रिकॉर्ड मतदान 75.78 प्रतिशत हुआ था। निर्वाचन विभाग ने इस लोकसभा चुनाव में 76प्रतिशत से अधिक मतदान का लक्ष्य रखा है। यह लक्ष्य हासिल होता है, तो यह देश में सर्वाधिक होगा। निर्वाचन विभाग ने प्रदेश में 7,992 पोलिंग बूथ स्थापित किए गए हैं। सभी जगह मतदान सुबह 7 बजे से शुरू हो गया था और शाम 6 बजे तक चला।

# पोस्टल बैलट की मतगणना पहले करना सुनिश्चित करें अधिकारी

## जिम्मेदारी से करें कार्य- उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**
**डिप्टी इलेक्शन कमीशन** आफ इंडिया हिरदेश कुमार ने रविवार को लोकसभा 2024 के आम चुनाव की मतगणना को निष्पक्ष व शान्ति पूर्ण कराने को लेकर मुख्य चुनाव अधिकारी , जिला निर्वाचन अधिकारियों, पुलिस अधीक्षको ,नोडल ऑफिसर व चुनाव कार्यालय के अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर मतगणना सम्बन्धित दिशा निर्देश दिए व मतगणना की तैयारियों को लेकर समीक्षा की। उन्होंने स्ट्रॉग रूम, काउंटिंग सेंटर पर निगरानी रखने के निर्देश भी दिए। उन्होंने विभिन्न जिलों के निर्वाचन अधिकारीयो से मतगणना की तैयारी को लेकर अपडेट भी लिया। उन्होंने मेडिकल रूम , वीवीपीपेट के अलावा काउंटिंग सेंटर पर सुरक्षा के इंतजाम के बारे में जानकारी ली व कुछ सुझाव दिए। उन्होंने पोस्टल बैलेट की काउंटिंग पहले करना सुनिश्चित करने के निर्देश भी एआरओ को दिए। उन्होंने पोस्टल बैलेट की काउंटिंग व ईवीएम से होने वाली काउंटिंग के बारे में भी जानकारी ली। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि लोकसभा चुनाव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। किसी तरह की कोई समस्या नहीं है। चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से कराने को लेकर अधिकारियो की ड्यूटी लगा दी गई है। सुरक्षा के सभी तरह के इंतजाम मुकम्मल है। स्ट्रांग रूम का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। मतगणना को शांतिपूर्ण तरीके से करने को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि ड्यूटी पर पहुंचने वाले कर्मचारियों के लिए अच्छे भोजन की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने सभी कर्मचारियों अधिकारियों को काउंटिंग सेंटर पर समय पर पहुंचने के निर्देश भी दिए। इस मौके पर एडीसी एवं पानीपत शहरी विधानसभा के एआरओ डॉ पंकज, एआरओ मनदीप, अमित कुमार, ज्योति मित्तल के अलावा तहसीलदार निर्वाचन सुदेश राणा आदि मौजूद रहे।

# चुनाव परिणाम उपरांत एक माह के भीतर जमा करना होगा चुनावी खर्च



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। लोकसभा आम** चुनाव 2024 के तहत चुनाव लडे वाले उम्मीदवारों को 4 जून को मतगणना उपरांत चुनाव परिणाम घोषित के एक माह के अंदर-अंदर अपने चुनावी खर्च का ब्यौरा जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को जमा करना होगा। भारत निर्वाचन आयोग के अनुसार तय समय अवधि में चुनावी खर्च का ब्यौरा न देने वाले उम्मीदवारों को भविष्य में चुनाव लडे के लिए अयोग्य घोषित किया जा सकता है। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बार लोकसभा आम चुनाव के लिए चुनाव खर्च की अधिकतम सीमा 95 लाख रुपए प्रति उम्मीदवार तय की गई थी। उन्होंने बताया कि नियमानुसार उम्मीदवार द्वारा नामांकन पत्र भरने के साथ ही चुनावी खर्च की गणना शुरू हो जाती है। इसके लिए उम्मीदवार को अलग से एक डायरी में अपने रोजाना के चुनावी खर्च का हिसाब रखना होता है और अलग से बैंक खाता भी खुलवाना होता है। उन्होंने बताया कि चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक खर्च की गणना चलती है। इस दौरान कोई भी उम्मीदवार तय सीमा से ज्यादा पैसा नहीं खर्च कर सकता।

# धूप में अग्नि के घेरों के बीच बैठक कर तपस्या कर रहे है बाबा सुशीलनाथ



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर: गांव राजलू गढ़ी में बाबा** प्रेमनाथ की समाधि स्थल पर 45 डिग्री तापमान के बीच बाबा सुनील नाथ महाराज जेठ माह की तपती और चिलचिलाती गर्मी में आग की तपती धूनी के बीच बैठकर अग्नि तपस्या कर रहे है। बाबा सुशील नाथ पिछल्ले कई साल से तपस्या करते आ रहे हैं। 41 दिन के प्रण के साथ वो आग के बीच कठोर तप कर रहे है। आग के बीच कठोर तप करने वाले बाबा सुशील नाथ महाराज का कहना है कि देश, प्रदेश व गांव की खुशहाली हो इसी को लेकर 41 दिन के लिए गर्मी के महीने में आग की धूनी के बीच बैठकर अग्नि तपस्या करते हैं। सर्दी में जल तपस्या भी करते है। बाबा सुशील नाथ से इस भीषण गर्मी के बीच आग में बैठने के साहस बारे पूछा तो उन्होंने बताया कि यह तपस्या केवल वे जनकल्याण के लिए कर रहे हैं। वह 44-45 डिग्री तापमान में जनकल्याण के लिए हर वर्ष अग्नि तपस्या करते हैं। वे अपने तप में भगवान से कामना करते हैं कि सभी की जायज दुआएं कबूल हों और जायज कार्य हों।

# थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए शिविर आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। रक्त के अभाव** को देखते हुए राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित एवं पर्यावरण प्रहरी पुलिस उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा मानव सेवा संघ में 497वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया। यह शिविर करनाल मानव सेवा संघ के सहयोग से राउंड टेबल इंडिया-करनाल राउंड टेबल के सौजन्य से हुआ, जिसमें नीवा बूपा हेल्थ करनाल का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। शिविर में करनाल राउंड टेबल के अध्यक्ष टेबलर पुनीत जैन मुख्य अतिथि रहे, जबकि टेबलर गुरजंनत बाली की अध्यक्षता में यह शिविर संपन्न हुआ। निवा बूपा हेल्थ करनाल के महाप्रबंधक अरविन्द सिंह अति विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे हुए थे। मुख्य अतिथि के रूप में पधारे करनाल राउंड टेबल के अध्यक्ष टेबलर पुनीत जैन ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर प्रोत्साहित करते हुए कहा कि रक्तदान एक पुनीत कार्य है। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए। शिविर की अध्यक्षता कर रहे टेबलर गुरजंनत बाली ने स्वयं रक्तदान किया और उन्होंने कहा कि मानव सेवा से बढकर कोई अन्य सेवा नहीं है। 168 बार रक्तदान और 81 बार प्लेटलेट्स दान कर चुके शिविर संयोजक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने मुख्यातिथि पुनीत जैन, गुरजंनत बाली और अरविन्द सिंह का धन्यवाद किया और रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि रक्त किसी कारखाने में नहीं बन सकता, केवल एक व्यक्ति ही दूसरे व्यक्ति के लिए रक्तदान कर सकता है। उन्होंने बताया कि आज का शिविर विशेष रूप से रक्त के आभाव को देखते हुए थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों और सडक दुर्घटनाओं में घायलों के निमित है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने को प्रेरित किया और कहा कि नशे से रहित व्यक्ति ही अपने जीवन में उन्नति कर सकता है। शिविर में करनाल मानव सेवा संघ के संचालक स्वामी प्रेम मूर्ति जी महाराज ने सभी रक्तदाताओं को आशीर्वाद दिया। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से सेवानिवृत्त दविन्द्र सचदेवा, मैढ़ क्षत्रिय सुनार सभा के प्रधान राम भजन वर्मा, स्टार रक्तदाता नन्हा राम, स्टार रक्तदाता रमेश कल्याण, स्टार रक्तदाता नरेश खिप्पल विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे हुए थे। नागरिक अस्पताल करनाल के क्षेत्रीय रक्त संचरण अधिकारी डॉ. संजय वर्मा की अध्यक्षता में 59 इकाई रक्त संग्रह किया गया। शिविर में रणधीर राणा, नरेश खिप्पल, नन्हा राम, नवीन सरदाना, गगनदीप खुराना, अरविन्द सिंह, गुरजंनत बाली, रमेश कल्याण अमित धीमान, राम कुमार सहित 59 लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर टेबलर दिव्या गोयल, टेबलर विवेक शर्मा, विकास, रवि, पूजा, मनदीप, अजय, सुरेश जुनेजा, भगत राम खण्डवाल एडवोकेट, नीलम मोदी, राम कुमार, मुन्नी देवी, हर्ष, कुसुम लता, महेंद्र नरवाल, संदीप सचदेवा, बलवंत वर्मा एवं अन्य सेवाभावी उपस्थित रहे।

# बलिदानी ऋषिपाल को दी श्रद्धांजलि और परिजनों को सांत्वना



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**
**पूर्व सैनिक कल्याण** संगठन हरियाणा जिला पानीपत के पूर्व सैनिकों ने अध्यक्ष राजवीर शर्मा की अध्यक्षता में देश पर बलिदान होने वाले बलिदानी नायक ऋषिपाल के पैतृक गांव सनौली में जाकर जिला पानीपत के पूर्व सैनिकों के साथ मिलकर बलिदानी ऋषिपाल के परिजनों को सांत्वना दी । बलिदानी ऋषिपाल की पत्नी गीता देवी ने अपने पति बलिदानी नायक ऋषिपाल की प्रतिमा पर ज्योत प्रवजलित करके आंखों से अपने पति को श्रद्धांजलि दी। वहीं पूर्व सैनिक कल्याण संगठन जिला पानीपत के पूर्व सैनिकों ने बारी-बारी से शहीद ऋषिपाल को श्रद्धांजलि दी व भारत माता की जय के नारे लगाए। इस मौके पर पानीपत जिला के अध्यक्ष राजवीर शर्मा ने ग्रामीणों को बताया की जो सैनिक देश के लिए शहीद हो जाता है वह पूरे देश का सैनिक होता है । उन्होंने कहा कि केवल पूर्व सैनिक का ही फर्ज नहीं बनता की उसको श्रद्धांजलि दें । यह तो भारत के हर नागरिक का कर्तव्य बनता है कि उसकी बरसी पर उसको याद किया जाए । वहीं गांव के सरपंच को भी फोन पर सूचना दी की जिस सैनिक ने देश के ऊपर अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया हमारा भी फर्ज बनता है या ग्राम के सरपंच व अन्य व्यक्तियों का भी फर्ज बनता है कि इस मौके पर आकर बलिदानी को सच्ची श्रद्धांजलि दें । वहीं राजवीर शर्मा ने बताया की इसी तरह की श्रद्धांजलि कार्यक्रम आगे भी ऐसे ही होते रहेंगे । बलिदानियों को याद किया जाएगा तथा आने वाली पीढियां को देश के लिए कुर्बान हुए बलिदान से अवगत कराया जाएगा। इस मौके पर पूर्व सैनिक संगठन के जिला अध्यक्ष राजवीर शर्मा, जिला पानीपत भारतीय जनता पार्टी के जिला संयोजक कैप्टन जय भगवान शर्मा, हवलदार महेंद्र सिंह हवलदार, महेंद्र सिंह द्वितीय हवलदार, महेंद्र सिंह तृतीय हवलदार,वेद सिंह, नायक सत्यवान सनौली, नायक सूबेदार सत्यवीर सिंह जलालपुर व बलिदानी के परिवार के सदस्य और अन्य पूर्व सैनिक मौजूद रहे ।

# धुआं निकलता देख कार को सड़क किनारे किया खड़ा



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। बड़ा गांव के** नजदीक शनिवार को एक स्विफ्ट कार में अचानक आग लग गई और देखते ही देखते पूरी गाड़ी धू-धूकर जल गई। आग इतनी भयंकर थी कि उसने सडक के किनारे लगे पेड़ों को भी अपनी चपेट में ले लिया। कार में आग लगने की सूचना के बाद पुलिस व फायर ब्रिगेड की गाडिां मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। गनीमत रही कि कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। जानकारी के अनुसार जिले के लबकरी गांव का रहने वाला विशाल अपने घर से करनाल किसी काम आ रहा था। जैसे ही गाड़ी बड़ा गांव के नजदीक पहुंची तो गाड़ी के बोनट में धुंआ उठने लगा। तभी विशाल ने अपनी कार को सडक किनारे खड़ा किया और गाड़ी में रखा अपना कीमती सामान निकालकर पीछे हट गया। इसके तुरंत बाद ही गाड़ी में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरी गाड़ी को अपनी चपेट में ले लिया। सडक के बीच कार में आग लगती देख मार्ग से गुजर रहे वाहनों के भी ब्रेक लगने शुरू हो गए। ड्राइवर ने मामले की सूचना पुलिस व फायर ब्रिगेड को दे दी। विशाल ने बताया कि उसकी करनाल में दुकान है और स्टील का सामान लेकर वह अपनी दुकान पर जा रहा था। तभी उसे धुंआ नजर आया। कंडक्टर साइड में डेश बोर्ड में स्मैल आई और उसने तुरंत गाड़ी को रोक लिया।

# कॉस्मेटिक की दुकान में चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**
**सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर** दीपक ने बताया कि उनकी टीम को शुक्रवार देर शाम गश्त व जांच पड़ताल के दौरान गुप्त सूचना मिली की संदिग्ध किस्म के तीन युवक एक बाइक पर सवार होकर सेक्टर 24 में उझा मोड़ पर घूम रहे है। पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर तीनों युवकों को काबू कर पूछताछ की तो उन्होंने अपनी पहचान विक्की पुत्र ओमप्रकाश, शुभम पुत्र संजय व करण पुत्र राजेंद्र निवासी उझा के रूप में बताई। गहनता से पूछताछ करने पर तीनों आरोपियों ने मिलकर 25 मई को दिन के समय गांव में कॉस्मेटिक की एक दुकान में गल्ले से 5 हजार रुपए चोरी करने की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। चोरी की उक्त वारदात बारे थाना चांदनी बाग में रानी पत्नी राजपाल निवासी उझा की शिकायत पर अभियोग दर्ज है। इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ में खुलासा हुआ तीनों आरोपियों ने पार्टी करने के लिए मिलकर साजिश रच चोरी की उक्त वारदात को अंजाम दिया। आरोपियों ने दुकान से चोरी की नगदी में से आधे पैसे खर्च कर दिए। वारदात में प्रयुक्त बाइक व चोरी की नगदी में से बचे 2500 रुपए बरामद कर पूछताछ के बाद पुलिस ने शनिवार को तीनों आरोपियों को माननीय नयायालय में पेश किया जहा से उन्हें न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया। थाना चांदनी बाग में रानी पत्नी राजपाल निवासी उझा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि गांव में उसने कॉस्मेटिक की दुकान की हुई है। 25 मई को दिन में वह दुकान पर थी।

# गर्मी के मौसम का सब्जियों पर है कहर



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : हालांकि शनिवार** शाम को मौसम का मिजाज थोड़ा बदला है। हवाओं के साथ हल्की बूंदाबांदी भी हुई है लेकिन पिछले कुछ दिनों से कुरुक्षेत्र की सब्जी मंडी, सब्जी व फलों की दुकानों सहित खेतों में भी गर्मी का असर देखा जा रहा है। भीषण गर्मी में सब्जियों की पैदावार सहित रेट भी प्रभावित हुए हैं। कृषि विशेषज्ञों ने गर्मियों में सब्जियों के खराब होने तथा फल फूल भी असर बताया है। उल्लेखनीय है कि पूरे राज्य सहित कुरुक्षेत्र में पड़ी गर्मी का असर अब सब्जियों व फलों पर भी पड़ा है। गर्मी का असर यह है कि घीया, करेला, तरबूज व टिंडा की सही से फ्रुटिंग (फल के फलने की प्रक्रिया) नहीं हो रही है। कृषि वैज्ञानिक डा. सी. बी. सिंह ने वैज्ञानिक प्रक्रिया से गर्मी का सब्जी के फल बनने से पहले ही फूल खराब होने की प्रक्रिया बारे बताया है। गर्मी का बेल वाली सब्जियों पर सबसे अधिक असर दिखा है। खेत में खड़ी सब्जियां खराब हुई हैं। इस सप्ताह तो कुरुक्षेत्र का अधिकतम तापमान 44 से 45 डिग्री के पार तक देखा गया है। ऐसे में बढ़े तापमान का असर मौसमी सब्जियों व फलों की खेती पर भी आने लगा है। विशेषज्ञों की मानें तो इस बार गर्मी इतनी भीषण है कि वाष्पीकरण के कारण धरती लगातार गर्म होती जा रही है। इसका असर इस बार करेला, तरबूज, घीया व टिंडा की बीजी गई सब्जियों फ्रुटिंग पर हो रहा है। यानि सब्जियों पर लगने वाला फल पनप नहीं पा रहा है, क्योंकि पौधों की जड़ गर्मी से काफी प्रभावित हो रही हैं।

# मतगणना के दौरान अधिकृत व्यक्ति का काउंटिंग सेंटर में होगा प्रवेश: अनुभव



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। रिटर्निंग अधिकारी** एवं एसडीएम अनुभव मेहता ने बताया कि करनाल विधानसभा उप चुनाव के मतों की गणना 4 जून को प्रातः 8 बजे से डीएवी सीनियर सैकेंड्री स्कूल करनाल के लाईब्रेरी हाल में की जाएगी। मतगणना के लिए सभी प्रबंध मुक्कमल कर लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि मतगणना कार्य के दौरान काऊंटिंग हॉल में केवल अधिकृत व्यक्ति ही प्रवेश करेगा। अधिकृत व्यक्ति के पास उसका पहचान पत्र होना चाहिए। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से मतगणना संपन्न करवाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के सभी नियमों की पालना की जाएगी। एसडीएम अनुभव मेहता ने बताया कि करनाल विधानसभा उप चुनाव के मतों की गणना के लिए लाईब्रेरी हॉल में 14 टेबल लगाई जाएंगी और एक टेबल ऑब्जर्वर की लगाई जाएगी। उन्होंने बताया कि मतगणना के दौरान पहले बैलेट पेपर के मतों की गणना होगी। इसके बाद ईवीएम मशीन के मतों की गणना की जाएगी। विधानसभा उप चुनाव के मतों की गणना 16 राऊंड में होगी। उन्होंने कहा कि मतों की गणना में पहले राऊंड का परिणाम क्लीयर होने के बाद ही दूसरे राऊंड के लिए मशीन टेबल पर लगाई जाएगी। मतगणना के पूरे कार्य की वीडियोग्राफी की जाएगी। लाईब्रेरी हॉल में सीसीटीवी कैमरे भी लगवाए गए हैं और हॉल से बाहर एलईडी भी लगवाई जाएगी। प्रत्येक राऊंड का परिणाम एआरओ ही घोषित करेगा। उन्होंने बताया कि काऊंटिंग टीमों में काऊंटिंग सुपरवाईजर, काऊंटिंग असिसटेंट और माईक्रो ऑब्जर्वर भी शामिल हैं।

**प्रत्येक राऊंड का परिणाम बोर्ड पर किया जाएगा अंकित**

एसडीएम ने बताया कि प्रत्येक राऊंड का परिणाम बोर्ड पर अंकित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्ट्रॉंग रूम से ईवीएम लाने के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी गई है। ईवीएम मशीन केवल उसके निर्धारित किए टेबल पर ही भेजी जाएगी। इसी प्रकार से मतों की गणना के बाद ईवीएम को सील करके वापिस स्ट्रॉंग रूम में ही उसी समय जमा की जाएंगी।

**काऊंटिंग एजेंट को मौके पर मिलेंगे कागज व पेंसिल**

एसडीएम ने बताया कि सभी पार्टियों के काऊंटिंग एजेंट को काऊंटिंग हॉल में कागज व पेंसिल दिए जाएंगे। बाहर से कोई चीज लाने की अनुमति नहीं होगी। एजेंट के साथ-साथ किसी भी कर्मचारी को अपने साथ मोबाईल ले जाने की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक राऊंड का परिणाम काऊंटिंग हॉल में बोर्ड पर अंकित किया जाएगा ताकि वहां पर मौजूद काऊंटिंग एजेंट भी उसे देख सकें।

**मतगणना केंद्र पर मीडिया सेंटर किया जाएगा स्थापित**

एसडीएम ने बताया कि करनाल विधानसभा उप चुनाव के मतों की गणना के लिए मतगणना केंद्र पर मीडिया सेंटर स्थापित किया जाएगा। मीडिया सेंटर पर इंटरनेट, कम्पयूटर, फोटोस्टेट मशीन तथा एलईडी लगवाई जाएगी ताकि मीडियाकर्मियों को मतगणना की कवरेज के समय किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े।

# सैशन जज और सीजेएम ने किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिला एवं सत्र** न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के चेयरमैन चंद्रशेखर सीजेएम डॉ. सविता कुमारी एवं मुख्य दंडाधिकारी सुधीर द्वारा जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया गया। सैशन जज चंद्रशेखर ने जेल में रह रहे बंदियों के साथ वातालर्प की और उनको हो रही परेशानियों के बारे में जाना। उन्होंने सभी बंदियों से पूछा कि अगर किसी को मुफ्त कानूनी सहायता या किसी के पास अपने केस की पैरवी करने के लिए कोई वकील नहीं है तो वह जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण से निशुल्क पैनल अधिवक्ताओं की सेवाएं प्राप्त कर सकता है। उन्होंने जिला कारागार की महिला बंदियों के साथ भी बातचीत की तथा उनको दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बंदियों को खिलाए जाने वाले खाने की गुणवत्ता को लेकर भी जेल अधीक्षक अमित भादू से विस्तारपूर्वक पूछा।

## न्यूज फ्लैश

### फ्लिपकार्ट की बिग एंड ऑफ सीजन सेल 2024 ने सजाया सबसे बड़े फैशन उत्सव का मंच




**गाजियाबाद।** भारत के स्वदेशी ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने अपनी बहुप्रतीक्षित बिग एंड ऑफ सीजन सेल को 1 जून, 2024 से शुरू करने की घोषणा की है। फैशन के सबसे बड़े उत्सव में से एक का मंच तैयार करने के साथ ही बिग एंड ऑफ सीजन सेल ग्राहकों को ट्रेंडी स्टाइल्स, प्रीमियम ब्रांड्स और आकर्षक जेन जेड पेशकशों की एक विस्तृत श्रृंखला ऑफर करेगी, जो 'स्पॉयल' पर तैयार की गई है और पूरे भारत में हर पिन कोड पर जहां इसकी सेवा उपलब्ध है, इसकी आपूर्ति की जाएगी।सेल में 12,000 से अधिक ब्रांड्स और 2 लाख से ज्यादा विक्रेताओं के विकल्प उपलब्ध होंगे, जिनमें स्पोर्ट्स शूज, घड़ियां और जींस जैसी कैटेगरीज में ओपन-बॉक्स डिलिवरी का विकल्प भी शामिल होगा। 1 लाख से ज्यादा उत्पादों पर ऑर्डर बुक करने के दिन ही डिलिवरी की सुविधा उपलब्ध होगी। बिग एंड ऑफ सीजन सेल के बारे में चर्चा करते हुए आरिफ मोहम्मद, वाइस प्रेसिडेंट और हेड, फ्लिपकार्ट फैशन ने कहा, हम टॉप ब्रांड्स के सर्वोत्तम मूल्य और ट्रेंडी स्टाइल की सबसे विस्तृत रेंज पेश करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। बिग एंड ऑफ सीजन सेल शॉपिंग उत्सव ने न केवल देश भर के ग्राहकों को प्रसन्न किया है बल्कि हमारे प्लेटफॉर्म पर विक्रेताओं और ब्रांड्स के सकारात्मक वृद्धि को भी बढ़ावा दिया है। फ्लिपकार्ट पर उपलब्ध ब्रांड्स की विस्तृत श्रृंखला में प्यूमा, एडिडास, नाइकी, टॉमी हिलफिगर, फॉसिल, टाइटन, क्रॉक्स, यूसीबी, वेरो मोडा, ओनली, डब्ल्यू, यूएसपीए, ऐरो, अमेरिकन टूरिस्टर, पीटर इंग्लैंड के स्टाइलिश उत्पादों जैसे कुछ लोकप्रिय विकल्प शामिल हैं।

### बीएसवी और एफओजीएसआई ने भागीदारी की

**नोएडा ।** भारत सीरम्स एण्ड वैक्सीन्स लिमिटेड (बीएसवी), भारत की अग्रणी बायोफार्मास्युटिकल कंपनी, ने फेडरेशन ऑफ ऑब्स्टेट्रिक एण्ड गायनेकोलॉजिकल सोसाइटीज ऑफ इंडिया एफओजीएसआई की पब्लिक अवेयरनेस कमिटी के साथ भागीदारी की है। इस भागीदारी के तहत कोल्पोस्कोपी पर जागरूकता बढ़ाकर उसे सुलभ बनाया जाना है। कोल्पोस्कोपी एक नैदानिक विधि है जिसमें कैंसर से पहले होने वाले बदलावों और सर्वाइकल कैंसर का जल्दी पता लगाने के लिये सर्विक्स, वजाइना और वुल्वा (महिला प्रजनन अंगों) की विस्तृत जाँच होती है। कोल्पोस्कोपी पर पहली वर्कशॉप का संचालन जानी-मानी फैकल्टी डॉ. प्रिया गणेश कुमार ने सिलीगुड़ी के न्यू रामाकृष्णा सेवासदन हॉस्पिटल में किया था। यह वर्कशॉप एक टीयर 2 शहर में ऐसी पहली कोशिश थी। इसका लक्ष्य सर्वाइकल कैंसर का जल्दी पता लगाने और सही निदान करने में कोल्पोस्कोपी के महत्व से गायनीकोलॉजिस्ट्स और विशेषज्ञों को परिचित कराना है। इस पहल के बारे में एफओजीएसआई की पब्लिक अवेयरनेस कमिटी के चेयरपर्सन डॉ. प्रियांकुर रॉय ने कहा, ह्यह्यसर्वाइकल कैंसर 15 से 44 साल की भारतीय महिलाओं में पाया जाने वाला दूसरा सबसे आम कैंसर है। यह भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य की एक बड़ी चिंता बना हुआ है। मौजूदा अनुमान बताते हैं कि हर साल 123907 महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर होता है और उनमें से 77348 महिलाओं की मौत भी हो जाती है1। कोल्पोस्कोपी प्रोसीजर सर्वाइकल कैंसर से लड़ने के सबसे असरदार साधनों में से एक है। उन्होंने आगे कहा, कोल्पोस्कोपी एक महत्वपूर्ण साधन है, लेकिन यह विधि भारत के कई इलाकों, खासकर टीयर 2, ग्रामीण और कम सेवा-प्राप्त हिस्सों में अभी भी सीमित बनी हुई है।

## संपादकीय

# बुनियादी सिद्धांतों की स्पष्ट समझ

**10वीं** कक्षा के बाद नीट की तैयारी से आपको मजबूत नींव बनाने के लिए पर्याप्त समय मिलता है। विशेषज्ञ आपको 10वीं कक्षा पूरी करने के बाद अपनी एनईईटी तैयारी यात्रा शुरू करने के लिए आवश्यक चरणों के बारे में मार्गदर्शन करेंगे। 1. नीट परीक्षा को समझेंः नीट परीक्षा पैटर्न, पाठ्यक्रम और पात्रता मानदंड से खुद को परिचित करें। कवर किए गए विषयों (भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीवविज्ञान) और प्रत्येक विषय की वजन आयु को समझें। यह ज्ञान आपको अपने अध्ययन कार्यक्रम की योजना बनाने और उसके अनुसार समय आवंटित करने में मदद करेगा। 2. अपनी नींव मजबूत करेंः जैसे ही आप 10वीं कक्षा से एनईईटी की तैयारी की ओर बढ़ते हैं, विज्ञान विषयों में अपनी नींव मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करें। भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान में उन मूलभूत अवधारणाओं की समीक्षा करें जो आपने 10वीं कक्षा में पढ़ी थीं। बुनियादी सिद्धांतों और सिद्धांतों की स्पष्ट समझ सुनिश्चित करें। 3. सही अध्ययन सामग्री चुनेंः नीट की तैयारी के लिए उपयुक्त अध्ययन सामग्री, पाठ्यपुस्तकें और संदर्भ पुस्तकें चुनें। सर्वाधिक अनुशंसित संसाधनों की पहचान करने के लिए अपने शिक्षकों, वरिष्ठों या विश्वसनीय स्त्रोतों से परामर्श लें। सटीक और व्यापक सामग्री सुनिश्चित करने के लिए विश्वसनीय और मान्यता प्राप्त प्रकाशकों से जुड़े रहें। 4. एनसीईआरटी पाठ्यक्रम का अध्ययन करेंः भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान के लिए एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तकों का गहन अध्ययन करके अपनी तैयारी शुरू करें। एनईईटी पाठ्यक्रम मुख्य रूप से एनसीईआरटी पाठ्यक्रम पर आधारित है, इसलिए इन पाठ्यपुस्तकों में एक मजबूत आधार महत्वपूर्ण है। अवधारणाओं को समझें, अभ्यास प्रश्नों को हल करें और भविष्य के संदर्भ के लिए नोट्स बनाएं। 5. एक अध्ययन कार्यक्रम बनाएंः एक अध्ययन कार्यक्रम विकसित करें जो प्रत्येक विषय के लिए समर्पित समय की अनुमति दे। यथार्थवादी लक्ष्य निर्धारित करें और अध्ययन, पुनरीक्षण और अभ्यास के लिए पर्याप्त समय आवंटित करें। संतुलित दृष्टिकोण बनाए रखते हुए सभी विषयों की कवरेज सुनिश्चित करते हुए, अपने अध्ययन के समय को प्रभावी ढंग से विभाजित करें। 6. वैचारिक समझ पर जोर देंः विषयों की गहरी वैचारिक समझ विकसित करने पर ध्यान दें। केवल तथ्यों और सूत्रों को याद न रखें; अंतर्निहित सिद्धांतों और उनके अनुप्रयोगों को समझने का प्रयास करें। इससे आपको जटिल समस्याओं को हल करने और एनईईटी में एप्लिकेशन-आधारित प्रश्नों में उत्कृष्टता प्राप्त करने में मदद मिलेगी। 7. नियमित अभ्यास करेंः नीट की तैयारी के लिए नियमित अभ्यास जरूरी है। पिछले वर्षों के एनईईटी प्रश्न पत्र और मॉक टेस्ट सहित विभिन्न अभ्यास प्रश्नों को हल करें। यह आपको परीक्षा पैटर्न से परिचित कराएगा, आपके समस्या-समाधान कौशल में सुधार करेगा और समय प्रबंधन को बढ़ाएगा। 8. मार्गदर्शन लेंः यदि आवश्यक हो, तो किसी प्रतिष्ठित नीट कोचिंग संस्थान या ऑनलाइन कक्षाओं में दाखिला लेने पर विचार करें। विशेषज्ञ मार्गदर्शन आपको संरचित अध्ययन योजना, व्यक्तिगत ध्यान और अतिरिक्त संसाधन प्रदान कर सकता है। मार्गदर्शन लेने और संदेह दूर करने के लिए अनुभवी सलाहकारों, शिक्षकों या ऑनलाइन मंचों से परामर्श लें।

# गर्मियों में करें पशुओं की देखभाल

-डॉ. सत्यवान सौरभ

"प्रजातियों की विशिष्ट आवश्यकताओं के बारे में खुद को और दूसरों को शिक्षित करना जिम्मेदार पालतू स्वामित्व को बढ़ावा दे सकता है और अनावश्यक पीड़ा को रोक सकता है। इन उपायों को लागू करके, हम अपने पशु साथियों के लिए एक सुरक्षित और आरामदायक वातावरण बना सकते हैं, उनकी भलाई सुनिश्चित कर सकते हैं और मनुष्यों और जानवरों के बीच एक मजबूत बंधन को बढ़ावा दे सकते हैं। याद रखें, हमारे प्यारे, पंखदार, और स्केली दोस्त उनकी देखभाल और सुरक्षा के लिए हम पर भरोसा करते हैं, खासकर चुनौतीपूर्ण गर्मी के मौसम में"

**बढ़ते** पारे ने दुधारू पशुओं पर बहुत दबाव डाला है और यह सबसे बुरा तब होगा जब सापेक्ष आर्द्रता 90% से अधिक हो जाएगी। मौजूदा परिस्थितियों में दूध का उत्पादन कम फीड इनटेक और अतिरिक्त हीट लोड के कारण भी कम हुआ है। हरे चारे की मात्रा बढ़ानी चाहिए और लंबे चारे को खिलाने से पहले काटना चाहिए। यदि चराई का अभ्यास किया जाता है, तो जानवरों को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चराने से बचें। 20-30 मिनट के लिए बराबर मात्रा में पानी में भिगोने से पोषक तत्वों का उपयोग बढ़ जाएगा। गर्मियों के दौरान आहार खनिज और विटामिन पूरकता में वृद्धि की जानी चाहिए क्योंकि गर्मी के तनाव के प्रभाव में इसका उत्सर्जन बढ़ जाता है। गर्मी के तनाव की अवधि के दौरान आहार में सोडियम और पोटेशियम की आपूर्ति से दूध की उपज बढ़ जाती है। पशुओं के स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए उचित कृमिनाशक और टीकाकरण कार्यक्रम का पालन किया जाना चाहिए।

देश के कई राज्यों में भीषण गर्मी का दौर शुरू हो चुका है, गर्मी का असर इंसान के साथ-साथ मवेशियों के ऊपर भी दिखने लगा है। इस मौसम में पशुओं को लू लगने का खतरा बना रहता है साथ ही अधिक तापमान का असर दूध देने वाली मवेशियों पर होता है और उनके दूध देने की क्षमता कम हो जाती है। जिसका नुकसान किसानों को उठाना पड़ता है। ऐसे में पशुपालकों को इस समय पशुओं की उचित देखभाल करनी चाहिए। बढ़ते तापमान को देखते हुए पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा पशुओं को लू से बचाने के लिए एडवाइजरी भी जारी की जाने लगी है। पशुपालक को मौसम में होने वाले परिवर्तनो के अनुसार अपने पशुओं का प्रबंधन करना चाहिए जिससे उनके उत्पादन पर कोई विपरीत प्रभाव न पड़े। गर्मी के मौसम में पशुओं के बीमार होने की संभावना बढ़ जाती है। गर्म हवाओं एवं तापमान अधिक होने पर पशुओं को लू लगने का भी खतरा बना रहता है।

भारत में पशुपालन के तहत बडे स्तर पर दुधारु पशुओं को पाला जाता है। इनमें सबसे ज्यादा गाय, भैंस, बकरी



और ऊंट की तादात शामिल है। जाहिर है कि पशुपालन बेहद जिम्मेदारी वाला काम है, जिसमें समय पर पशुओं की साफ-सफाई, चारा देना, पानी देना, दुहाना और घुमाना शामिल है। लेकिन गर्मियां आते ही तपती धूप में पशुओं को लू लगने के समस्या भी घेर लेती है। हालांकि पहले से ही सावधानियां बरत के बीमारियों को पनपने से रोका जा सकता है। लेकिन फिर भी परेशानी बढ़ जाये तो समय रहते इनकी पहचान करके पशुओं को बीमार होने से बचाया जा सकता है। हालांकि गर्मी के मौसम का दुष्प्रभाव सभी प्रजातियों के जानवरों में देखा जाता है, लेकिन गाय, भैंस और मुर्गे अधिक प्रभावित होते हैं। यह काले रंग, पसीने की ग्रंथियों की कम संख्या और भैंसों में विशेष हार्मोन के प्रभाव, और मुर्गी में पसीने की ग्रंथियों की अनुपस्थिति और शरीर के उच्च तापमान (107 ऋ) के कारण होता है। जाहिर है कि देश में तपती धूप में कभी-कभी पारा 45 डिग्री तक चला जाता है। ऊपर से गर्म हवाओं से पशुओं को पानी की कमी और हीट-स्ट्रोक हो सकता है। अगर समय से सावधानियां बरती जाये तो बीमरियों की संभावना कम हो जाती है। लेकिन फिर भी पशु गर्मी के चलते बीमार हो जाते हैं तो इन लक्षणों से पहचान कर सकते हैं- पशु को तेज बुखार और बेचैनी होना, ठीक से आहार न लेना, तेज बुखार में हाँफना, नाक और मुंह से लार का बहना, आंखों का लाल होना और आँसू बहना, तेज सांस लेना और लड़खड़ाकर के गिरना, सुस्ती और खाना-पानी बंद कर देना। त्यधिक गर्म आर्द्र या गर्म शुष्क मौसम के दौरान, पसीने और हांफने से गर्मी को दूर करने के लिए मवेशियों की थर्मोरेगुलेटरी क्षमता से समझौता किया जाता है और गर्मी का तनाव होता है। गंभीर गर्मी के तनाव से शरीर के तापमान में वृद्धि हो सकती है, नाड़ी की दर में वृद्धि हो सकती है, परिधीय रक्त प्रवाह में वृद्धि हो सकती है, भोजन का सेवन कम हो सकता है और पानी का सेवन बढ़ सकता है। बढ़ते पारे ने दुधारू पशुओं पर बहुत दबाव डाला है और यह सबसे बुरा तब होगा जब सापेक्ष आर्द्रता 90% से अधिक हो जाएगी। मौजूदा परिस्थितियों में दूध का उत्पादन कम फीड इनटेक और अतिरिक्त हीट लोड के कारण भी कम हुआ है। हरे चारे की मात्रा बढ़ानी चाहिए और लंबे चारे को खिलाने से पहले काटना चाहिए। यदि चराई का अभ्यास किया जाता है, तो जानवरों को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चराने से बचें। 20-30 मिनट के लिए बराबर मात्रा में पानी में भिगोने से पोषक तत्वों का उपयोग बढ़ जाएगा। गर्मियों के दौरान आहार खनिज और विटामिन पूरकता में वृद्धि की जानी चाहिए क्योंकि गर्मी के तनाव के प्रभाव में इसका उत्सर्जन बढ़ जाता है। गर्मी के तनाव की अवधि के दौरान आहार में सोडियम और पोटेशियम की आपूर्ति से दूध की उपज बढ़ जाती है। पशुओं के स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए उचित कृमिनाशक और टीकाकरण कार्यक्रम का पालन किया जाना चाहिए। एक्टो-परजीवी, जिनका संक्रमण गर्मियों के दौरान बढ़ जाता है, को जानवरों के साथ-साथ शेड में, विशेष रूप से कोनों और दरारों में उपयुक्त एसारिसाइडल स्प्रे का उपयोग करके ठीक से नियंत्रित किया जाना चाहिए। गर्मी के मौसम में उचित देखभाल और प्रबंधन तकनीक से किसानों को स्वस्थ पशुओं को बनाए रखने, अधिक दूध उत्पादन और डेयरी फार्मिंग से निश्चित लाभ प्राप्त करने में मदद मिलेगी। गर्मी के महीनों के दौरान जानवरों की देखभाल उनके स्वास्थ्य, कल्याण और समग्र अस्तित्व को सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है। तीव्र गर्मी और अत्यधिक मौसम की स्थिति जानवरों के लिए महत्वपूर्ण चुनौतियां और जोखिम पैदा कर सकती है, लेकिन उचित देखभाल और ध्यान से इन्हें कम किया जा सकता है। गर्मी के तनाव और निर्जलीकरण को रोकने के लिए पर्याप्त छाया, ताजा पानी और पर्याप्त वेंटिलेशन प्रदान करना आवश्यक है। रहने की जगह को नियमित रूप से संवारना और साफझसुथरा रखना जानवरों को गर्मी से निपटने में मदद करता है और त्वचा के संक्रमण और परजीवियों के जोखिम को कम करता है। इसके अतिरिक्त, गर्म मौसम के दौरान व्यायाम दिनचर्या को समायोजित करना, भोजन कार्यक्रम, और गर्मी के थकावट या तापघात के संकेतों की निगरानी करना महत्वपूर्ण है। गर्मियों के दौरान विभिन्न जानवरों की प्रजातियों की विशिष्ट आवश्यकताओं के बारे में खुद को और दूसरों को शिक्षित करना जिम्मेदार पालतू स्वामित्व को बढ़ावा दे सकता है और अनावश्यक पीड़ा को रोक सकता है। इन उपायों को लागू करके, हम अपने पशु साथियों के लिए एक सुरक्षित और आरामदायक वातावरण बना सकते हैं, उनकी भलाई सुनिश्चित कर सकते हैं और मनुष्यों और जानवरों के बीच एक मजबूत बंधन को बढ़ावा दे सकते हैं। याद रखें, हमारे प्यारे, पंखदार, और स्केली दोस्त उनकी देखभाल और सुरक्षा के लिए हम पर भरोसा करते हैं, खासकर चुनौतीपूर्ण गर्मी के मौसम में।

## कविता

कत्ल हुआ इस तरह हमारा किश्तों मैं
,
कभी खँजर बदल गये कभी कातिल ।

शामिल था मै किश्तों में तेरी जिंदगी में,
कभी मुझे खारिज किया कभी शामिल।

बड़े दिनों बाद रौशनी लौटी है शहर में,
आज पकड़ा गया है यारों मेरा कातिल।

लहरे थक गई है,सागर में मचलते हुए,
तलाशती है वो भी कहीं कोई शाहिल।

मेरे कत्ल का इल्जाम न लगाना उस पर,
वो तो सिर्फ बेवफाई के जुर्म में है शामिल।

कत्ल की आरजू भी,इल्तजा भी मेरी ही थी,
बेहद मासूम है,भला कैसे होगा वो कातिल।

संजीव
---------

# आत्मनिर्भरता ही मनुष्य के स्वाधीनता की प्रेरणा

**संजीव**

"पराधीन सपने हूं सुख नाही"यह लोकोक्ति हर स्वाभिमानी आदमी और स्वतंत्रता प्रेमी व्यक्ति को याद रहती है। स्वावलंबन या आत्मनिर्भरता ही मनुष्य को स्वाधीन बढ़ने की प्रेरणा देती है। आत्मनिर्भरता की स्थिति में व्यक्ति अपनी इच्छाओं को अपनी सुविधा अनुसार पूरा कर सकता है, इसके लिए दूसरों की तरफ मुंह ताकने की जरूरत नहीं पड़ती है। आत्मनिर्भरता केवल मनुष्य के लिए व्यक्तिगत रूप से ही जरूरी नहीं है, बल्कि राष्ट्र के लिए भी अति आवश्यक है ।एक स्वतंत्र राष्ट्र अपनी जनता को अपनी क्षमता के अनुसार सारी सुविधाएं तथा अन्य जीवन उपयोगी साधन उपलब्ध करा सकता है। भारत स्वतंत्रता के बाद हरित क्रांति सातवें दशक के प्रारंभ के बाद ही खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर बन सका, इसके साथ ही भारत में खुशहाली की स्वाभाविक तौर पर वृद्धि हुई, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भी कहा था कि "एक राष्ट्र की शक्ति उसकी आत्मनिर्भरता में है दूसरों से उधार लेकर काम चलाने में नहीं",पाकिस्तान की स्थिति बिल्कुल ऐसी ही है वह अभी तक स्वतंत्रता के बाद से 75 वर्ष के बाद भी संपूर्ण रूप से आत्मनिर्भर नहीं हो पाया है, वह कर्जे से डूब गया है और अपने देश में खर्चा चलाने के लिए पूरी दुनिया से उधार मांगते हुए घूम रहा है। पाकिस्तान आत्मनिर्भर नहीं होने का एवं उधार की जिंदगी जीने का एक बहुत बड़ा उदाहरण है। जबकि भारत देश विज्ञान, टेक्नोलॉजी, मेडिकल साइंस,इंजीनियरिंग और कृषि सेवा, खनिज,स्पेस रिसर्च में पूर्णता आत्मनिर्भर होकर विकसित देशों के बराबर खड़ा हुआ है। यह देशवासियों और देश के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। आत्मनिर्भरता या स्वावलंबन किसी भी देश की प्रगति विकास तथा और उसके नागरिकों की जिंदगी की जिजीविषा है जिससे वह संघर्ष कर आगे बढ़ता है। इतिहास गवाह है कि किसी भी महान लेखक को महान बनने तक निरंतर मेहनत कर किताबें लिखने का का श्रम करना पड़ा एवं आत्मनिर्भरता की स्थिति में विचार कर अपने विचारों को लिपिबद्ध करना पड़ा तब जाकर वह महानता की श्रेणी को प्राप्त कर सका। इसी तरह कोई छात्र अपने जीवन में सफलता प्राप्त करना चाहता है तो उसे स्वयं परीक्षा में शामिल होना पड़ेगा एवं परीक्षा में मनोवांछित सफलता प्राप्त कर उसे स्वयं अध्ययन करना होगा। इसी प्रकार जीवन के हर क्षेत्र में भी मनुष्य को आत्मनिर्भर होकर मेहनत कर दीक्षित सफलता प्राप्त करनी पड़ेगी।

हमारा देश भारत भी आजादी के बाद से आत्मनिर्भरता की ओर अग्रेषित हुआ आज स्थिति यह है कि वह विश्व में विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में आ खड़ा हुआ है। तमाम महापुरुषों के जीवन से भी हमें आत्मनिर्भरता तथा स्वावलंबन की शिक्षा मिलती रहती है।महात्मा गांधी अपना कार्य स्वयं किया करते थे। गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी "दैव दैव आलसी" पुकारा है, तब जाकर उनकी जिंदगी पटरी पर आई और हमें परिश्रम कर आत्म निर्भर होने की शिक्षा प्रदान की थी।

## विचार

# पोल के बाद अब एक्जिट पोल के ढोल

**भारत भी विचित्र किन्तु सत्य देश है । इस देश में हर विषय** के विशेषज्ञ और भविष्यवक्ता मौजूद हैं । हाथ की लकीरें और ललाट पढ़कर भविष्य बताने वाले ही नहीं अपितु ईवीएम मशीनों में बंद मतों की गणना से पहले ही ये लोग बता सकते हैं कि कौन जीत रहा है और कौन हार रहा है । इस विज्ञान को एक्जिट पोल कहा जाता है। एक्जिट पोल को मै पोल के बाद का ढोल कहता हूँ । जो मजबूरन बजाया जाता है ताकि चुनावी रण में थके-हारे लोग नतीजे आने से पहले कुछ तो भांगड़ा कर लें।

लोकतंत्र की रक्षा और तानाशाही से मुक्ति के लिए हुए सात चरणों के मतदान के समाप्त होने से पहले ही इस देश में पहली बार सत्तारूढ़ दल ने 9 जून को प्रधानमंत्री के रूप में तीसरी बार श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी के शपथ ग्रहण की तैयारियां कर लीं हैं। इन खबरों में यदि रत्ती भर भी सत्यता है तो दो ही बातें हो सकतीं हैं कि या तो सत्तारूढ़ भाजपा ने पूरे आत्मविश्वास के साथ सत्ता प्रतिष्ठान विरोधी गुस्से को शांत करने में सफलता हासिल की है या फिर दाल में काला है। यानी ईवीएम मशीनें सत्तारूढ़ दल के इशारे पर नतीजे उगलने वालीं हैं । यदि ये सही नहीं है तो कोई दल इतना उतावला कैसे हो सकता है कि वो शपथग्रहण समारोह की तैयारियां कर ले ?

जाहिर है कि चुनाव में जो मैदान में था वो जीतेगा भी और हारेगा भी। चुनाव परिणामों को लेकर हम और हमारा समाज खास तौर पर हमारा गोदी मीडिया इतना उतावला है कि इधर मतदान समाप्त होगा और उधर सभी टीवी चैनल भावी सरकार को लेकर अपना ज्ञान उगलना शुरू कर देंगे । वोटर के मन में क्या है ये भाजपा के अलावा कोई दूसरा दल नहीं जानता। अगर जानता तो क्या बात थी। वैसे भी किसके मन में क्या है , ये जानना आसान काम नहीं है ? एक्जिट पोल सही होते हैं या गलत ये पूरा देश और इस तरह के पोल करने वाले भली-भांति न सिर्फ जानते हैं बल्कि नतीजों का रुझान बताते हुए झिझकते भी हैं। लेकिन कभी-कभी धूल में लाठी चल भी जाती है।

यकीन मानिये कि मै भी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की ही तरह एक्जिट पोल्स पर कभी ध्यान नहीं देता और अपने ज्ञान-ध्यान में लगा रहता हू। माननीय मोदी जी भी चुनावी रैलियों और रोड शो से फारिग होकर कन्याकुमारी स्थित विवेकानन्द स्मारक शिला पर ध्यान लगाने पहुँच गए थे। विपक्ष ने उनके ध्यान को सजीव प्रसारित करने के खिलाफ केंचुआ की शरण ली थी ,विपक्ष को आशंका है कि माननीय ध्यान के जरिये देश की उस जनता को भ्रमित कर सकते हैं जो कि अंतिम और सातवें चरण में मतदान करने वाली है। मुझे लगता है कि माननीय के योग=ध्यान पर ध्यान नहीं देना चाहिए। वे जो करते हैं राष्ट्रहित में करते हैं। यदि उनका और उनकी पार्टी का चुनावी गणित सही बैठता है तो उन्हें सत्ता से कोई भी हटा नहीं सकता।

याद कीजिये कि जब भाजपा 2019 के आम चुनाव में प्रति बूथ 20 नए मतदाता जोड़कर अनेक राज्यों में विपक्ष का सूपड़ा साफ कर सकती है तो 2024 के चुनाव में भाजपा प्रति बूथ 370 नए मतदाता जोड़कर 400 पार क्यों नहीं कर सकती ? भाजपा को 400 पार करने से कोई नहीं रोक सकता बल्कि उसके हर सांसद को कम से कम पांच लाख से जीत भी दिला सकता है। कलिकाल की राजनीति में जो कामरुप है, जो जातुधान है उसकी माया की काट किसी कि पास नहीं होती शायद। ये माया अपने आप कट जाये तो और बात है। मायामृग ही युद्ध का कारण बनता है। इस चुनाव में भी सत्तारूढ़ दल सत्ता की सीता के लिए खुद ही सोने कि हिरण छोड़ रहा है और खुद ही उसका शिकार भी कर रहा है। भाजपा ने उन सभी राज्यों में जाकर शिकारगाह बनाने की कोशिश की जहाँ उसे पांव रखने की भी जगह नहीं थी। ;भाजपा दक्षिण में साफ और उत्तर में हाफ के विपक्ष के नारे को गलत साबित करना चाहती है। इसके लिए उसने जोखिम पर जोखिम लिए है। दिखाने के लिए भाजपा ने अपनी मातृ संस्था आरएसएस से भी कन्नी काट ली है ,क्योंकि भाजपा के जन्म से पहले 1977 में जो विपक्षी गठबंधन बना था वो दोहरी सदस्यता के नाम पर टूट गया था।

एक्जिट पोल कितने सच ,कितने झूठ होते हैं

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादकः रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादकः पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालयः सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालयः कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## व्यंग्य

# श्मशान 99 टीवी पर एग्जिट पोल

-- **रामविलास जांगिड़**

श्मशान घाट की सूनी, सन्नाटेदार रात में एक मनोरंजन तमाशा चल रहा था। अभी श्मशान में ताजा चुनाव हुए थे। भूतनियां और भूत लोग मतदान करने के बाद एग्जिट पोल देखने के लिए इकट्ठा हुए थे। इसे कवर करने वाले एंकर उल्लू, बिल्ली व चमगादड़ थी। न्यूज चैनल का सेट भूतिया टॉर्च की रोशनी में जगमगा रहा था। उल्लू ने अपने माइक को संभालते हुए कहा, "नमस्ते! श्मशान 99 टीवी पर आपका स्वागत है! आज हम यहां श्मशान घाट के ऐतिहासिक चुनाव के एग्जिट पोल को कवर करने के लिए हैं। मैं हूं आपका होस्ट, उल्लू उड़न-छू, मेरे साथ हैं मेरी सहयोगी बिल्ली बिल्लो और हमारे विशेष संवाददाता चकलू चमगादड़।"

बिल्ली बिल्लो ने अपने पंजों को चाटते हुए कहा, "धन्यवाद, उड़न-छू! आज का दिन बहुत मनोरंजन भरा है। देश में चुनाव मनोरंजन के रूप में ही देखा जाता है। हमारे पास भूतिया दर्शकों की जबरदस्त भीड़ है, जो जानना चाहती है कि आखिरकार कौन जीतेगा? खोपड़ी पार्टी, राष्ट्रीय अर्थी दल, अपना हड्डी लीग या कफन पार्टी।" चकलू चमगादड़, जो थोड़ा सुस्त दिख रहा था, ने अपने भारी स्वर में कहा, "हां, बिल्लो। हमने पूरे श्मशान घाट का दौरा किया और भूतों से उनकी राय जानी। खोपड़ी पार्टी ने बड़े वादे और चुनावी घोषणा पत्र जारी किए हैं।"

उल्लू उड़न-छू ने दर्शकों की ओर देखते हुए कहा, "तो चलिए, सबसे पहले हम चलते हैं, हमारे ग्राउंड-जीरो रिपोर्टर भूतनाथ के पास, जो सीधे पोलिंग बूथ से रिपोर्ट कर रहे हैं।" स्क्रीन पर भूतनाथ प्रकट होते हैं, जो एक फटे पुराने कफन में लिपटे हुए हैं। उनका चेहरा किसी धुंधले आभास की तरह दिख रहा है। टीवी स्क्रीन पर जोरदार बदबू का भभका आ रहा है। "हां, उड़न-छू! यहां पोलिंग बूथ पर बहुत ही मनोरंजक माहौल है। भूत लोग अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुके हैं। मैंने कुछ प्रमुख भूतों से बातचीत की है और लगता है कि इस बार मुकाबला कफन पार्टी व खोपड़ी पार्टी के बीच कड़ा है। बाकी शेष दल एक दूसरे का वोट काटने में ही लगे हैं।"

# नेताओं की भूख और गरीब की मजबूरी

**डॉ. सुरेश कुमार**

**गर्मी** के दिन थे, मेरे मित्र को बहुत पसीना आ रहा था। मैंने सोचा, चलो गर्मी का असर है। लेकिन हकीकत कुछ और थी। उसने बताया कि स्थानीय दबंग विधायक के बेटे ने पचास बोरी चावल की माँग की है। न देने पर आगे खैर नहीं की धमकी दी है। मैंने पूछा, ह्लइतने बड़े विधायक के घर में खाने के लाले पड़ गए हैं क्या?ह्व उसने कहा, ह्लनेता लोग जोंक की तरह होते हैं। दूसरों का खून चूसने वाले भूख से नहीं मर सकते। ये तो भूख के नाम पर धंधा करते हैं। जब मैंने पूछा कि वे इन पचास बोरी चावल का क्या करेंगे, मित्र ने कहा, ह्लभीड़-भाड़ वाली जगहों पर जरूरतमंदों में चावल बाँटकर नाम कमाना चाहते हैं। अपनी जेब से कभी एक पैसा खर्च नहीं करते, इसीलिए उन्होंने मुझे फोन किया।ह्व मैंने कहा, ह्लयह तो बड़ी गजब बात है। चावल दे कोई, बाँटे कोई, और नाम कमाए कोई। यह तो वही बात हुई- काम किसी का, नाम किसी का। फिर भी, मित्र ने पचास बोरी चावल पहुँचा दिया। अगले दिन समाचार पत्रों में विधायक जी की बड़ी मुंडी के साथ उनके लाड़ले की छोटी मुंडी भी छपी। उसमें लिखा था कि स्थानीय विधायक जी पार्टी की ओर से अपनी जेब से पैसा खर्च कर पचास बोरी चावल जरूरतमंदों में बाँट रहे हैं। विधायक जी बड़े अक्लमंद हैं। वे भविष्य के लिए मंच तैयार करने के लिए चावल बाँटने की जिम्मेदारी अपने बेटे को सौंप दी। जिले के समाचार पत्रों में बेटे की बड़ी मुंडी वाली फोटो छपी। बड़े-बड़े अक्षरों में बेटे द्वारा चावल बाँटने की बात लिखी थी।

बेटा भी कहाँ कम था। उसने यह जिम्मेदारी ब्लॉक के नेताओं को सौंप दी। ब्लॉक के नेताओं ने ब्लॉक स्तर पर अपनी-अपनी मुंडियाँ ऐसे छपवाई जैसे काली माई ने नरमुंडमाला पहनी हो। उन्होंने चावल बाँटने की जिम्मेदारी लंबी जुबान लटकाए अपने पिछलग्गुओं को सौंप दी। अब पिछलग्गु थे लंबी जुबान और मोटी तोंद वाले। सो उन्होंने चावल बाँटने की जगह सारा का सारा चावल हड़प लिया। इस तरह, समाचार पत्रों के हिसाब से जरूरतमंदों में चावल बंट चुका था। विधायक जी की प्रशंसा हो रही थी। सभी समाचार पत्र उन्हीं की खबरों से पटे पड़े थे।

## न्यूज फ्लैश

### नाबालिग अप्रहत बरामद

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया

थाना बरसाना पुलिस ने नाबालिग अपहृता को 24 घण्टे के अन्दर बरामद कर लिया और एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। 30 मई को थाना बरसाना पर धारा 363 आईपीसी से सम्बन्धित नाबालिग अपहृता उम्र करीब 17 वर्ष को 31 मई को 24 घण्टे के अन्दर थाना मोड कस्बा बरसाना से बरामद कर लिया गया तथा मुकदमा से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त सुशील पुत्र राम सिंह निवासी जाटव मौहल्ला कस्वा व थाना बरसाना को गिरफ्तार किया गया।

### हिसार : गुजवि ने चार ऑनलाइन कोर्स एवं एक ओडीएल कोर्स के लिए आवेदन किया

हिसार/टीम एक्शन इंडिया

गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन के तहत संचालित होने वाले चार ऑनलाइन कोर्स एवं एक ओडीएल कोर्स के लिए आवेदन किया। आवेदन की अंतिम प्रक्रिया को पूर्ण करते हुए विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. विनोद छोकर ने शनिवार को कहा कि ये सभी कोर्स रोजगारपरक हैं एवं समय की मांग के अनुसार डिजाइन किए गए हैं।

इस अवसर पर प्रो. विनोद छोकर ने सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन की पूरी टीम को बधाई और शुभकामनाएं दी। नए शैक्षणिक सत्र से ही एमकॉम, एमसीए, एमबीए (मार्केटिंग, फाइनेंस, एचआर, इंटरनेशनल बिजनेस, इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, प्रोडक्शन एंड ऑपरेशन मैनेजमेंट मैनेजमेंट), एमए (मास कम्युनिकेशन) ऑनलाइन मोड में एवं एमए (हिन्दी) ओडीएल मोड में शुरू होंगे।

सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन के निदेशक प्रो. खुजान सिंह ने बताया सीडीओई पहले से ही तीन अंडर ग्रेजुएट कोर्स जैसे बीए, बीकॉम, बीए (मास कम्युनिकेशन) और छह पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स जैसे एमए (मास कम्युनिकेशन), एमएससी (मैथस), एमबीए, एमकॉम, एमसीए, एमए (इंग्लिश) ओडीएल मोड में संचालित कर रहा है। इसके साथ-साथ पांच डिप्लोमा कोर्स जैसे की सर्टिफिकेट इन कंप्यूटर एप्लीकेशन, डिप्लोमा इन फूड क्वालिटी एश्योरेंस, सर्टिफिकेट इन फूड क्वालिटी एश्योरेंस, सर्टिफिकेट इन वीडियो फिल्म प्रोडक्शन, डिप्लोमा इन सॉलिड एंड हेजरडयस वेस्ट मैनेजमेंट ओडीएल मोड में संचालित कर रहा है। प्रो. खुजान सिंह ने बताया कि इसके अलावा छह एक वर्षीय ऑनलाइन डिप्लोमा कोर्स जैसे डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लीकेशंस, डिप्लोमा इन डेटा साइंस, डिप्लोमा इन सप्लाई चेन एनालिटिक्स, डिप्लोमा इन बैंकिंग एंड फाइनेंशिस, डिप्लोमा इन फाइनेंशियल मार्केट, डिप्लोमा इन बिजनेस एनालिटिक्स नए सत्र से शुरू करने जा रहे हैं।

इसके साथ-साथ विश्वविद्यालय द्वारा पहले ही 17 सर्टिफिकेट कोर्स के लिए हरियाणा नॉलेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड के साथ एक एमओयू साइन किया जा चुका है। ये सभी 17 सर्टिफिकेट कोर्स ऑनलाइन मोड में सीडीओई द्वारा संचालित किए जाएंगे। ये कोर्स क्रमशः सर्टिफिकेट इन एडवांस एकाउंटिंग, सर्टिफिकेट इन ऑटो सीएडी, सर्टिफिकेट इन डेस्कटॉप एंड हार्डवेयर स्पोर्ट, सर्टिफिकेट इन ऑफिस एसिसटेंस, सर्टिफिकेट इन कोरल ड्रा, सर्टिफिकेट इन ग्राफिक डिजाइनिंग, सर्टिफिकेट इन वीडियो एडिटिंग, सर्टिफिकेट इन इंगलिश कम्युनिकेशन एंड सॉफ्ट स्किल्स, सर्टिफिकेट इन फाइनेंशियल एकाउंटिंग, सर्टिफिकेट इन एडवांसड एक्सेल, सर्टिफिकेट इन आइटी नेटवर्क स्पोर्ट, सर्टिफिकेट इन आइटी सिक्योरिटी स्पोर्ट, सर्टिफिकेट इन फोटो एडिटिंग, सर्टिफिकेट इन एडोब (डीटीपी), सर्टिफिकेट इन वेब डिजाइनिंग, सर्टिफिकेट इन सी एंड सी प्लस प्लस प्रोग्रामिंग शुरू किए जा रहे हैं।

### रतिया में बदमाशों ने दो युवकों से मारपीट कर नकदी व बाईक छीना

फतेहाबाद/टीम एक्शन इंडिया

जिले के शहर रतिया में कुछ बदमाशों द्वारा दो युवकों पर हमला कर उनसे नकदी व मोटरसाइकिल छीनने का मामला सामने आया है। हमले में घायल दोनों युवकों को रतिया के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां से इन्हें अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। इस मामले में रतिया पुलिस ने शनिवार को केस दर्ज किया है।

पुलिस को दी शिकायत में गांव सुखलमपुर निवासी सचिन ने कहा है कि वह रतिया मे काम करता है। गत दिवस शाम को वापस घर जाने लगा तो उसके पास भतीजे अंकित का फोन आया और कहा कि वह रतिया में ट्रेड फेयर मेले देखने चलते है। इसके बाद वह ट्रेड फेयर देखने चले गए। रात करीब साढ़े 10 बजे जब वह वापस गांव जा रहे थे और लोहारी चौक, अनाज मण्डी रोड रतिया के पास पहुंचे तो सामने दो मोटरसाइकिलों पर 5 युवक हाथों में गंडासा व हथियार लिए खड़े थे।

# मुठभेड़: सुबह पकड़ा, दोपहर में भागा, रात में ठेर

## पहली मुठभेड़ में दोनों पैरों में लगी थी मुठभेड़ के दौरान गोली, जिला अस्पताल से ऑपरेशन से पहले ही हो गया था फरार

लोकेश चौधरी

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया

सुबह पुलिस के साथ मुठभेड़ हुई। दोनों पैरों में गोली लगी। ऑपरेशन से पहले ही पुलिस को चकमा देकर वह भाग निकला। रात को पुलिस की एक बार फिर मुठभेड़ हुई और महिला के साथ बलात्कार और लूट के आरोपी मनोज को पुलिस ने मार गिराया। 17 घंटे में बेहद तेजी से घटनाक्रम के दौरान दो पुलिसकर्मियों के खिलाफ भी रिपोर्ट दर्ज हुई। घायल अवस्था में बदमाश को एक बार फिर अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शनिवार सुबह शेरगढ़ क्षेत्र में पुलिस और एसओजी टीम ने घेराबंदी की और सात राउंड फायरिंग हुई। फिर बदमाश खेत की तरफ भाग निकला। पुलिस ने बदमाश



को दौड़ाकर गोली मारी। पुलिस के साथ हुई पहली मुठभेड़ के समय पुलिस मुठभेड़ में मारे गये 29 वर्षीय मनोज उर्फ उत्तम पुत्र चन्द्रभान निवासी ग्राम मई थाना शेरगढ़ जिला मथुरा पर 25 हजार का इनाम था। पुलिस कस्टडी से भागने पर इनाम 50 हजार कर दिया गया था।

> **जिला** अस्पताल से फरार हुआ 50 हजार का शातिर अपराधी मनोज मुठभेड़ में मारा गया है। शेरगढ़ क्षेत्र में उनके साथ मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ के बाद सीएचसी पर ले जाया गया जहां मृत घोषित किया गया। यह शातिर किस्म का अपराधी था। इसके खिलाफ पूर्व में कई आपराधिक मामले दर्ज थे। इसकी गिरफ्तार के लिए कई टीमें लगाई गई थी।
>
> **-शैलेश पांडेय, एसएसपी मथुरा**

थाना क्षेत्र शेरगढ़ में दलौता से सेई रोड पर लौह लारी माता मंदिर तिराहा से करीब 200 मीटर अगरयाला की तरफ बंबा की पटरी पर शनिवार सुबह करीब साढ़े तीन बजे पुलिस की मुठभेड़ हुई। इसके पास से एक पिस्टल .32 बोर कन्ट्री मेड मय मैगजीन, आठ जिंदा कारतूस .32 बोर, सात खोखा कारतूस .32 बोर और एक मोटरसाइकिल स्प्लेंडर प्लस बिना नंबर प्लेट की बरामद हुई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीम गठित की गयी थीं। जनपद मथुरा में तथा पूरे आगरा जोन में पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग की गई। पुलिस महानिरीक्षक आगरा परिक्षेत्र आगरा द्वारा 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।

## फीडर में आई तकनीकी खामी

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया

राधिका विहार बिजलीघर से पोषित गोवर्धन रोड फीडर में तकनीकी गड़बड़ी आने से उपभोक्ताओं में आक्रोश है। इस फीडर पर दिन भर बिजली आने जाने से उपभोक्ताओं को आर्थिक नुकसान के साथ उपकरण भी खराब हो रहे हैं। जानकारी के बाद भी कोई भी अधिकारी सुधार की दिशा में कोई कदम नहीं उठा रहा है। गर्मी में शहर के कुछ हिस्से की लाइट नहीं चल पा रही है।

इसमें राधिका विहार बिजलीघर का गोवर्धन रोड फीडर भी शामिल है। शनिवार तड़के फॉल्ट होने से घंटों बिजली आपूर्ति बाधित रही। गत रात्रि में इस फीडर की लाइट टू फेस हो गई। दो-तीन घंटे रात्रि में भी बिजली बंद रही। आंधी में पोल गिरने से इस क्षेत्र की सप्लाई घंटों बाधित रही। बिजली घर एवं गोवर्धन रोड फीडर पर लगातार फॉल्ट होने से प्रतिदिन सप्लाई बंद रह रही है। पिछले दो-तीन दिन में यह फीडर दिन में 15 से 20 बार बंद और चालू हुआ। यानि लाइट चालू हुई और कुछ देर चलने के बाद बंद हो गई। यह समस्या लंबे समय से चली आ रही है। इससे क्षेत्रीय उपभोक्ताओं में आक्रोश है। वहीं कॉलोनी वासी भी परेशान है। बिजली के लिए लगवाए गए जनरेटर भी कभी-कभी जवाब या खराब हो रहे हैं। घंटों जनरेटर चलाना पड़ रहा है। इससे उपभोक्ताओं को आर्थिक नुकसान भी हो रहा है। इंजीनियर यही कहते रहते हैं कि लोड ज्यादा है या लाइन में ब्रेक डाउन हो गया है,लेकिन समस्या का निस्तारण लंबे समय से नहीं हो पा रहा है। इससे स्पष्ट है कि अधिकारी भी इस दिशा में लापरवाही बरत रहे हैं जबकि शासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली आपूर्ति उपलब्ध करानी है। मथुरा जोन के चीफ इंजीनियर एसके जैन के अनुसार इस फीडर की शिकायत मिली है। इसकी रिपोर्ट अधीनस्थों से मांगी गई है। बताया कि इस क्षेत्र के लिए 33 केवी बिजलीघर प्रस्तावित है।

## वसूली को गये विद्युत कर्मियों को पीटा

लोकेश चौधरी

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया

चुनावी शोर थम गया हैं। विद्युत विभाग ने फिर बकायेदारों से वसूली शुरू कर दी है। शनिवार को गोकुल में बकाया वसूली को गये विद्युत कर्मियों के साथ लोगों ने मारपीट कर दी। बताया जा रहा है कि एक कर्मचारी इस दौरान बेहोश हो गया। पिटने के बाद विद्युतकर्मी थाने पहुंचे और अपने अधिकारियों को घटना की जानकारी दी। थाना महावन में मारपीट करने वाले सुनील पुत्र सत्य प्रकाश प्रताप पुत्र सत्य प्रकाश व विजय सिंह पुत्र चन्द्र पाल, निवासी प्रेम नगर व तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। गोकुल बिजली घर से पोषित प्रेम नगर में कर्मचारियों से मारपीट की घटना हुई। वसूली को गये कर्मचारियों का आरोप है कि उनसे दस्तावेज भी छुडा कर फाड दिये।

## छतों पर लगे टावर बन सकते हैं हादसे की वजह

लोकेश चौधरी

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया

छतों पर लगे विद्युत टावर हादसे की वजह बन सकते हैं। शंकर विहार कॉलोनी, कृष्णा नगर में शुक्रवार की शाम को आई आंधी में छत पर लगा एक टावर टूट कर सड़क पर जा गिरा। जिस जगह टावर गिरा वहां से 33 केवी की विद्युत लाइन भी जा रही है। टावर टूट कर पहले लाइन पर गिरा उसके बाद एक खाली प्लाट में जा गिरा। स्थानीय निवासी राज, मोहन, अज्जू, इनोस आदि ने बताया कि बड़ा हादसा होने से बचा। जिस समय टावर गिरा उस समय विद्युत लाइन में करंट नहीं था अगर लाइन चालू होती तो बड़ा हादसा हो सकता था। इन



लोगों ने मांग की कि इस तरह के टावर आबादी क्षेत्र में घरों की छतों के ऊपर नहीं होने चाहिए। ऐसे टावरों को हटाया जाए। इनसे कभी भी बडा हादसा हो सकता है। इसकी शिकायत भी स्थानीय पार्षद सहित दूसरे लोगों से की गई है लेकिन कोई सुनवाई नहीं कर रहा है।

आबादी क्षेत्र में छतों पर मोबइल टावर भी लगे हुए हैं ये भी हादसे का सबब बन सकते हैं। शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। आसपास जिन लोगों के मकान हैं वह डरे सहमे हैं।

## राल में पशु चिकित्सालय के घटिया निर्माण को किया गया ध्वस्त

**खराब गुणवत्ता**

**उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद की रिपोर्ट पर सीडीओ ने निरीक्षण उपरांत उठाया कदम**

लोकेश चौधरी

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया

राल स्थित महर्षि देवराह बाबा निराश्रित गोशाला के निकट पशु चिकित्सालय के निर्माण को खराब गुणवत्ता के चलते ध्वस्त किया गया है। इस मामले में उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण एव श्रम विकास सहकारी समिति और निर्माण एजेंसी के



खिलाफ कड़े कदम उठाए हैं। गौरतलब रहे कि राल में महर्षि देवरहा बाबा निराश्रित गौशाला में पांच हजार से अधिक गाय हैं। गौशाला के निकट उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी समिति द्वारा पशु चिकित्सालय का निर्माण किया जा रहा है। अब तक यहां भवन का फाउंडेशन और कुछ ऊपरी हिस्सा का निर्माण किया गया है। दो दिन पहले उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के डिप्टी सीईओ जेपी पांडेय के नेतृत्व में परिषद की तकनीकी टीम ने पशु चिकित्साल के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस तकनीकी जांच में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं सामने आई। ईंटों की चिनाई में खामी मिली। दीवार के किनारे पर चटकने के निशान थे। निर्माण कार्य में मीठे पानी के स्थान पर खारे पानी का प्रयोग किया जा रहा था। निर्माण कार्यों की समुचित तराई ना होने से ईंटो की बाहरी सतह सफेद थी। मिक्स श्रेणी के ईंटों का प्रयोग पाया गया। फ्लोर में काली मिट्टी भरी जा रहा थी। स्थल का स्ट्रक्चरल ड्राइंग एवं बिल्डिंग ले आउट प्लान उपलब्ध नहीं मिला।

उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के तकनीकी दल के निरक्षण की इस रिपोर्ट पर सीडीओ मनीष मीणा ने बीते दिवस स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था के सहायक और अवर अभियंता को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी कर दी है। निर्माण एजेसी के खिलाफ कड़े कदम उठाए हैं।

इसके साथ ही खराब गुणवत्ता संबंधी उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद की रिपोर्ट के आधार पर पशु चिकित्सालय के निर्माण को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया गया है।

## जाम बन रहा वृंदावन की पहचान



लोकेश चौधरी

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया

धार्मिक नगरी वृंदावन के नगर निगम चौराहे पर शाम को जाम की स्थिति ऐसी बनी की कई घंटो तक राहगीर जाम के झाम में फंसे रहे। नगर निगम चौराहे से अटला चुंगी चौराहे तक दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगी रही। भीषण गर्मी में घंटो जाम में फंसे लोग प्रशासन को कोसते हुए नजर आए और साथ ही कमाल की बात यह रही कि नगर निगम चौराहे से अटला चुंगी तक घंटो भारी जाम की स्थिति बनी रही। उसके बावजूद भी नगर निगम चौराहे से कुछ ही दूर पर स्थित कोतवाली पुलिस अपनी ड्यूटी को लेकर पूरी तरह लापरवाह नजर आई। जिसके चलते स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं शनिवार को भी वृंदावन में जाम की स्थिति बनी रही। वृंदावन के चौराहे, तिराहे और गलियों में भी ई रिक्शा और चार पहिया वाहन का जाम लगा रहा। जिसके चलते बाहर से आने वाले श्रद्धालु और वृंदावन में रहने वाले लोग काफी परेशान नजर आए। आपको बता दें कि समय समय पर प्रशासन के द्वारा वृंदावन में जाम की स्थिति से निजात पाने के लिए कई मीटिंग की जाती है, लेकिन वृंदावन में जाम की समस्या जैसी की तैसी बनी हुई है। कई बार वृंदावन के व्यापारी और साधु समाज ने भी शासन प्रशासन से जाम की स्थिति से निजात करने के लिए गुहार लगाई है, लेकिन वृंदावन में जाम अब आम हो गया है।

## दो युवकों को देसी शराब के साथ किया गिरफ्तार

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया

वृंदावन थाना कोतवाली पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से नगीना मार्का देसी शराब के 60 पव्वा बरामद हुए हैं। दोनों युवकों का नाम पुरुषोत्तम उर्फ छोटू पुत्र स्व. मदन गोपाल निवासी गोपीनाथ बाजार थाना वृंदावन उम्र 27 वर्ष के पास से 40 पव्वा एवं शहजाद पुत्र सलीम खान निवासी डीग गेट ईदगाह शाही मस्जिद थाना गोविंद नगर उम्र करीब 28 वर्ष से नगीना मार्का देसी शराब के 20 पव्वा बरामद हुए हैं। वृंदावन कोतवाली प्रभारी आनंद कुमार शाही ने बताया कि दोनों ही युवक देसी शराब बेचने का काम करते हैं। पुरुषोत्तम को वृंदावन स्थित पेंटून पुल के पास से जामा तलाशी में गिरफ्तार किया। जिसके पास से 40 देसी शराब के पव्वा बरामद हुए हैं। वहीं शहजाद को छह शिखर तिराहा सुनरख रोड से गिरफ्तार किया है।

## आक्रोशित ग्रामीणों ने घेरा बिजली घर, कर दी तालाबंदी

लोकेश चौधरी

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया

सुचारू विद्युत आपूर्ति न मिलने पर आक्रोशित ग्रामीणों ने शनिवार को बलदेव बिजली घर पर हंगामा किया। इस दौरान बिजली घर का घेराव किया और तालाबंदी कर दी। बलदेव बिजली घर के सब स्टेशन बरौली, मरोड़ा व बलदेव में विद्युत आपूर्ति सुचारू नहीं मिलने का ग्रामीणों ने आरोप लगाया। जिसके चलते पानी के लिए क्षेत्रीय किसान परेशान हैं। वहीं पशुओं के लिए भी पीने के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है।



हंगामा करने वाले ग्रामीणों का आरोप है कि जब वह बिजली घर पहुंचे तो वहां कोई अधिकारी नहीं मिला। बिजली घर पर तालाबंदी की सूचना मिलते ही मौके बलदेव थाने से पुलिस पहुंच गई। किसान संगठन के गजेंद्र सिंह परिहार, ललित शर्मा, गणेश तोमर, अवधेश रावत, उदयवीर सरपंच, छोटू किसानों के बीच पहुंचे मौके की नजाकत को देखते हुए गजेंद्र सिंह परिहार आदि भी पहुंच गये। इसके बाद उपखंड अधिकारी बलदेव संजय सिंह आक्रोशित किसानों के बीच पहुंचे। किसानों को विश्वास दिलाया और कहा कि विद्युत आपूर्ति की समस्या नहीं रहेगी। विभागीय कर्मचारियों द्वारा जो भी अनियमित बरती जा रही हैं उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। इस आश्वासन पर आक्रोशित किसान शांत हुए। इस अवसर पर योगी प्रधान कॉलोनी, समर सिंह, बिकास प्रधान जाटोर, रामु सिंह, मनवीर सिंह, खिलान सिंह, रिंकू प्रधान, प्रेमपाल सियाराम, गोलों, लेखराज प्रधान सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## भीषण गर्मी में जायद की फसल बर्बाद हुई, खरबूज, तरबूज आदि फसलें जलीं

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया

बलदेव क्षेत्र में इन दिनों अधिक तापमान व गर्म हवा चलने से जायद की फसल तरबूज, खरबूज, लौकी, तोरई, टिंडे, मूंग आदि की फसलों को भीषण लू लगने से उत्पादन आधे से भी कम रह गया है, जिससे किसानों की लागत भी निकलना मुश्किल होगी। तरबूज, खरबूज की फसल शुरू में अच्छी रही, लेकिन जैसे जैसे तापमान में वृद्धि होती गई, भीषण गर्मी व लू से तरबूज खरबूज सड़ने लग गए हैं। गढ़सौली के रामवीर सिंह तोमर ने कहा कि लीज पर खेती कर रहे जगमोहन सिंह सोलंकी, पप्पू उर्फ सुखवीर के खेतों में लू के कारण तरबूज सड़ गए हैं। जिससे उन्हें लाखों रुपए का नुकसान हुआ है।



दवा झिड़काव के बाद भी फसल को बचाया नहीं जा सका है। इसी तरह लू और आसमान से बरसती आग से मूंग की फसल में भारी नुकसान हुआ है।

दाने पतले हो गए, उत्पादन पर गंभीर असर पडा है। किसानों के खेतों में मक्का भी लू से झुलस गई है। भीषण गर्मी में नहर बंबे सूखे पड़े हैं, ट्यूबेल भी हाफ गए हैं, जिसके कारण जायद की फसलों में किसान सिंचाई भी नहीं कर पा रहे हैं जिससे भीषण गर्मी और लू के प्रकोप से फसलों को बचान मुश्किल हो रहा है। क्षेत्रीय किसान हरिपाल सिंह, श्याम परिहार, हरिओम परिहार, राधेश्याम परिहार, सोनवीर तोमर, बच्चू सिंह, कन्हैया काका, पंचम पचौरा, सोरन सिंह, पुष्पेंद चौधरी, अमर सिंह प्रधान, गौरव सिंह तोमर, मेहताब सिंह, सोहन सिकरवार, रमेश चंद्र उपाध्याय, ओमप्रकाश उपाध्याय, श्रीनिवास उपाध्याय, हीरा सिंह चौधरी, धर्मेंद्र गौतम, अनिल कुमार चौधरी, मोहन सिकरवार, डा रमेश चंद्र सिकरवार आदि ने शासन प्रशासन से फसलों का सर्व करवा कर मुआवजे की मांग की है। जिससे पीड़ित किसानों को राहत मिल सके।

## एके उपाध्याय संरक्षक, नेहा बनी अध्यक्ष

**बैठक**

**राजीव भवन मथुरा मे हुई प्रादेशिक विकास सेवा संगठन उत्तर प्रदेश जनपद इकाई मथुरा की बैठक हुई**

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया

राजीव भवन मथुरा मे हुई प्रादेशिक विकास सेवा संगठन उत्तर प्रदेश जनपद इकाई मथुरा की बैठक हुई बैठक मे अभी सदस्यों ने अपने अपने विचार विमर्श किये बैठक में सर्व सहमति से ए.के उपाध्याय, गरिमा खरे, दुष्यंत कुमार, विजय कुमार पांडे सरंक्षक व विकास खंड अधिकारी फरह नेहा रावत अध्यक्ष चुनी गईं। वहीं नरेश कुमार



महामंत्री, अश्वनी कुमार कोषाध्यक्ष, मिडिया प्रभारी गणेश दत्त शुक्ला बनाये गए। बैठक शांति पूर्वक संपन्न हुई।

नेहा रावत ने अध्यक्ष बनने के बाद सभी का अभिनंदन किया। सभी का हर समस्या में साथ देने का वादा किया।

**फोटो:** प्रादेशिक विकास सेवा संगठन उत्तर प्रदेश जनपद इकाई मथुरा के नव निर्वाचित पदाधिकारी।

## विदेशी मुद्रा भंडार 646.67 अरब डॉलर पर

एजेंसी

**मुंबई।** लगातार तीन हफ्ते लगातार बढ़ने के बाद विदेशी मुद्रा भंडार में इस हफ्ते मामूली सी गिरावट आई है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 24 मई को समाप्त हफ्ते में 2.03 अरब डॉलर घटकर 646.67 अरब डॉलर रहा। इससे पिछले हफ्ते विदेशी मुद्रा भंडार 4.55 अरब डॉलर की उछाल के साथ 648.7 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने जारी आंकड़ों में बताया कि 24 मई को समाप्त हफ्ते में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.03 अरब डॉलर घटकर 646.67 अरब डॉलर रहा है। आरबीआई के मुताबिक इस अवधि में मुद्रा भंडार का अहम घटक मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.51 अरब डॉलर घटकर 567.49 अरब डॉलर रह गईं। इसका कारण डॉलर के मुकाबले रुपए के मूल्य में आयी गिरावट माना जा रहा है।

आंकड़ों के मुताबिक इस दौरान स्वर्ण भंडार का आरक्षित मूल्य 48.2 करोड़ डॉलर घटकर 56.71 अरब डॉलर रह गया है। वहीं, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 3.3 करोड़ डॉलर घटकर 18.13 अरब डॉलर रहा है। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के पास भारत की आरक्षित जमा भी 10 लाख डॉलर घटकर 4.33 अरब डॉलर रह गया।

## मारुति सुजुकी का डीलर इन्वेंट्री फाइनेंसिंग के लिए डीबीएस बैंक के साथ समझौता

एजेंसी

**नई दिल्ली।** यात्री वाहन बनाने वाली देश की सबसे बड़ी कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) ने डीलर इन्वेंट्री फंडिंग के लिए डीबीएस बैंक के साथ एक समझौता किया। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि यह नया समझौता देश भर में 3,863 से अधिक मारुति सुजुकी बिक्री आउटलेटों के लिए व्यापक इन्वेंट्री फंडिंग विकल्पों को बढ़ाता है। कंपनी के विपणन और बिक्री के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी पार्थो बनर्जी ने कहा कि यह साझेदारी देश भर में मारुति सुजुकी के व्यापक डीलर नेटवर्क को उनकी बढ़ती व्यावसायिक जरूरतों के अनुरूप नवीन वित्तीय उत्पाद प्रदान करने की दिशा में एक कदम है।उन्होंने कहा, ÷ यह रणनीतिक गठबंधन हमारे डीलर भागीदारों के लिए व्यापक कार्यशील पूंजी समाधान प्रदान करने के लिए एमएसआईएल और डीबीएस बैंक इंडिया की संयुक्त क्षमताओं का उपयोग करके बैंक के साथ हमारे संबंधों को मजबूत करता है।

## सीपीसी का 15 वर्ष पूर्ण

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग के बेंगलुरु स्थित केंद्रीकृत प्रसंस्करण केंद्र (सीपीसी) ने अपनी यात्रा के 15 वर्ष पूरे कर लिए हैं।

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के अध्यक्ष नितिन गुप्ता ने एक वीडियो संदेश के माध्यम से सीपीसी के अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित किया। 15 वर्ष पूर्ण करने के अवसर पर सीपीसी को बधाई देते हुए उन्होंने वहां तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों की निर्बाध करदाता सेवाएँ प्रदान करने के लिए उनके ईमानदार और समर्पित प्रयासों की सराहना की। सीबीडीटी के सदस्य (एस बाद एफ एफ) संजय कुमार वर्मा ने सीपीसी बेंगलुरु में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता की और इसमें अन्य अधिकारियों/अधिकारियों ने भाग लिया, जिनमें वे लोग भी शामिल थे जो इस परियोजना से जुड़े रहे थे। सीपीसी की स्थापना 2009 में एक बैक-ऑफिस सुविधा के रूप में की गई थी, ताकि ई-फाइल और पेपर रिटर्न को अधिकार क्षेत्र से मुक्त तरीके से संसाधित किया जा सके और करदाता द्वारा देय कर या देय रिफंड का शीघ्रता से निर्धारण किया जा सके। पिछले कुछ वर्षों में, सीपीसी निर्बाध करदाता सेवाओं के एक चमकते हुए प्रकाश स्तंभ के रूप में उभरा है और उन्हें बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास करता है।



## एलजी का नया वैश्विक अभियान 'आशावाद के साथ जीवन अच्छा है' शुरू

**नयी दिल्ली।** कंज्यूमर ड्यूरेबल्स ब्रांड एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने 'लाइफ्स गुड' वैश्विक अभियान लॉन्च किया है। कंपनी ने यहां जारी बयान में इसको एलजी ब्रांड के पुनरुद्धार में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताते हुये कहा कि 'आशावाद के साथ जीवन अच्छा है' के प्रेरक बैनर के तहत अभियान का उद्देश्य सकारात्मकता की भावना पैदा करना और लोगों को जीवन के प्रति आशावादी दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है।

## एआईबीईए अपनी विशेष वेबसाइट 'बैंक क्लिनिक' करेगी लॉन्च

**हैदराबाद।** बैंक कर्मचारियों की सबसे पुरानी और सबसे बड़ी ट्रेड यूनियन, अखिल भारतीय बैंक कर्मचारी संघ (एआईबीईए) शनिवार को मुंबई में अपनी विशेष वेबसाइट बैंक क्लिनिक लॉन्च करेगी। एआईबीईए ने यहां जारी एक बयान में यह जानकारी देते हुये कहा कि भारतीय बैंक संघ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और पंजाब नेशनल बैंक के पूर्व प्रबंध निदेशक और सीईओ सुनील मेहता वेबसाइट लॉन्च करेंगे।

# मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में भी विकास की गति जारी रहेगी : सीतारमण

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में 8.2 फीसदी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर शानदार है। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में भी विकास की गति जारी रहेगी।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि आज के जीडीपी आंकड़ें में वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 8.2 फीसदी और वित्त वर्ष 2023-24 की (जनवरी-मार्च) चौथी तिमाही के लिए 7.8 फीसदी की वृद्धि दर के साथ मजबूत आर्थिक विकास को दर्शाया है। उन्होंने कहा कि यह उल्लेखनीय जीडीपी वृद्धि दर दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे अधिक है।

सीतारमण ने कहा कि यह ध्यान देने योग्य है कि विनिर्माण क्षेत्र ने वित्त वर्ष 2023-24 में 9.9 फीसदी की




उल्लेखनीय वृद्धि देखी है, जो इस क्षेत्र के लिए मोदी सरकार के प्रयासों की सफलता को उजागर करती है। उन्होंने आगे कहा कहा कि कई उच्च आवृत्ति संकेतक ये संकेत देते हैं कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था लचीली और उत्साही बनी हुई है। वित्त मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के तीसरे कार्यकाल में भी भारत की विकास गति जारी रहेगी।

# जनवरी-मार्च की तिमाही में 7.8 फीसदी रही देश की जीडीपी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश की अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2023-24 की (जनवरी-मार्च) चौथी तिमाही में सालाना आधार पर 7.8 फीसदी की दर से बढ़ी है। इसके साथ ही पूरे वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर बढ़कर 8.2 फीसदी रही है।

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक 31 मार्च, 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 7.8 फीसदी रही है, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 6.2 फीसदी थी। देश की अर्थव्यवस्था (अक्टूबर-दिसंबर) तीसरी तिमाही में 8.6 फीसदी की उच्च दर से बढ़ी थी। हालांकि, चौथी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के अनुमान 6.9 फीसदी के पार पहुंच गई है। एनएसओ के आंकड़ों के मुताबिक पूरे वित्त वर्ष 2023-24 में



देश की जीडीपी 8.2 फीसदी की दर से बढ़ी है। इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में जीडीपी वृद्धि दर सात फीसदी रही थी। हालांकि, एनएसओ ने अपने दूसरे अग्रिम अनुमान में बीते वित्त वर्ष 2023-24 के लिए जीडीपी वृद्धि दर 7.7 फीसदी रहने का अनुमान जताया था। गौरतलब है कि जीडीपी निश्चित अवधि में देश की भौगोलिक सीमा के भीतर उत्पादित अंतिम वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य को बताती है।

# देश के आठ बुनियादी उद्योगों की वृद्धि अप्रैल में बढ़कर 6.2 फीसदी पर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अर्थव्यवस्था के मोंचे पर अच्छी खबर है। देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि की रफ्तार अप्रैल में बढ़कर 6.2 फीसदी हो गई। इससे पिछले महीने यह 5.2 फीसदी और फरवरी में 7.1 फीसदी रही थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर अप्रैल में सालाना आधार पर बढ़कर 6.2 फीसदी (अंतिम) हो गई है। इससे पिछले महीने मार्च में यह 5.2 फीसदी और फरवरी महीने में 7.1 फीसदी रही थी, जबकि एक साल पहले अप्रैल, 2023 में यह 4.6 फीसदी रही थी।आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक अप्रैल में प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद और बिजली का उत्पादन बेहतर होने से



आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर अच्छी रही है। इसके अलावा कोयला, इस्पात, कच्चे तेल और सीमेंट के उत्पादन में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई है। मंत्रालय के मुताबिक अप्रैल में कोयला उद्योग की वृद्धि दर नरम पड़कर 7.5 फीसदी रह गई जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 9.1 फीसदी थी। इस्पात उद्योग की वृद्धि दर 16.6 फीसदी से घटकर 7.1 फीसदी पर आ गई जबकि सीमेंट उद्योग साल भर पहले के 12.4 फीसदी से घटकर 0.6 फीसदी की दर से बढ़ा है।

उल्लेखनीय है कि देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों में कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली शामिल हैं। इन उद्योगों का देश के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में सम्मिलित रूप से 40.27 फीसदी की हिस्सेदारी है।

## रिजर्व बैंक ने ब्रिटेन से 100 टन सोना अपने भंडार में स्थानांतरित किया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने 1991 के बाद पहली बार ब्रिटेन से 100 टन से ज्यादा सोना अपने भंडार में स्थानांतरित किया है। ऐसा पहली बार हुआ है, जब इतने बड़े पैमाने पर इस कीमती धातु को स्थानीय स्तर पर रखे गए स्टॉक में जोड़ा गया है।

सूत्रों ने बताया कि आने वाले समय में फिर से इतनी ही मात्रा में सोना देश में आ सकता है। जानकारी के मुताबिक आरबीआई ने कुछ साल पहले सोना खरीदना शुरू किया था। चूंकि यह स्टॉक विदेशों में जमा हो रहा था इसलिए कुछ सोना भारत लाने का फैसला किया गया है। बैंक ऑफ इंग्लैंड पारंपरिक रूप से कई केंद्रीय बैंकों के लिए स्वर्ण भंडार गृह रहा है। भारत इससे अलग नहीं है, स्वतंत्रता पूर्व के दिनों से लंदन में पीली धातु यानी सोना के कुछ स्टॉक पड़े हुए हैं, जिसे भारत लाया गया है। उल्लेखनीय है कि हालिया आंकड़ों के अनुसार मार्च के अंत में आरबीआई के पास



822.1 टन सोना था, जिसमें से 413.8 टन सोना विदेशों में था। हाल के वर्षों में सोना खरीदने वाले केंद्रीय बैंकों में रिजर्व बैंक शामिल है, पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान इसमें 27.5 टन सोना जोड़ा गया था।

# डीजीसीए ने किया उड़ानों में विलंब के लिए एयर इंडिया से जवाब तलब

एजेंसी

**नई दिल्ली।** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने टाटा की अगुवाई वाली एयर इंडिया को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। विमानन नियामक डीजीसीए ने दो अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में अत्यधिक देरी और यात्रियों की समुचित देखभाल में नाकाम रहने के लिए एयर इंडिया को नोटिस भेजकर तीन दिन में जवाब मांगा है।

सूत्रों ने बताया कि डीजीसीए ने 30 मई को एयर इंडिया की दिल्ली से सैन फ्रांसिस्को जाने वाली उड़ान में 24 घंटे की विलंब के बाद कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इस नोटिस के मुताबिक एयर इंडिया से 30 मई को दिल्ली से सैन फ्रांसिस्को की उड़ान एआई 183 और 24 मई को मुंबई से सैन फ्रांसिस्को की उड़ान एआई 179 के परिचालन में अनावश्यक विलंब का जिक्र करते हुए जवाब मांगा गया है। डीजीसीए की ओर से जारी नोटिस के मुताबिक एयर इंडिया की ये दोनों उड़ानें केबिन के भीतर तापमान नियंत्रित न होने की वजह से काफी विलंब से संचालित हुई थीं। विमान में देरी और अंदर




अपर्याप्त कूलिंग के कारण कई यात्रियों को परेशानी हुई और असुविधाओं का सामना करना पड़ा था। जानकारी के मुताबिक नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने उड़ानों में देरी और यात्रियों को हुई असुविधा के इस मामले का संज्ञान लिया है, जिसके बाद एयर इंडिया को कारण बताओ नोटिस भेजा गया है।

डीजीसीए ने भेजे नोटिस में कहा है कि एयर इंडिया के खिलाफ कई बार यात्री सुविधा से जुड़े मानकों का ध्यान न रखे जाने के मामले उसके संज्ञान में आ चुके हैं। विमानन नियामक ने कहा कि एयर इंडिया बार-बार यात्रियों का ध्यान रख पाने में नाकाम हो रही है। वह यात्रियों को दी जाने वाली सुविधाओं के प्रावधानों का पालन नहीं कर रही है। ऐसे में एयर इंडिया को बताना होगा कि उसके खिलाफ कार्रवाई क्यों न की जाए।

# बैंकों ने 2014 से लेकर 2023 के बीच 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक डूबा कर्ज वसूला : सीतारमण

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार ने विभिन्न सुधारों और बेहतर प्रशासन के जरिए बैंकिंग क्षेत्र का कायापलट किया है। इसके दम पर बैंकों ने 2014 से लेकर 2023 के बीच 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक डूबे कर्ज की वसूली की है।

निर्मला सीतारमण ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि बैंकिंग क्षेत्र को देश की अर्थव्यवस्था का रीढ़ माना जाता है। हाल में भारत के बैंकिंग क्षेत्र ने 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक का शुद्ध लाभ दर्ज करके एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह 2014 से पहले की स्थिति के बिल्कुल विपरीत है, जब इंडियन नेशनल कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने बैंकिंग क्षेत्र को खराब ऋणों, निहित स्वार्थों, भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन के दलदल में बदल दिया था। उन्होंने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने करीब 1,105 बैंक धोखाधड़ी मामलों की जांच की है, जिसके तहत



64,920 करोड़ रुपये की अपराध आय जब्त की गई है। वित्त मंत्री ने कहा कि दिसंबर 2023 तक सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) को 15,183 करोड़ रुपये की संपत्ति वापस कर दी गई है। वित्त मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार ने डूबे कर्ज (खासकर बड़े डिफॉल्टर से) की वसूली में कोई ढील नहीं बरती है, यह प्रक्रिया निरंतर जारी है।वित्त मंत्री ने कहा कि यह दुख की बात है कि विपक्षी नेता अब भी 'राइट-ऑफ' और माफी के बीच का अंतर नहीं कर पा रहे हैं। आरबीआई के दिशा-निर्देशों के अनुसार 'राइट-ऑफ' के बाद बैंक सक्रिय रूप से डूबे कर्ज की वसूली करते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी उद्योगपति के कर्ज को 'माफ' नहीं किया गया है। 2014 से 2023 के बीच बैंकों ने खराब ऋणों से 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक की वसूली की है।

# पांच दिन की गिरावट के बाद बढ़त के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, निवेशकों ने कमाए 2.19 लाख करोड़

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लगातार पांच कारोबारी दिन तक गिरावट का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार आज मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा। हालांकि आज भी कारोबार के दौरान मुनाफावसूली का दबाव साफ-साफ नजर आया, जिसके कारण शेयर बाजार जोरदार छलांग लगाने के बावजूद मामूली बढ़त के साथ ही बंद होने में सफल रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.10 प्रतिशत और निफ्टी 0.19 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। आज दिनभर के कारोबार के दौरान रियल्टी, मेटल और पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज इंडेक्स में बढ़त दर्ज की गई। इसके साथ ही ऑयल एंड गैस और बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में भी खरीदारी का रुख बना रहा। दूसरी ओर एफएमसीजी, आईटी, फार्मास्यूटिकल और ऑटोमोबाइल सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज खरीदार हावी नजर आए, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स आज 0.06 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.76 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज बाजार में आई तेजी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 412.55 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 410.36 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 2.19 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। आज दिनभर के कारोबार में बीएसई में 3,915 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,841 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,983 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 91 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,258 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,113 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,145 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 17 शेयर बढ़त के साथ और 13 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल शेयरों में से 23 शेयर हरे निशान में और 27 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 322.93 अंक उछल कर 74,208.53 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही खरीदारी का सपोर्ट मिलने के कारण ये सूचकांक 593.29 अंक की तेजी के साथ 74,478.89 अंक के स्तर तक पहुंच गया लेकिन इसके बाद बाजार में मुनाफावसूली शुरू हो गई। इसकी वजह से इस सूचकांक में गिरावट आने लगी। लगातार हो रही बिकवाली के कारण दोपहर 2 बजे के करीब ये सूचकांक ऊपरी स्तर से 700 अंक से ज्यादा टूट कर 120.45 अंक की कमजोरी के साथ 73,765.15 अंक तक पहुंच गया लेकिन इसके बाद एक बार फिर खरीदारी शुरू हो गई। इसकी वजह से सेंसेक्स ने हरे निशान में अपनी जगह बना ली। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 75.71 अंक की बढ़त के साथ 73,961.31 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 79.45 अंक की मजबूती के साथ 22,568.10 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक 165.10 अंक उछल कर 22,653.75 अंक तक पहुंच गया। लेकिन इसके बाद बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से इस सूचकांक में भी गिरावट आ गई।

# क्रिप्टो करेंसी मार्केट में मिला-जुला कारोबार, बिटकॉइन और एथेरियम की बढ़ी चमक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** क्रिप्टो करेंसी मार्केट में आज मिला-जुला कारोबार होता नजर आ रहा है। आज के कारोबार में दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन और दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम समेत मार्केट कैप के लिहाज से टॉप-10 में शामिल क्रिप्टो करेंसीज में से 6 आभासी मुद्राएं बढ़त के साथ ग्रीन जोन में कारोबार कर रही हैं, जबकि 4 क्रिप्टो करेंसीज गिरावट के साथ रेड जोन में कारोबार करती नजर आ रही हैं। आज की तेजी के कारण बिटकॉइन एक बार फिर 68 हजार डॉलर के स्तर के ऊपर पहुंचने में सफल रहा है।

भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत एजेंसी कॉइन मार्केट कैप से मिली जानकारी के मुताबिक भारतीय समय के हिसाब से आज शाम 5 बजे तक बिटकॉइन 0.45 प्रतिशत की मजबूती के साथ 68,333.59 डॉलर यानी 57.02 लाख रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी



तरह एथेरियम की कीमत भी आज 1.27 प्रतिशत की तेजी के साथ उछल कर 3,796.16 डॉलर के स्तर पर आ गई थी।

बिटकॉइन और एथेरियम के अलावा टेथर 0.01 प्रतिशत, सोलाना 0.96 प्रतिशत, एक्सआरपी 0.11 प्रतिशत और डॉगकॉइन 0.46 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर बीएनबी 0.12 प्रतिशत, यूएसडी कॉइन 0.02 प्रतिशत, टॉनकॉइन 1.34 प्रतिशत और कार्डानो 0.23 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे।

कॉइन मार्केट कैप के मुताबिक पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी के ग्लोबल मार्केट कैप में 0.44 प्रतिशत की तेजी आई है। फिलहाल क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप बढ़ कर 2.54 लाख करोड़ डॉलर यानी करीब 211.97 लाख करोड़ रुपये हो गया है।

ग्लोबल मार्केट कैप में मजबूती आने के बावजूद पिछले 24 घंटे के दौरान क्रिप्टो करेंसीज के लेन-देन में गिरावट आई है। इस अवधि में कुल 7,401 करोड़ डॉलर यानी 6.18 लाख करोड़ रुपये की क्रिप्टो करेंसी की लेन-देन हुई, जो 1 दिन पहले की तुलना में 10.10 प्रतिशत कम है। अगर दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन की बात करें कीमत में तेजी आने के बावजूद पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी मार्केट में इस आभासी मुद्रा की स्थिति 0.03 प्रतिशत कमजोर हुई है, जिसके कारण इसकी मार्केट हिस्सेदारी घट कर 52.92 प्रतिशत हो गई है।

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में जारी गिरावट के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72




रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर सप्ताहांत पर अमेरिकी क्रूड 0.13 प्रतिशत फिसलकर 77.81 डॉलर प्रति बैरल पर और लंदन ब्रेंट क्रूड 0.79 प्रतिशत लुढ़ककर 81.21 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

# ऑफिस स्पेस सॉल्यूशंस आईपीओ 13.5 प्रतिशत प्रीमियम के साथ हुआ लिस्ट

एजेंसी

**मुंबई ।** ऑफिस स्पेस सॉल्यूशंस के स्टॉक की शेयर बाजार में सकारात्मक लिस्टिंग हुई। एनएसई पर ऑफिस स्पेस सॉल्यूशंस का शेयर 13.58 प्रतिशत के प्रीमियम के साथ इश्यू प्राइस 383 के मुकाबले 435 पर लिस्ट हुआ। बीएसई पर ऑफिस स्पेस सॉल्यूशंस का शेयर 12.86 प्रतिशत की तेजी के साथ 432 रुपये पर लिस्ट हुआ। ऑफिस स्पेस सॉल्यूशंस के शेयर की लिस्टिंग उम्मीद से कम हुई है। बाजार के जानकारों का मानना है कि इसकी लिस्टिंग 500 रुपये से लेकर 510 के बीच हो सकती है। बता दें, ऑफिस स्पेस सॉल्यूशंस के आईपीओ को बाजार से अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। बीएसई के डेटा के मुताबिक, आईपीओ 108.56 गुना सब्सक्राइब हुआ था। योग्य संस्थागत खरीददारों (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व कोटा 116.95 गुना,




गैर-संस्थागत निवेशकों के लिए रिजर्व कोटा 129.81 गुना और रिटेल निवेशकों के लिए रिजर्व कोटा 54.58 गुना सब्सक्राइब हुआ था। कर्मचारियों के लिए रिजर्व कोटा 25.20 गुना सब्सक्राइब हुआ था। आईपीओ में क्यूआईबी के लिए 75 प्रतिशत, गैर-संस्थागत निवेशकों के लिए 15 प्रतिशत और रिटेल निवेशकों के लिए 10 प्रतिशत कोटा रिजर्व रखा गया था। ऑफिस स्पेस सॉल्यूशंस स्टार्टअप, एमएसएमई, कॉरपोरेट और एमएनसी कंपनियों के लिए ऑफिस स्पेस उपलब्ध कराने का कार्य करती है। कंपनी कई कोवर्किंग स्पेस भी चलाती है। ऑफिस स्पेस सॉल्यूशंस, ऑफिस स्पेस उपलब्ध कराने वाली पहली लिस्टेड कंपनी है। कंपनी की ओर से 598 करोड़ रुपये का आईपीओ लॉन्च किया गया था। इसमें से 128 करोड़ फ्रेश इश्यू था, जबकि 470 करोड़ का ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) था।

# रोहित शर्मा दिखे टी20 विश्व कप 2024 से पहले एनबीए ट्रॉफी के साथ

एजेंसी
**नई दिल्ली।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टी20 विश्व कप 2024 अभियान की शुरुआत से पहले 31 मई, एनबीए ट्रॉफी के साथ शानदार समय बिताया। रोहित और भारतीय टीम के खिलाड़ी टूर्नामेंट की तैयारी के लिए न्यूयॉर्क में हैं। रोहित ने मैदान देखने के लिए न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम का दौरा किया और उन्हें लैरी ओ'ब्रायन चैंपियनशिप ट्रॉफी देखने का मौका मिला। रोहित ने पंजाबी में ट्रॉफी से जल्दी से पूछा कि वह कैसा है, तो उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा। रोहित ने कहा, ओह लैरी पाजी, क्या हाल चाल है। इसके बाद रोहित से उनके पसंदीदा खिलाड़ी के बारे में पूछा गया और भारतीय कप्तान ने तुरंत माइकल जॉर्डन का नाम लिया। भारतीय कप्तान ने कहा कि शिकागो बुल्स के साथ जॉर्डन के कारनामे उनके लिए काफी प्रेरणादायक थे और उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें लेब्रोन जेम्स और स्टेफ करी जैसे खिलाड़ियों को देखना बहुत पसंद है। उन्होंने शिकागो बुल्स के लिए जो किया, वह निश्चित रूप से काफी प्रेरणादायक है। और लेब्रोन जेम्स, स्टीफ करी जैसे खिलाड़ी, वे ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्हें खेलते हुए देखना मुझे बहुत पसंद है।÷ रोहित ने यह भी कहा कि ट्रॉफी काफी भारी थी और मजाक में कहा कि शायद यही कारण है कि एनबीए सितारों की काया इतनी अच्छी होती है। रोहित ने कहा, ओह, यह काफी भारी लग रही है। कोई आश्चर्य नहीं कि वे इतने बड़े, लंबे और मजबूत हैं। रोहित के अलावा, बांग्लादेश के कप्तान नजीमुल शांतो भी एनबीए ट्रॉफी देखने के लिए मौजूद थे। भारत का टी20 विश्व कप 2024 भारत अपने टी20 विश्व कप 2024 अभियान की शुरुआत 1 जून को बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मैच से करेगा।

# गुरप्रीत सिंह संधू ने बेहतर प्रदर्शन जारी रखने का किया वादा

कोलकाता पहुंचने के बाद, भारतीय सीनियर पुरुष टीम ने गुरुवार शाम को अपना पहला प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया। साल्ट लेक स्टेडियम में कुवैत के खिलाफ महत्वपूर्ण फीफा विश्व कप क्वालीफायर मुकाबले से एक सप्ताह से भी कम समय पहले, गुरप्रीत सिंह संधू ने ब्लू टाइगर्स कैंप से अपने विचार साझा किए। भारत ने कोलकाता जाने से पहले 11 मई को भुवनेश्वर में प्रशिक्षण शुरू किया था।

एआईएफएफ के हवाले से गोलकीपर ने कहा, ÷यह बहुत कठिन काम रहा है क्योंकि हममें से अधिकांश ने दो सप्ताह के ब्रेक के बाद इस शिविर की शुरुआत की है, लेकिन साथ-साथ हमने शारीरिक और मानसिक फिटनेस में सुधार किया है। ब्लू टाइगर्स ने खुशी के शहर में उतरते ही कोलकाता के प्रशंसकों का गर्मजोशी भरा समर्थन और प्यार महसूस किया। हवाई अड्डे से लेकर होटल और प्रशिक्षण मैदान तक, प्रशंसक अपना समर्थन व्यक्त कर रहे हैं और टीम का उत्साहवर्धन कर रहे हैं। यह सब गुरप्रीत के लिए कोई आश्चर्य की बात नहीं है, जो कोलकाता में कई राष्ट्रीय टीम के मैच खेलने के लिए भाग्यशाली रहे हैं, जबकि 2009 और 2014 के बीच ईस्ट बंगाल के लिए भी दस्ताने पहने हैं। जब हम कोलकाता का उल्लेख करते हैं तो प्रशंसकों का समर्थन कभी भी कोई सवाल नहीं होता है।

# फीफा विश्व कप क्वालीफायर में डिफेंडर मेहताब सिंह कुवैत के खिलाफ मुकाबले से बाहर

**कोलकाता।** कोलकाता पहुंचने के बाद, भारतीय सीनियर पुरुष टीम ने को अपना पहला प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया। साल्ट लेक स्टेडियम में कुवैत के खिलाफ महत्वपूर्ण फीफा विश्व कप क्वालीफायर मुकाबले से एक सप्ताह से भी कम समय पहले, गुरप्रीत सिंह संधू ने ब्लू टाइगर्स कैंप से अपने विचार साझा किए।भारत ने कोलकाता जाने से पहले 11 मई को भुवनेश्वर में प्रशिक्षण शुरू किया था। एआईएफएफ के हवाले से गोलकीपर ने कहा, यह बहुत कठिन काम रहा है क्योंकि हममें से अधिकांश ने दो सप्ताह के ब्रेक के बाद इस शिविर की शुरुआत की है, लेकिन साथ-साथ हमने शारीरिक और मानसिक फिटनेस में सुधार किया है। ब्लू टाइगर्स ने खुशी के शहर में उतरते ही कोलकाता के प्रशंसकों का गर्मजोशी भरा समर्थन और प्यार महसूस किया। हवाई अड्डे से लेकर होटल और प्रशिक्षण मैदान तक, प्रशंसक अपना समर्थन व्यक्त कर रहे हैं और टीम का उत्साहवर्धन कर रहे हैं। यह सब गुरप्रीत के लिए कोई आश्चर्य की बात नहीं है, जो कोलकाता में कई राष्ट्रीय टीम के मैच खेलने के लिए भाग्यशाली रहे हैं, जबकि 2009 और 2014 के बीच ईस्ट बंगाल के लिए भी दस्ताने पहने हैं।

# स्कॉटलैंड पर जीत में अफगानिस्तान ने सभी विभागों में बेहतरीन प्रदर्शन किया

**पोर्ट ऑफ स्पेन ।** गुलबदीन नैब, राशिद खान और मुजीब उर रहमान ने त्रिनिदाद में स्कॉटलैंड Scotlandपर अफगानिस्तान की जीत में अहम भूमिका निभाई। ओमान के खिलाफ अभ्यास मैच में बल्लेबाजी में चूकने के बाद, अफगानिस्तान ने स्कॉटलैंड के खिलाफ मुकाबले का भरपूर फायदा उठाया। बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन करने के बाद, अफगानिस्तान के गेंदबाजों ने नियमित विकेट चटकाए और टीम को 55 रनों से जीत दिलाई। रहमानुल्लाह गुरबाज के साथ ओपनिंग करने के लिए भेजे गए ऑलराउंडर गुलबदीन नैब ने अफगानिस्तान को धमाकेदार शुरुआत दिलाई। उन्होंने पारी के दूसरे ओवर में ब्रैंडन मैकमुलेन के खिलाफ दो चौके और दो छक्के लगाकर 20 रन बनाए। गुरबाज और बाद में इब्राहिम जादरान ने नैब की बल्लेबाजी क्षमता की बराबरी करने की कोशिश की, लेकिन पहले पावरप्ले में ही आक्रामक शॉट लगाने से चूक गए।

# फ्रेंच ओपन: अल्काराज, स्विएटेक, सितसिपास, सिनर अंतिम 16 में

एजेंसी
**पेरिस।** दो बार के ग्रैंड स्लैम विजेता कार्लोस अल्काराज ने सेबेस्टियन कोर्डा को सीधे सेटों में हराकर लगातार तीसरे साल फ्रेंच ओपन के अंतिम 16 में प्रवेश किया।

विंबलडन के मौजूदा चैंपियन ने, जो इस वर्ष पहली बार रोलांड गैरोस में रात्रि सत्र के लिए खेल रहे थे, 27वीं वरीयता प्राप्त अमेरिकी खिलाड़ी को 6-4, 7-6 (7-5), 6-3 से हराया और अब उनका सामना 16वें दौर के मुकाबले में एक अन्य अमेरिकी खिलाड़ी बेन शेल्टन (15वीं वरीयता प्राप्त) और कनाडा के 21वीं वरीयता प्राप्त फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

21 वर्षीय अल्काराज़ पिछले साल पेरिस में सेमीफाइनल में पहुंचे थे, जहाँ अंतिम चैंपियन नोवाक जोकोविच ने उन्हें हराया था, और 2022 में क्ले मेजर में उसी चरण में कोर्डा को हराया था। जीत दर्ज करने के बाद अल्कराज ने ऑनकोर्ट साक्षात्कार में कहा, यह वास्तव में एक अच्छा मैच था। मुझे लगता है कि मैंने पिछले मैच की तुलना में बहुत, बहुत, बहुत अच्छा खेला। यह कुछ ऐसा था जो मैं वास्तव में चाहता



था- रैली में शामिल होना, अच्छे अंक प्राप्त करना, कोर्ट पर खुद जैसा महसूस करना, और मुझे लगता है कि मैंने यह वास्तव में अच्छा किया।

इटली के माटेओ अर्नाल्डी ने दिन का सबसे बड़ा उलटफेर किया, गैर-वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने 6वीं वरीयता प्राप्त एंड्री रुबलेव को हराकर पहली बार रोलांड गैरोस में 16वें राउंड में प्रवेश किया।

तीन प्रभावशाली सेटों में, जिसमें वह मुश्किल से लड़खड़ाए, 23 वर्षीय खिलाड़ी ने रुबलेव को 7-6(6), 6-2, 6-4 से हराकर पेरिस में लगातार दूसरी बार तीसरे दौर से बाहर कर दिया।

यह दुनिया के 35वें नंबर के खिलाड़ी अर्नाल्डी के लिए क्ले पर शीर्ष 20 प्रतिद्वंद्वी या मेजर में शीर्ष 10 प्रतिद्वंद्वी पर पहली जीत थी।

क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए अर्नाल्डी क्ले स्पेशलिस्ट स्टेफानोस सितसिपास का सामना करेंगे।

ग्रीक विश्व नंबर 9 सितसिपास ने चीनी झांग झिझेन पर सीधे सेटों में 6-3, 6-3, 6-1 से जीत हासिल की। विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी जननिक सिनर, पावेल कोटोव को 6-4, 6-4, 6-4 से हराकर आगे बढ़े। सिनर का सामना घरेलू उम्मीद कोरेंटिन मौटेट से होगा, जिन्होंने चार सेटों में सेबेस्टियन ऑफनर को हराया। इस साल अब तक केवल दो मैच हारने वाले सिनर ने टूर्नामेंट में अभी तक एक भी सेट नहीं गंवाया है। महिला वर्ग में दो बार की मौजूदा चैंपियन इगा स्विएटेक ने मैरी बौज़कोवा को 6-4, 6-2 से हराकर अंतिम 16 में पहुंचकर अपना 23वां जन्मदिन मनाया। विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा ने फ्रांसीसी महिला क्लो पैक्वेट को 6-1, 6-3 से हराकर जीत हासिल की। अमेरिका की तीसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ ने दयाना यास्त्रेम्स्का को 6-2, 6-4 से हराया।

# भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी लाइव फिडे रैंकिंग में पांचवें स्थान पर पहुंचे

एजेंसी
**नई दिल्ली।** भारतीय शतरंज ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी ने फ्रेंच टॉप 16 क्लब चैंपियनशिप में



शानदार शुरुआत के बाद लाइव फिडे रैंकिंग में शीर्ष 5 में पदार्पण किया। वारंगल के रहने वाले 20 वर्षीय अर्जुन ने पहले दो राउंड में हमवतन पेंटाला हरिकृष्णा और जर्मनी के विटाली कुनिन को हराया। नतीजतन, उनकी लाइव रेटिंग 2767.5 है और वे दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी इयान नेपोमनियाचची से बस कुछ ही अंक पीछे हैं। डी गुकेश, जिन्होंने फिडे कैंडिडेट्स जीता और विश्व चैम्पियनशिप खिताब के लिए डिंग लिरेन को चुनौती देंगे, 2763 की रेटिंग के साथ सातवें स्थान पर खिसक गए।

पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद 2749 रेटिंग के साथ 11वें स्थान पर हैं, जबकि आर. प्रज्ञानानंद 2748.9 रेटिंग के साथ एक स्थान ऊपर चढ़कर 13वें स्थान पर पहुंच गए। मैग्नस कार्लसन 2827.2 रेटिंग अंकों के साथ शीर्ष पर हैं।

# एफआईवीबी वॉलीबॉल फाउंडेशन ने दान और नीलामी के माध्यम से जुटाए 619,108 अमेरिकी डॉलर

एजेंसी
**जिनेवा।** अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल महासंघ (एफआईवीबी) ने घोषणा की कि नवगठित एफआईवीबी वॉलीबॉल फाउंडेशन ने दान और नीलामी के माध्यम से 559,000 स्विस फ्रैंक (लगभग 619,108 अमेरिकी डॉलर) जुटाए हैं।

लॉन्च कार्यक्रम गुरुवार को स्विट्जरलैंड के लॉज़ेन में एफआईवीबी मुख्यालय में आयोजित किया गया। विश्व वॉलीबॉल शासी निकाय ने 2025 और 2026 में वॉलीबॉल फाउंडेशन के लिए एक मिलियन स्विस फ्रैंक (लगभग 1.11 मिलियन अमेरिकी डॉलर) का वार्षिक बजट आवंटित करने की योजना बनाई है।

एफआईवीबी और वॉलीबॉल फाउंडेशन के अध्यक्ष एरी एस. ग्राका एफ ने आधिकारिक बयान में कहा, वॉलीबॉल फाउंडेशन सकारात्मक



सामाजिक मूल्यों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, जिससे एक अधिक सहयोगी और सामंजस्यपूर्ण दुनिया बनाने में मदद मिलेगी। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के अध्यक्ष थॉमस बाक ने इस कार्यक्रम में कहा, इस परियोजना के माध्यम से, वॉलीबॉल वास्तव में ओलंपिक मूल्यों को वितरित करने और खेल के माध्यम से दुनिया को एक बेहतर स्थान बनाने में योगदान दे सकता है।

# महिला वॉलीबॉल नेशंस लीग: जापान ने चीन को हराया

एजेंसी
**मकाऊ।** जापान ने शुक्रवार रात एफआईवीबी महिला वॉलीबॉल नेशंस लीग (वीएनएल) में चीन को 25-22, 19-25, 25-18, 25-17 से हराया। मैच के बाद ली ने सिन्हुआ के हवाले से कहा, हमने पूरे खेल में अपेक्षाकृत निष्क्रिय खेल दिखाया और हमारी लय अच्छी नहीं थी। जापान की रक्षापंक्ति मजबूत थी और कई उच्च गुणवत्ता वाले बचाव भी हुए।

चीन ने पहला सेट हारने के बाद दूसरा सेट जीत लिया, लेकिन जापान ने लगातार दो सेट जीतकर जीत सुनिश्चित कर ली। जापान की कप्तान सरीना कोगा ने गेम में सर्वाधिक 25 अंक बनाए, जबकि चीन की ली यिंगयिंग को 23 अंक मिले। मैच के बाद जापान ने चीन के साथ अंकों का अंतर कम कर



दिया और आठवें से सातवें स्थान पर पहुंच गया, जबकि चीन विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर बना रहा। अन्य दो मैचों में थाईलैंड ने फ्रांस को 3-2 से हराया और नीदरलैंड ने डोमिनिकन गणराज्य को 3-1 से हराया। चीन थाईलैंड से भिड़ेगा।

# विश्व मुक्केबाजी में शामिल होने को राजी हुआ भारतीय मुक्केबाजी महासंघ

एजेंसी
**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) ने निलंबित अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (आईबीए) से नाता तोड़ लिया और खेल के ओलंपिक भविष्य पर मंडरा रहे खतरे का मुकाबला करने के लिए अलग हुए विश्व मुक्केबाजी महासंघ में शामिल हो गया। यह कदम अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति द्वारा यह धमकी दोहराए जाने के कुछ महीने बाद उठाया गया है कि यदि राष्ट्रीय महासंघ अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (आईबीए) के साथ जुड़े रहे तो मुक्केबाजी को 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक से बाहर कर दिया जाएगा।

बीएफआई के अध्यक्ष अजय सिंह ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, मुक्केबाजी की स्थिरता के लिए यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि यह अपना ओलंपिक दर्जा बरकरार रखे, इसलिए हम विश्व मुक्केबाजी में शामिल होकर प्रसन्न हैं। सिंह ने कहा कि वह डब्ल्यूबी कार्यकारी बोर्ड के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हैं ताकि खेल के भविष्य के विकास को आकार दिया जा सके और दुनिया भर के मुक्केबाजों के लिए एक उज्जवल भविष्य प्रदान किया जा सके। विश्व मुक्केबाजी, जिसके अध्यक्ष पूर्व आईबीए अध्यक्ष पद के उम्मीदवार बोरिस वैन डेर वोर्स्ट हैं, को अप्रैल 2023 में लॉन्च किया गया था और इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि मुक्केबाजी ओलंपिक आंदोलन के केंद्र में बनी रहे। सदस्यता आवेदन को बीएफआई की आम सभा द्वारा अनुमोदित किया गया और विश्व मुक्केबाजी के कार्यकारी बोर्ड द्वारा इसकी पुष्टि की जाएगी।

वैन डेर वोर्स्ट ने कहा, भारत अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी में एक बहुत ही महत्वपूर्ण देश है और हम बढ़ते विश्व मुक्केबाजी परिवार में बीएफआई का स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं। यह एक बहुत ही रोमांचक विकास है जो एशिया में हमारी उपस्थिति को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएगा और मैं अपने सामान्य लक्ष्यों को प्राप्त करने में बीएफआई के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं। 7 मई को, विश्व मुक्केबाजी ने आईओसी के साथ अपनी पहली औपचारिक बैठक की, जिसने दोनों संगठनों के बीच एक औपचारिक सहयोग की शुरुआत का संकेत दिया, जिसका उद्देश्य ओलंपिक खेलों में मुक्केबाजी के बने रहने के लिए एक मार्ग स्थापित करना था। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने 2019 में लंबे समय से चली आ रही वित्तीय, खेल अखंडता और शासन संबंधी मुद्दों पर आईबीए की मान्यता रद्द कर दी थी।

# भारतीय मुक्केबाज निशांत देव ने पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल किया

एजेंसी
**बैंकॉक।** भारतीय मुक्केबाज निशांत देव ने बैंकॉक में चल रहे बॉक्सिंग वर्ल्ड क्वालीफायर के पुरुषों के 71 किग्रा वर्ग क्वार्टर फाइनल में 5-0 की जीत के साथ पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा हासिल किया।

निशांत ने विश्व मुक्केबाजी क्वालीफायर में मोल्दोवा के सेबोटारी को सर्वसम्मति से 5-0 से हराकर 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई किया। वह वर्तमान में ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में जगह बनाने वाले एकमात्र भारतीय पुरुष मुक्केबाज हैं। हालांकि पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले चौथे भारतीय मुक्केबाज हैं, उनसे पहले निखत ज़रीन (महिला 50 किग्रा), प्रीति (54 किग्रा) और टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) ने 2022 एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतकर अपना स्थान पक्का किया था। पूरे टूर्नामेंट में दबदबा बनाए रखने वाले देव ने शानदार शुरुआत की और तीखे और सटीक मुक्के लगाए। भारतीय मुक्केबाज़ ज़्यादा संयमित थे और उन्होंने अपने मुक्कों का विवेकपूर्ण इस्तेमाल किया। दूसरे राउंड में, सेबोटारी ने कुछ मुक्के मारे और देव की साँस फूलती दिखी, लेकिन भारतीय मुक्केबाज़ ने सटीक शॉट मारना जारी रखा। आखिरी तीन मिनट में, दोनों मुक्केबाज़ थके हुए लग रहे थे, लेकिन देव ने अपनी इच्छानुसार मुक्के मारना जारी रखा और अंत में जीत दर्ज की।

# बिलबाओ ने गोलकीपर जुलेन अगिरेज़ाबाला के अनुबंध को दो साल बढ़ाया

एजेंसी
**मैड्रिड।** एथलेटिक क्लब बिलबाओ ने कोपा डेल रे विजेता गोलकीपर जुलेन अगिरेज़ाबाला के अनुबंध को जून 2027 के अंत तक बढ़ा दिया है।

दो-वर्ष के अनुबंध विस्तार से अगिरेज़ाबाला के भविष्य पर संदेह समाप्त हो गया है, क्योंकि उनका पिछला अनुबंध 2025 के मध्य में समाप्त होने वाला था।

23 वर्षीय पूर्व स्पेन अंडर-21 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अगिरेज़ाबाला ने ला लीगा में एथलेटिक क्लब के लिए केवल 15 बार मैच खेला है, लेकिन पिछले दो सत्रों में कोपा डेल रे में उन्होंने लगातार अपने शुरुआती लाइन-अप में प्रभावित किया है।

इस सत्र में एथलेटिक की कप जीत में अगिरेज़ाबाला ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, उन्होंने पेनल्टी शूटआउट में एक महत्वपूर्ण बचाव



किया, जिससे बास्क पक्ष ने 40 वर्षों में पहली बार ट्रॉफी उठाई और अगले सत्र के यूरोपा लीग में जगह सुनिश्चित की।

अगिरेज़ाबाला क्लब की आधिकारिक वेबसाइट के हवाले से कहा, कप जीतना अविश्वसनीय था, लेकिन हम यहीं नहीं रुक सकते। अगले सीजन में हमारे सामने महत्वपूर्ण प्रतियोगिताओं में कुछ बड़ी चुनौतियाँ हैं।

अगिरेज़ाबाला ने स्पेन के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी उनाई साइमन के साथ प्रतिस्पर्धा का भी स्वागत किया, जिन्होंने एक सप्ताह पहले एथलेटिक के साथ अपना कार्यकाल 2029 तक बढ़ा दिया था। उन्होंने कहा, यह प्रतिस्पर्धा बहुत स्वस्थ और सकारात्मक है- यह हमें अपने पैरों पर खड़े रहने में मदद करती है और यह एथलेटिक के लिए बहुत अच्छा है।

क्लब अब विंगर एलेक्स बेरेंगुएर और अनुभवी मिडफील्डर एंडर हेरेरा के भविष्य को सुनिश्चित करना चाहता है, जिन दोनों का अनुबंध जून के अंत में समाप्त हो रहा है।

# खेल मंत्रालय ने कोच, फिजियो के साथ यूरोप में नीरज चोपड़ा के दो महीने के प्रशिक्षण को दी मंजूरी

एजेंसी
**नई दिल्ली।** युवा मामले और खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा की आगामी पेरिस खेलों की तैयारी के लिए कोच क्लॉस बार्टोनिट्ज़ और फिजियो ईशान मारवाह के साथ 60 दिनों के लिए यूरोप में प्रशिक्षण लेने की योजना को मंजूरी दे दी।

एमओसी ने एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता विनेश फोगट के 10 से 21 जून तक हंगरी में होने वाले अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर में स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच वेन पैट्रिक लोम्बार्ड को शामिल करने के प्रस्ताव पर भी सहमति व्यक्त की।

तीन साल पहले टोक्यो ओलंपिक में ट्रैक एंड फील्ड मेडल जीतने वाले पहली भारतीय बनकर इतिहास रचने वाले चोपड़ा 29 मई से 28 जुलाई तक यूरोप के विभिन्न स्थानों पर प्रशिक्षण लेंगे।

टॉप्स (टारगेट ओलंपिक



पोडियम स्कीम) के तहत वित्तीय सहायता में भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) के मानदंडों के अनुसार हवाई किराया, आवास, भोजन, चिकित्सा बीमा, स्थानीय परिवहन व्यय के अलावा जेब से मिलने वाला भत्ता शामिल होगा। पेरिस में 50 किग्रा वर्ग में प्रतिस्पर्धा करने वाली विनेश ने हंगरी में लोम्बार्ड के हवाई किराए, वीजा शुल्क, भोजन और आवास तथा स्थानीय परिवहन के लिए सहायता का अनुरोध किया था। वह 6 से 9 जून तक बुडापेस्ट में यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग द्वितीय रैंकिंग सीरीज - पोलाक इमरे एवं वर्गा जानोस मेमोरियल में भी भाग लेंगी।

एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता विनेश फोगट के 10 से 21 जून तक हंगरी में अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर के लिए स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच वेन पैट्रिक लोम्बार्ड को शामिल करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। एमओसी ने टॉप्स पहलवान के मैड्रिड में 5 से 7 जुलाई तक होने वाले ग्रैंड प्रिक्स ऑफ स्पेन में भाग लेने के लिए समर्थन के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है। उनकी सहायता टीम में फिजियोथेरेपिस्ट अश्विनी जीवन पाटिल, स्पैरिंग पार्टनर अरविंद और कोच वोलर अकोस शामिल होंगे। लॉन्ग जंपर शैली सिंह के यूरोप में अपने प्रशिक्षण शिविर को 23 जून तक बढ़ाने के प्रस्ताव को भी एमओसी ने मंजूरी दे दी। शैली कोच बॉबी जॉर्ज के साथ लिस्बन, पेरिस, एथेंस और जिनेवा में प्रशिक्षण लेंगी।

एमओसी ने शॉटगन शूटर राजेश्वरी कुमारी और माहेश्वरी चौहान के जून में इटली में प्रशिक्षण शिविर में अपने निजी कोचों को ले जाने के अनुरोध को भी मंजूरी दे दी। राजेश्वरी के निजी कोच डेविड कोस्टेलेकी 1 से 14 जून तक ट्रैप शूटर के साथ इटली जाएंगे। वह इसी अवधि के दौरान आईएसएसएफ विश्व कप, लोनाटो में प्रतिस्पर्धा करेंगी। माहेश्वरी के निजी कोच रिकार्डो फिलिपेली उन्हें 31 मई से 11 जून तक प्रशिक्षण देंगे। पेरिस ओलंपिक के लिए कोटा जीतने वाली पहली भारतीय स्कीट शूटर बनी माहेश्वरी 12 से 19 जून तक लोनाटो विश्व कप में भी भाग लेंगी।

एमओसी ने 2022 हांग्जो एशियाई खेलों के बैडमिंटन कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय के अनुरोध को भी मंजूरी दे दी है, जिसमें उन्होंने 20 जून से 22 जुलाई तक हैदराबाद में पूर्णकालिक आधार पर प्रशिक्षक रोहन जॉर्ज मैथ्यूज को नियुक्त करने के लिए वित्तीय सहायता मांगी थी। इसके अलावा, उन्हें हाइपरबेरिक ऑक्सीजन थेरेपी और रेड लाइट थेरेपी सहित रिकवरी उत्पाद प्रदान करने वाले केंद्र की सेवाएं भी दी जा रही हैं।

# सिंगापुर ओपन: ट्रीसा जॉली-गायत्री गोपीचंद की जोड़ी सेमीफाइनल में

**कल्लांग।** ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय महिला युगल जोड़ी ने दक्षिण कोरिया की किम सो यियोंग और कोंग ही योंग को हराकर सिंगापुर ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

जॉली और गोपीचंद ने महिला युगल क्वार्टर फाइनल मैच में अपने विरोधियों को 18-21, 21-19, और 24-22 से हराया। यह मैच एक घंटे 19 मिनट तक चला। भारतीय जोड़ी की शुरुआत खराब रही और वे पहला सेट 21-18 से हार गए। हालांकि, जॉली और गोपीचंद ने ओलंपिक कांस्य पदक विजेता जोड़ी के खिलाफ बिना किसी परेशानी के खेल में शानदार वापसी की। जॉली-गोपीचंद ने दूसरा और तीसरा सेट 21-19 और 24-22 से जीता।

इससे पहले टूर्नामेंट में ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने मौजूदा ऑल इंग्लैंड चैंपियन बाक हा ना और ली सो ही को 59 मिनट तक चले मैच में 21-9, 14-21, 21-15 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी। इस बीच, गुरुवार को सिंगापुर ओपन 2024 में शीर्ष भारतीय शटलर पीवी सिंधु को दूसरे दौर में हार का सामना करना पड़ा। सिंधु को कैरोलिना मारिन के खिलाफ एक घंटे आठ मिनट तक चले तीन गेम के



रोमांचक मुकाबले में 21-13, 11-21, 20-22 से हार का सामना करना पड़ा। यह सिंधु की मारिन के खिलाफ लगातार छठी हार थी। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी की सबसे हालिया जीत मलेशिया ओपन 2018 के क्वार्टर फाइनल में अपनी स्पेनिश प्रतिद्वंद्वी पर आई थी। अब विश्व बैडमिंटन रैंकिंग में 12वें स्थान पर काबिज सिंधु ने गुरुवार को मैच की अच्छी शुरुआत की। उन्होंने शुरुआत में ही अपना दबदबा कायम करके आसानी से पहला गेम जीत लिया। लेकिन मारिन ने वापसी की और दूसरा गेम जीत कर मैच को तीसरे सेट में ले गईं। हालांकि तीसरे गेम में एक समय सिंधु के पास 18-15 की बढ़त थी, लेकिन मारिन ने वापसी करते हुए रोमांचक मुकाबले में जीत हासिल की। नतीजतन, मारिन का वर्तमान में सिंधु पर 12-6 का हेड-टू-हेड रिकॉर्ड है। सिंगापुर ओपन के दूसरे दौर में भारत के शीर्ष पुरुष एकल खिलाड़ी एचएस प्रणय भी बाहर हो गए। दसवीं रैंकिंग वाले प्रणय को दुनिया में ग्यारहवें स्थान पर काबिज जापान के केंटा निशिमोटो ने 78 मिनट तक चले मुकाबले में 21-13, 14-21, 21-15 से हराया।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 02 जून 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

# चुनाव में टी-20 की तरह खेले सीएम योगी

## सीएम योगी ने 61 दिनों में लगाया दोहरा शतक; 14 राज्यों में किया ताबड़तोड़ प्रचार

**चुनाव प्रचार**

**69 जनसभा, 15 प्रबुद्ध सम्मेलन और 13 रोड शो कर एनडीए प्रत्याशियों के लिए खूब पसीना बहाया**



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के कप्तान योगी आदित्यनाथ ने चुनाव प्रचार की पिच पर टी-20 क्रिकेट की तरह खेलते हुए 61 दिनों में दोहरा शतक लगा दिया। उन्होंने कप्तानी पारी खेलते हुए 204 चुनावी कार्यक्रम किए। 27 मार्च को ब्रज भूमि मथुरा से चुनावी कार्यक्रम की शुरूआत प्रबुद्ध सम्मेलन से की थी। उन्होंने 169 जनसभा, 15 प्रबुद्ध सम्मेलन और 13 रोड शो कर एनडीए प्रत्याशियों के लिए खूब पसीना बहाया। पंजाब में उन्होंने प्रचार अभियान का समापन किया। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी 80 लोकसभा सीटों को मथने के साथ ही 12 राज्य व दो केंद्र शासित प्रदेशों में भी कमल खिलाने की अपील की। उन्होंने भाजपा, सुभासपा, रालोद व अपना दल एस के सभी प्रत्याशियों के लिए वोट मांगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार सत्ता दिलाने के लिए मुख्यमंत्री ने हर मुमकिन कदम उठाए। भाजपा ने इस बार कई सीटों से नए प्रत्याशियों को उतारा था, योगी ने उनके लिए भी कई रैलियां कीं। स्टार प्रचारक के रूप में योगी की मांग हर सीटों पर रही। मुख्यमंत्री ने 12 केंद्रीय मंत्रियों व प्रदेश सरकार के चार मंत्रियों को दिल्ली जाने की राह आसान बनाने के लिए भी खूब मेहनत की।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित प्रदेश से चुने गए केंद्र के 12 मंत्रियों को फिर से जिताने की अपील की। मुख्यमंत्री ने अपनी सरकार के मंत्री व मैनपुरी के प्रत्याशी जयवीर सिंह के लिए रोड शो व जनसभा की।

### सात राज्यों में ही प्रचार किया मायावती ने

**बसपा** प्रत्याशी भले ही 26 राज्यों में लड़ रहे हैं लेकिन पार्टी की मुखिया मायावती उत्तर प्रदेश सहित सात राज्यों में ही चुनाव प्रचार करने पहुंची। मायावती ने 28 चुनावी सभाएं जहां पार्टी के सर्वाधिक जनाधार वाले उत्तर प्रदेश में की हैं वहीं दो मध्य प्रदेश और एक-एक बिहार, महाराष्ट्र, राजस्थान, पंजाब और उत्तराखंड में की है। मायावती के भतीजे आकाश आनंद पार्टी के नेशनल कोआर्डिनेटर रहने के दौरान जरूर दूसरे राज्यों में सक्रिय रहे। मायावती द्वारा उन्हें सात मई को नेशनल कोऑर्डिनेटर के पद से हटाए जाने के बाद आकाश भी न उत्तर प्रदेश और न ही दूसरे राज्यों में चुनावी सभाएं करने निकले

### देशभर के 16 राज्यों में बसपा ने उतारे 488 प्रत्याशी

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** अब यह तो चार जून को ही पता चलेगा कि कौन पार्टी कितनी लोकसभा सीटें जीतने में कामयाब रही लेकिन चुनावी अखाड़े में ताल ठोंकने में बहुजन समाज पार्टी अव्वल है। बसपा ही है जो देश की 543 सीटों में से इस बार सर्वाधिक 488 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। जहां तक उत्तर प्रदेश की बात है तो यहां की 80 सीटों में से बसपा ने 79 पर प्रत्याशी उतारे हैं जबकि भाजपा 75, सपा 62 और कांग्रेस 17 सीटों पर ही लड़ रही है। एनडीए में शामिल भाजपा के सहयोगी दल रालोद (राष्ट्रीय लोकदल) व अपना दल (एस) दो-दो तथा सुभासपा (सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी) एक सीट पर जबकि सपा-कांग्रेस गठबंधन आइएनडीआइए के तहत एक सीट पर टीएमसी (तृणमूल कांग्रेस) चुनाव मैदान में है।

18वीं लोकसभा के गठन के लिए हो रहे चुनाव में उतरे राष्ट्रीय दलों में शामिल बहुजन समाज पार्टी इस बार अकेले ही चुनाव मैदान में उतरी है।

## भीषण गर्मी की मार झेल रहा उत्तराखंड



**टीम एक्सन इंडिया**

**देहरादून: देश के अन्य** हिस्सों की भांति उत्तराखंड भी भीषण गर्मी की मार झेल रहा है। राज्य के मैदानी क्षेत्रों में पारा लगातार उछाल भर रहा है तो पहाड़ में भी तापमान सामान्य से ऊपर है। गर्मी के प्रकोप को देखते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वास्थ्य सचिव को प्रदेश के सभी अस्पतालों में समुचित व्यवस्था बनाने और आवश्यक दवाओं का स्टाक रखने के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य सचिव डा आर राजेश कुमार ने मौसम विभाग के पूवार्नुमान का हवाला देते हुए कहा कि प्रदेश में सीवियर हीट वेव कंडीशन देखने को मिली है। इसके चलते मैदान से लेकर पहाड़ तक गर्म हवाएं चल सकती हैं। उन्होंने बताया कि गर्मी से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से नई हेल्थ एडवाइजरी जारी की गई है। इसमें दोपहर 12 से शाम चार बजे के मध्य धूप में बिना जरूरी काम के न निकलने की सलाह दी गई है। उन्होंने बताया कि गर्मी के कारण बीमारियों की चपेट में आने की ज्यादा संभावना रहती है। इसे देखते हुए प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों में अलर्ट जारी कर व्यवस्था बनाने के निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि सभी अस्पतालों को पर्याप्त मात्रा में ओआरएस, आई फ्लूडस आदि की व्यवस्था, पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था, निरंतर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

**निर्देश**

**मुख्यमंत्री धामी ने स्वास्थ्य सचिव को प्रदेश के सभी अस्पतालों में समुचित व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए**

**फास्ट न्यूज**

### असम में बाढ़ से अब तक 8 लोगों की मौत

गुवाहाटी: चक्रवाती तूफान रेमल के कारण हुई भारी बारिश से आई बाढ़ में असम में अब तक दो बच्चों समेत आठ लोगों की मौत हो चुकी है जबकि करीब 3.50 लाख लोगों को उनके घरों से निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। प्रदेश में बाढ़ की स्थिति अभी भी गंभीर बनी हुई है। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) की रिपोर्ट के अनुसार कछार जिले में एक बच्चे समेत तीन लोगों की मौत हो गई। हैलाकांदी जिले में एक बच्चे समेत दो लोगों की मौत हो गई। पश्चिम कार्बी आंगलोंग जिले में एक व्यक्ति की मौत हो गई। राज्य के 11 जिलों के 78 हजार से अधिक बच्चों समेत 3.50 लाख लोग बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। कछार जिले में करीब 1.20 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। नगांव जिले में 78,756 लोग, होजाई जिले में 77,030, करीमगंज जिले में 52,684 लोग तथा हैलाकांदी जिले में 10,165 लोग प्रभावित हुए हैं। कार्बी आंगलोंग, धेमाजी, होजाई, कछार, करीमगंज, डिब्रूगढ़, नगांव, हैलाकांदी, गोलाघाट, पश्चिम कार्बी आंगलोंग और डिमा हसाओ जिलों के 25 राजस्व ब्लॉकों के कुल 560 गांव अभी भी पानी में डूबे हुए हैं। मूसलाधार बारिश के बाद कपिली, बराक, कटाखाल और कुशियारा समेत कई नदियों का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर है। बाढ़ प्रभावित जिलों में बाढ़ के पानी ने 4931 हेक्टेयर फसल क्षेत्र को जलमग्न कर दिया है। प्रशासन ने 187 राहत शिविर और वितरण केंद्र स्थापित किए हैं, जहां 68,600 लोग शरण लिए हुए हैं। बाढ़ में कुल 10,23,063 पालतू जानवर भी प्रभावित हुए हैं।

### हाई वोल्टेज ने 10 घरों में बरपाया कहर

**बरेली।** बिजली की समस्या अब लोगों के लिए खतरनाक साबित होने लगी है। किला उपकेंद्र से संचालित कुंवरपुर स्थित चुंगी स्कूल के पास शुक्रवार रात हाई वोल्टेज आने से 10 घरों में आग लग गई। कई लोगों के घरों के टीवी, फ्रिज पंखा आदि उपकरण फुंक गए। दो बाइक भी जल गईं। किसी तरह आग बुझाकर लोग उपकेंद्र पर पहुंचे, वहां हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को शांत कराया।

## सुरक्षाबलों ने नक्सलियों पर कसी नकेल



**टीम एक्शन इंडिया**

**जगदलपुर:** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में मुठभेड़ में सुरक्षा बल ने दो नक्सलियों को ढेर कर दिया। मारे गए नक्सलियों की पहचान आठ लाख रुपये की इनामी डिविजनल कमेटी सदस्य 36 वर्षीय मनीला पदम और 2007 में दंतेवाड़ा जेल ब्रेक के आरोपित एक लाख के इनामी नक्सली गुजाकोंटा मिलिशिया कमांडर 40 वर्षीय मंगलू कुड़ियम के रूप में की गई है।

**सुबह लगभग सात बजे नक्सलियों से मुठभेड़ हुई:** बीजापुर के एसपी जितेन्द्र यादव ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि कोरंजेड़ के जंगलों में मद्देड़ एरिया कमेटी एसीएम बुचन्ना, विश्वनाथ, बामन व अन्य 15-20 सशस्त्र नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर डीआरजी बीजापुर की टीम अभियान पर निकली थी। अभियान के दौरान बुधवार की सुबह लगभग सात बजे नक्सलियों से मुठभेड़ हुई।

**भारी मात्रा में दवाइयां व विस्फोटक बरामद:** घटनास्थल से दोनों नक्सलियों के शव के साथ 7.66 एमएम का एक पिस्टल व 12 बोर बंदूक, 30 हजार रुपये नकद व अन्य सामान पुलिस को मिले हैं। वहीं, सुकमा जिले के केरलापाल थाना क्षेत्र के सिमले व गोगुड़ा क्षेत्र से नक्सलियों के दरभा डिविजन की मेडिकल प्रभारी व नक्सलियों की डॉक्टर बारसे मुये को पुलिस ने पकड़ा है।

### 'क्या मोदी कानून और नियमों के दायरे में नहीं आते?'

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल:** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ध्यान कक्ष की तस्वीरों पर सवाल उठाते हुए पूछा कि क्या प्रधानमंत्री मोदी कानून और नियमों से नहीं चलते हैं। सिंह ने आगे प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) से इस मुद्दे पर जवाब देने को कहा है। कपिल नामक एक एक्स यूजर की पोस्ट को उद्धृत करते हुए एक्स पर पोस्ट किया, इस बात को इंगित करने के लिए धन्यवाद।



बंगाल में वोट डालने जाती हुई दिव्यांग मतदाता।

### हरिद्वार-ऋषिकेश से दोबारा शुरू हुआ ऑफलाइन पंजीकरण

**टीम एक्शन इंडिया**

**हरिद्वार:** चारधाम यात्रा के लिए शनिवार सुबह सात बजे दोबारा ऑफलाइन पंजीकरण शुरू हो गया। स्लॉट फुल होने के चलते दोपहर 12:10 पर बंद कर दिया गया। बड़ी संख्या में अपनी बारी का इंतजार कर रहे श्रद्धालुओं ने शासन प्रशासन को कोसा। चारों धाम के लिए कुल छह हजार यात्रियों का रजिस्ट्रेशन लक्ष्य पूरा होते ही रजिस्ट्रेशन बंद कर दिया गया। ऋषिकुल मैदान पहुंचकर चारधाम यात्रा के लिए ऑफलाइन पंजीकरण के लिए की गई तैयारियों का निरीक्षण किया।

## आईआईएम में दो दिवसीय चिंतन शिविर का शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुर:** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रायपुर स्थित भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) में आयोजित दो दिवसीय चिंतन शिविर का शुभारंभ किया। चिंतन शिविर में सीएम साय सहित उप मुख्यमंत्री अरुण साव एवं विजय शर्मा तथा मंत्रिमंडल के अन्य सहयोगी हिस्सा ले रहे हैं। प्रथम सत्र को नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने संबोधित किया। अपने संबोधन में सुब्रमण्यम ने विकसित भारत की संकल्पना और इसे प्राप्त करने की रणनीति के संबंध में विस्तार से अपनी बातें साझा की। उन्होंने कहा कि बीते दस सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से आगे बढ़ा है और दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में अपनी जगह बनाने में सफल रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने विकसित भारत 2047 बनाने का संकल्प लिया है और इसे पूरा करने की रणनीति बनाई गई है। सुब्रमण्यम ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी स्केल, स्पीड और इनोवेशन पर जोर देते हैं। बदलते अंतराष्ट्रीय परिदृश्य और समय को देखते हुए विकसित भारत का विजन तैयार किया गया है ताकि भारत अपनी विशिष्ट जगह बना सकें। उन्होंने कहा कि अब दुनिया की निगाहें ग्लोबल साउथ पर हैं। अब नजरिया पश्चिम से पूर्व की ओर देखने का है और भारत इन संभावनाओं को पूरा करने के लिए सक्षम है।



**शिविर**

**शिविर में सीएम सहित उप मुख्यमंत्री साव एवं विजय शर्मा तथा मंत्रिमंडल के अन्य सहयोगी हिस्सा ले रहे**

## मानसून के जल्द दस्तक देने से केरल में मची तबाही



**टीम एक्शन इंडिया**

**एनार्कुलम:** केरल में दक्षिण-पश्चिम मानसून के जल्द दस्तक देने के दो दिन बाद राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश हुई। भारी बारिश के प्रभाव से इलाकों में भूस्खलन और जलभड़ाव की समस्या उत्पन्न हो गई। कोट्टायम, इडुक्की और एनार्कुलम के कुछ इलाकों में शुक्रवार रात से ही भारी बारिश जारी है। शुक्रवार की रात पहाड़ी जिले इडुक्की के अंदरूनी इलाकों में स्थित पूचपरा और कोलप्परा इलाकों में भूस्खलन के कारण कई मकान और वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। हालांकि, किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। भूस्खलन के संभावित खतरे के कारण थोडुपुझा-पुलियानमाला राज्य राजमार्ग पर यातायात प्रतिबंध लगा दिया गया है। भूस्खलन के कारण संभावित खतरे को देखते हुए थोडुपुझा-पुलियानमाला राज्य राजमार्ग पर यातायात प्रतिबंध लगा दिया गया है। इडुक्की में मलंकारा बांध के पांच द्वार खोले जाने के बाद थोडुपुझा और मुवत्तुपुझा नदियों के किनारे रहने वालों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई। कोट्टायम जिले के विभिन्न इलाकों में भारी बारिश के मद्देनजर मीनाचल और मणिमाला नदियों के पास रहने वाले लोगों को भी सतर्क रहने के लिए कहा गया है। शुक्रवार की शाम लगातार बारिश होने के कारण कोट्टायम के कई इलाकों में जलभराव हो गया।

**जलभराव**

**भारी बारिश के प्रभाव से इलाकों में भूस्खलन और जलभड़ाव की समस्या उत्पन्न हो गई**

## बिना धर्म बदले हिंदू लड़की की मुस्लिम लड़के से शादी अवैध: हाईकोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**

**जबलपुर:** मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने मुस्लिम युवक और हिंदू लड़की की शादी से जुड़े मामले में एक अहम फैसला सुनाया है। दोनों ने कोर्ट में धर्म बदले बिना शादी को रजिस्टर करने और पुलिस सुरक्षा देने की मांग की। जिस पर हाईकोर्ट ने इस मामले में मुस्लिम पर्सनल एक्ट का हवाला देते हुए बिना धर्मांतरण के शादी को अवैध करार दिया। साथ ही सुरक्षा देने से भी इनकार कर दिया। हाईकोर्ट ने कहा कि मुस्लिम लड़के और हिंदू लड़की के बीच विवाह, मुस्लिम कानून के अनुसार वैध विवाह नहीं है। इस मत के साथ कोर्ट ने विशेष विवाह अधिनियम, 1954 के तहत अंतर-धार्मिक विवाह को पंजीकृत करने के लिए पुलिस सुरक्षा की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया। जस्टिस गुरपाल सिंह अहलूवालिया ने कहा कि मुस्लिम लड़के और हिंदू लड़की के बीच विवाह को मुस्लिम पर्सनल लॉ के तहत अनियमित विवाह माना जाएगा, भले ही उन्होंने विशेष विवाह अधिनियम के तहत विवाह किया हो।

कोर्ट ने कहा कि "मुस्लिम कानून के अनुसार, किसी मुस्लिम लड़के का किसी ऐसी लड़की से विवाह वैध विवाह नहीं है, जो मूर्तिपूजक या अग्निपूजक हो।



**टिप्पणी**

**दोनों ने कोर्ट में धर्म बदले बिना शादी को रजिस्टर करने और पुलिस सुरक्षा देने की मांग की**

## सैनिक के लापता होने के दिन से मृत मानकर दें फैमिली पेंशन

**टीम एक्शन इंडिया**

**इंदौर:** सेना के जवान देश के लिए जीते हैं और देश के लिए ही मरते हैं। दुर्भाग्य से जब कोई सैनिक अचानक लापता हो जाता है तो उसके स्वजन के प्रति सेना का व्यवहार बदल जाता है। लापता सैनिक के परिवार की मदद के बजाय सेना उनसे अपेक्षा करती है कि वे न्यायालय के माध्यम से सैनिक की मृत्यु की घोषणा कराएं। शोक संतप्त परिवार के सामने कठिनाई यह है कि सैनिक की पेंशन और अन्य सेवानिवृत्ति भत्ते जारी करने से भी इनकार कर दिया जाता है। सैनिक के गौरव और स्वाभिमान को देखते हुए अब इन घिसे-पिटे नियमों को खत्म करने की आवश्यकता है। इस तल्ख टिप्पणी के साथ मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने लापता सैनिक के परिवार के पक्ष में फैसला सुनाया।

कोर्ट ने कहा कि रिकॉर्ड में जिस दिन से सैनिक गायब होना दर्ज है, उसे उसी दिन मृत मानकर सैनिक के परिवार को पारिवारिक पेंशन और अन्य लाभ दिए जाएं।

**दो टूक** विधायक टिंगरे पर बेबुनियाद आरोप लगाए जा रहे हैं। टिंगरे पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) से हैं।

## पोर्श कांड: पुलिस आयुक्त को मैंने कोई फोन नहीं किया- अजित

**टीम एक्शन इंडिया**

**पुणे:** देश में इन दिनों पुणे में हुए सड़क हादसे की चर्चा हो रही है। तेज रफ्तार लग्जरी कार ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी थी, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई थी। कार एक 17 साल का रईसजादा चला रहा था, जो शराब के नशे में धुत था। वहीं, इस मामले में विधायक सुनील टिंगरे की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। उन पर दुर्घटना के बाद यरवदा पुलिस स्टेशन जाने और अधिकारियों पर मामले में नरम रुख अपनाने का दबाव बनाने का आरोप है। हालांकि अब टिंगरे के बचाव में उपमुख्यमंत्री अजित पवार आ गए हैं। उन्होंने कहा कि विधायक टिंगरे पर बेबुनियाद आरोप लगाए जा रहे हैं। टिंगरे पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) से हैं। वह पुणे शहर में वडगांव शेरी विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। इससे पहले आरोप लगे थे कि टिंगरे ने यह सुनिश्चित करने के लिए हस्तक्षेप किया था कि पुलिस किशोर से बुरा बर्ताव न करें। अजित पवार ने कहा कि घटना के तुरंत बाद जांच शुरू हो गई थी। गृह मंत्री और सीएम शिंदे ने भी सुनिश्चित किया कि जांच सही तरीके से हो। उन्होंने आगे कहा, 'मैंने इस मामले के संबंध में पुणे सीपी को कोई फोन नहीं किया। हमारे विधायक टिंगरे ने इस संबंध में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्हें हाई शुगर है और अभी अस्वस्थ है। यही वजह है कि वह जनता के सामने नहीं आ रहे हैं। मैंने उनसे संपर्क किया और उन्होंने मुझे बताया कि वह किसी भी तरह की जांच के लिए तैयार हैं और वह गलत नहीं हैं।' पोर्श कांड में टिंगरे का नाम सामने आने के बारे में पूछे जाने पर अजित पवार ने कहा, 'सुनील टिंगरे उस क्षेत्र के विधायक हैं, जहां घटना हुई। जब भी ऐसी घटनाएं होती हैं स्थानीय विधायक अक्सर घटनास्थल का दौरा करते हैं। सवाल है कि क्या सुनील टिंगरे ने मामले को दबाने की कोशिश की, तो ऐसा नहीं है। उनके खिलाफ लगाए गए आरोप निराधार हैं।'

यह पूछे जाने पर कि क्या उन्होंने इस घटना के बाद पुणे के पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार को फोन किया था, पवार ने कहा, 'मैं कई बार पुलिस आयुक्त को कई मुद्दों पर फोन करता हूं, लेकिन मैंने इस मामले में उन्हें एक भी फोन नहीं किया है।'



**स्पष्ट किया**

**तेज रफ्तार लग्जरी कार ने एक बाईक को टक्कर मार दी थी, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई थी**

## यूपी: अब बीज खरीदते समय ही किसानों को मिलेगा अनुदान

**टीम एक्शन इंडिया**

**मीरजापुर:** किसानों को बीज की सब्सिडी के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा। बीज खरीदते समय ही किसानों को अनुदान मिलेगा। जिला कृषि अधिकारी अवधेश कुमार यादव ने बताया कि वित्तीय वर्ष खरीफ 2024 से शासन ने नई व्यवस्था लागू किया है। किसानों को राजकीय बीज गोदामों से मनपसंद बीज पीओएस मशीन से अनुदानित दर पर खरीद सकते हैं। वर्तमान में किसान को प्रति क्विंटल मूल्य के सापेक्ष अनुदान की धनराशि को काटकर सिर्फ किसान को अपना अंश ही जमा करना पड़ेगा। वर्तमान में खरीफ सीजन में धान का कुल आवंटन 865 क्विंटल है, इसके सापेक्ष 625.80 क्विंटल धान का बीज प्राप्त हो चुका है। किसान राजकीय बीज गोदाम सिटी, गैपुरा, चील्ह, कछवां, पहाड़ी, लालगंज, हलिया, पटेहरा कला, राजगढ़, सीखड़, बरेवां, जमालपुर में प्राप्त कर सकते हैं।

**मानक के अनुरूप किया जा रहा बीज वितरण:** किसानों को मानक के अनुरूप धान एमटीयू 7029, नाटी मंसूरी, स्वर्णा सब एक, सिआट्स, बीपीटी 5204, एचयूआर 917, सिआट्स और सीओ 51 बीज वितरण किया जा रहा है।



**राहत**

**किसानों को राजकीय बीज गोदामों से मनपसंद बीज पीओएस मशीन से अनुदानित दर पर खरीद सकते हैं**

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group